
दिल्ली के एलजी शाहदरा में लोगों की समस्या से अवगत होते हु।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 09 अंक: 65 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## अपहरण मामले में धनंजय सिंह समेत दो को सात-सात साल की सजा, नहीं लड़ पाएंगे लोकसभा चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**जौनपुर:** नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव सिंघल के अपहरण, रंगदारी मांगने, धमकाने और आपराधिक साजिश के मामले में एडीजे चतुर्थ/विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) शरद कुमार त्रिपाठी की अदालत ने बुधवार को पूर्व सांसद धनंजय सिंह और उसके सहयोगी संतोष विक्रम सिंह को सात-सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर डेढ़-डेढ़ लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में अभियुक्तगण द्वारा जेल में बिताई गई अवधि सजा की अवधि में समायोजित की जाएगी। अदलत के आदेश से दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया। इसके साथ ही यह भी तय हो गया कि अब धनंजय सिंह लोकसभा और विधानसभा चुनाव नहीं लड़ पाएगा। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले में यह सिद्ध हुआ है कि अभियुक्तगण द्वारा वादी मुकदमा को उसके कार्यक्षेत्र से जबरन अपने घर बुलवाकर पिस्तौल दिखाकर उसे व उसकी कंपनी के लोगों को डराया व धमकाया गया। उन पर यह दबाव डाला गया कि नमामि गंगे परियोजना में मात्र और मात्र अभियुक्तगण का ही गिट्टी व बालू प्रयोग किया जाए। अन्यथा की स्थिति में वादी व उसकी कंपनी के लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। मगर, मामले को देखने से यह स्पष्ट है कि अभियुक्तगण के द्वारा समर्थ व सक्षम होने के बावजूद भी वादी को घटना के समय व उसके पश्चात किसी तरह की कोई भी शारीरिक हानि नहीं पहुंचाई गई। अभियुक्त धनंजय सिंह जनप्रतिनिधि भी है और दूसरा अभियुक्त संतोष विक्रम सिंह उसका सहयोगी है। अभियुकगण के खिलाफ दर्ज अधिकांश मुकदमे दोषमुक्ति, उन्मोचन, फाइनल रिपोर्ट या सरकार द्वारा वापस लिए जाने के आधार पर समाप्त हो चुके हैं। इस न्यायालय के समक्ष भी बुलाए जाने पर अभियुक्तगण ट्रायल के दौरान हाजिर होते रहे हैं।


**हाईकोर्ट में करेंगे अपील: धनंजय सिंह:** अदालत ने कहा कि अभियुक्तगण को अपहरण, रंगदारी मांगने, अपमानित करने, धमकाने और आपराधिक साजिश के तहत दोषसिद्ध किया गया है। मामले को देखने से निश्चित तौर पर स्पष्ट है कि अभियुक्तगण के द्वारा वादी मुकदमा को अपने साथ जबरन ऐसे ले जाया गया था कि वह हत्या होने के खतरे में पड़ गया था। मगर, वादी को मामले में किसी तरह की कोई भी शारीरिक चोट नहीं आयी है। अभियुक्त धनंजय जनप्रतिनिधि है। विधि का यह नियम है कि अपराधी को अपराध के अनुपात के अनुसार दंडित किया जाए। पूर्व सांसद धनंजय सिंह पर अपहरण के मामले में धारा 364 के तहत 50 हजार व रंगदारी के मामले में धारा 386 के तहत 25 हजार का अर्थदंड लगा है।

### आदर्श विचार



"मनुष्य को जीवन की चुनौतियों से भागना नहीं चाहिए।"
-भागवद्

### मन की बात



"सत्य को हजार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
-स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख





## 'संदेशखाली: टीएमसी आरोपी को बचा रही'

### कहा- चिंता ना करें, हम आपका ध्यान रखेंगे, संदेशखाली: मोदी पीड़ित महिलाओं से मिले

**दुख में साथ**

8 महिलाओं ने उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद पीएम ने कहा- चिंता ना करें, हम आपका ध्यान रखेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बुधवार को पश्चिम बंगाल के बारासात में संदेशखाली की पीड़ित आदिवासी महिलाओं से मिले। बीजेपी सूत्रों के हवाले से बताया- महिलाओं ने उन्हें अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद पीएम ने कहा- चिंता ना करें, हम आपका ध्यान रखेंगे। प्रोटोकॉल की वजह से कुछ बसें समय से बारासात नहीं पहुंच सकीं। इससे पहले प्रधानमंत्री ने कोलकाता में देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो टनल समेत 15 हजार 400 करोड़ की योजनाओं का इनॉगरेशन किया। इसके बाद वे नॉर्थ 24 परगना जिले के बारासात में भाजपा की नारी शक्ति अभिनंदन रैली में शामिल हुए। रैली में 85 किलोमीटर दूर से संदेशखाली की महिलाएं भी शामिल होने पहुंची थीं। पीएम ने यहां 38 मिनट का भाषण दिया, जिसमें इंडिया गठबंधन, पश्चिम बंगाल सरकार, संदेशखाली और केंद्र सरकार की योजनाओं पर बोले। पीएम ने कहा- इंडी गठबंधन के भ्रष्टाचारी लोग आजकल मेरे परिवार के बारे में पूछ रहे हैं। ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खुद का परिवार ही नहीं हैं, इसलिए मैं परिवारवाद के खिलाफ बात करता हूं। पीएम ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्य में लागू नहीं होने देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा- महिला सुरक्षा, बेटी बचाओ-बेटी बढ़ाओ, उज्ज्वला योजना, सस्ते सिलेंडर की योजना भी नहीं लागू हुई। आखिर में पीएम ने संदेशखाली का जिक्र किया। उन्होंने कहा- संदेशखाली में गरीब आदिवासी बहनों पर अत्याचार हो रहा है। बंगाल सरकार अत्याचारियों को बचाने के लिए पूरी ताकत से लगी है, लेकिन संदेशखाली की महिलाओं का गुस्सा ज्वार बन चुका है। टीएमसी के माफिया राज को ध्वस्त करने के लिए बंगाल की नारी शक्ति निकल चुकी है। संदेशखाली की महिलाओं ने टीएमसी के नेता शाहजहां शेख पर रेप और जमीन हड़पने का आरोप लगाया है। हाईकोर्ट की फटकार के बाद पुलिस ने शाहजहां शेख को 29 फरवरी को गिरफ्तार किया था। हालांकि शेख की गिरफ्तारी ईडी की टीम पर 5 जनवरी को छापेमारी के दौरान जानलेवा हमले को लेकर हुई है।

### 'बंगाल में 16 लाख से ज्यादा बहनें लखपती दीदी बन चुकी हैं'

**बंगाल** में 16 लाख से ज्यादा बहनें लखपती दीदी बन चुकी हैं। मुद्रा योजना से बिना गारंटी का कर्ज लेकर अपना बिजनेस शुरू करने वाली माताएं-बहनें हैं। सवा लाख करोड़ से ज्यादा पैसे बंगाल की बहनों को मिले हैं। पीएम किसान सम्मान निधि से भी देश की लगभग 3 करोड़ महिला किसानों को पहली बार पैसा मिला है।

### 'टीएमसी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ लागू नहीं किया'

**पीएम** ने कहा कि यहां टीएमसी सरकार ने कभी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ लागू नहीं होने दिया। उज्ज्वला योजना, सस्ते सिलेंडर की योजना भी नहीं लागू हुई। 14 लाख से ज्यादा एप्लीकेशन यहां की सरकार के पास पेंडिंग पड़ी हैं। भाजपा सरकार बहन-बेटियों की छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने में जुटी हुई है। हमने अभियान चलाए, योजनाएं बनाईं। सस्ते सेनेटरी पैड बनाने की योजना लाए। हमने मुफ्त टीकाकरण और गर्भवती को 5 हजार रुपए की मदद देने की योजना बनाई। आशा और आंगनवाली कार्यकर्ताओं को 5 लाख की बीमा योजना का फैसला लिया। हर जगह बेटियों के लिए टॉयलट का निर्माण किया।

### नारी शक्ति को अवसर देना जरूरी: पीएम

**भारत** को विकसित बनाने के लिए नारी शक्ति को ज्यादा से ज्यादा अवसर देना जरूरी है। भाजपा सरकार के चलते आज हर सेक्टर में महिलाओं के लिए नए रास्ते बन रहे हैं। जहां जहां इंडी गठबंधन वालों की सरकार है, वहां महिलाओं पर उतना ही अत्याचार है। **टीएमसी लेफ्ट और कांग्रेस कट्टरपंथियों के साथ:** आज देश की पहली नागरिक हमारी राष्ट्रपतिजी आदिवासी समाज में पैदा हुई एक बेटी हैं। लोकसभा में महिलाओं को आरक्षण की गारंटी दी थी, पूरी हो चुकी। मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति की गारंटी दी थी, वो भी पूरी हुई।

## कोलकाता में पानी से 13 मीटर नीचे चलेगी मेट्रो



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** पीएम नरेंद्र मोदी ने 15, 400 करोड़ रुपये की कई कनेक्टिविटी परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। वो मंगलवार (5 मार्च) कोलकाता पहुंचे। पांच दिनों के भीतर पश्चिम बंगाल में पीएम मोदी का यह दूसरा दौरा है।

**अंडरवाटर मेट्रो को पीएम ने दिखाई हरी झंडी:** पीएम ने कोलकाता में देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने मेट्रो में बैठकर सफर किया। मेट्रो में उन्होंने कई छात्रों से बातचीत की। इसके अलावा पीएम मोदी ने ट्रेन में यात्रा करते हुए मेट्रो कर्मचारियों के साथ बातचीत भी की। ट्रेन में पीएम मोदी के साथ बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और डब्ल्यूबी एलओपी और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। मेट्रो में सफर करने के बाद पीएम मोदी कोलकाता में एस्प्लेनेड मेट्रो स्टेशन पहुंचे। वहां पर बड़ी तादाद में लोगों ने उनका स्वागत किया। यहां पर लोगों ने मोदी-मोदी के नारे भी लगाए। पीएम मोदी कोलकाता पहुंचने के बाद सीधे दक्षिण कोलकाता के स्थित शिशु मंगल अस्पताल पहुंचे जहां पिछले कई दिनों से रामकृष्ण मिशन एवं मठ के अध्यक्ष स्वामी स्मरणानंद जी महाराज भर्ती हैं।

**उद्घाटन**

8 पीएम नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में देश की पहली अंडरवाटर मेट्रो का उद्घाटन किया

## अमृतपाल के सहयोगी की बिगड़ी तबीयत

**टीम एक्शन इंडिया**
**डिब्रूगढ़:** खालिस्तान समर्थक व अलगाववादी अमृतपाल सिंह के प्रमुख सहयोगी कुलवंत सिंह धालीवाल को मिर्गी के कारण हुई स्वास्थ्य समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, मिर्गी से उत्पन्न जटिलताओं के कारण उन्हें मंगलवार रात करीब 10 बजे डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (एएमसीएच) में भर्ती कराया गया था।

## देश में एक साथ चुनाव कराने की तैयारी




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** एक साथ चुनाव पर विधि आयोग अगले सप्ताह अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप सकता है। आयोग एक राष्ट्र, एक चुनाव पर संविधान में एक नया अध्याय जोड़ने और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों का एक साथ चुनाव 2029 के मध्य तक पूरे देश में कराने की सिफारिश कर सकता है।

**रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता में गठित किया गया आयोग:** सूत्रों के अनुसार, जस्टिस (सेवानिवृत्त) रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता में गठित आयोग एक साथ चुनावों पर नया अध्याय जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में "तीन चरणों" में विधान सभाओं का कार्यकाल पूरा करने की भी सिफारिश करेगा, ताकि 19वीं लोकसभा के साथ मई-जून 2029 में एक साथ चुनाव हो सके।

**विधि आयोग अपनी रिपोर्ट में करेगा ये सिफारिशें:** विधि आयोग जो सिफारिश अपनी रिपोर्ट में करने जा रहा है, उसमें यह कहा गया है कि अगर कोई सरकार अविश्वास प्रस्ताव पास होने के कारण गिर जाती है या आम चुनाव में सदन त्रिशंकु जनादेश आता है तो ऐसी स्थिति में विभिन्न राजनीतिक दल मिली-जुली साझा सरकार के गठन पर विचार करें। साझा सरकार न बनने की स्थिति में बचे हुए कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराए जाएं।

**तैयारी**

8 विधि आयोग अगले पांच वर्षों में तीन चरणों में विधान सभाओं का कार्यकाल पूरा करने की भी सिफारिश करेगा

## मणिपुर में अवैध निवासियों पर लगेगी लगाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंफाल:** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि वह राज्य में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने के लिए केंद्र को सिफारिश भेजेंगे क्योंकि उनकी सरकार इसे अकेले नहीं कर सकती। सीएम बीरेन सिंह ने एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, "राज्य इसे (एनआरसी) लागू नहीं कर सकता।

## इंडिया ब्लॉक के बीच सीट बंटवारा फाइनल: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** महासचिव जयराम रमेश ने मंगलवार 5 मार्च को कहा कि कांग्रेस ने इंडिया ब्लॉक के अन्य सभी दलों के साथ अपने सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया है। हालांकि, पश्चिम बंगाल को लेकर कोई फैसला नहीं हो पाया। ममता बनर्जी ने यहां गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने की घोषणा की है। मध्य प्रदेश के शाजापुर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच जयराम रमेश ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। हालांकि, किस राज्य में कौन सी पार्टी कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी रमेश ने इसकी जानकारी नहीं दी। उधर, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता नसीर आलम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में इंडिया ब्लॉक के बीच सीट शेयरिंग पर मुहर लग गई है। नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर की 3 लोकसभा सीटों पर लड़ेगी, जबकि कांग्रेस जम्मू, उधमपुर और लद्दाख सीट से अपने कैंडिडेट उतारेगी। महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीडीपी राज्य में अकेले चुनाव लड़ेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के संपर्क में है? जयराम रमेश ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि कोई बीच का रास्ता निकाला जाएगा और वे पूरी कोशिश कर रहे हैं।



**स्पष्ट हुआ**

8 ममता बनर्जी ने यहां गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने की घोषणा की: जयराम रमेश

## जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में बाघ सफारी पर लगा बैन



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को उत्तराखंड के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में बाघ सफारी पर बैन लगा दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह साफ है कि राष्ट्रीय वन्यजीव संरक्षण योजना संरक्षित इलाकों से परे वन्यजीव संरक्षण की जरूरत को पहचानती है। आदेश के बाद, अब केवल जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के परिधीय और बफर जोन में बाघ सफारी की छूट दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने कॉर्बेट में अवैध निर्माण, पेड़ों की कटाई की अनुमति देने के लिए उत्तराखंड के पूर्व वन मंत्री रावत, पूर्व प्रभागीय वन अधिकारी को फटकार लगाई।

**कॉर्बेट में अवैध निर्माण, पेड़ों की कटाई:** सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि नौकरशाहों, राजनेताओं ने सार्वजनिक विश्वास सिद्धांत को कचरे में फेंक दिया है।

## भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाएंगे : राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**
कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ठोस योजना तैयार कर रही है। राहुल ने उत्तर प्रदेश में हुई पेपर लीक की हालिया घटनाओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा। राहुल ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, पेपर लीक उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश भर के युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। पिछले सात वर्षों में 70 से अधिक पेपर लीक के मामलों ने दो करोड़ से अधिक छात्रों का सपना तोड़ा है। लापरवाह सरकार, भ्रष्ट अधिकारी, नकल माफिया और निजी प्रिंटिंग प्रेसों के आपराधिक गठजोड़ को खत्म कर हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, "जब मैंने छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि पेपर लीक की तीन मुख्य वजह हैं। बिका हुआ सरकारी तंत्र, निजी प्रिंटिंग प्रेस और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके अधीनस्थ सेवा चयन आयोग।



**कार्रवाई**

8 पेपर लीक उत्तर प्रदेश ही नहीं, देश भर के युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है: राहुल गांधी

**विकास कार्य**

### मुख्यमंत्री ने हमीरपुर में 77 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण किए

## भाजपा ने संवैधानिक मर्यादाएं लांघी: मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू

**विवेकानंद वशिष्ठ**
**हमीरपुर:** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर के बस अड्डे की आधारशिला रखने के उपरान्त पक्का भरो में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमीरपुर बस अड्डे का कार्य लगभग 15 वर्षों से लम्बित था। इस अड्डे से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया और 65 करोड़ रुपये से इसका निर्माण कार्य डेढ़ वर्ष में पूरा कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जिले के विधायकों के साथ विकासात्मक परियोजनाओं पर कार्य कर रहे थे। उन्होंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि इन्हीं में से कुछ लोग अचानक सरकार के खिलाफ हो जाएंगे। इन लोगों ने सिर्फ सरकार या पार्टी से ही नहीं, बल्कि अपने विधानसभा क्षेत्रों के लोगों के साथ भी धोखा किया है। विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विपक्ष के रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा नेता नहीं चाहते थे कि बजट पारित हो और इसके लिए वे कई अलोकतांत्रिक हथकंडे अपना रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने 5 वर्ष के लिए सरकार चुनी है और उनकी सरकार पूरे 5 साल तक जनता की सेवा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकट आर्थिक स्थिति के बावजूद प्रदेश सरकार ने 14 महीने के कार्यकाल के दौरान कई जन हितैषी निर्णय लिए हैं जिससे साबित होता है कि प्रदेश सरकार आम जन की सरकार है। प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता अपना कर कार्य कर रही है। सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाकर राजस्व में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि विकट वित्तीय बाधाओं के बावजूद प्रदेश सरकार ने 15 माह के भीतर अपनी पांच गारंटियां पूरी कर ली हैं। इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत आगामी वित्त वर्ष से सभी पात्र महिलाओं को 1500 रुपये प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे। प्रदेश सरकार के कर्मचारियों के हित में लिए गए पुरानी पेंशन बहाली के कारण केंद्र की ओर से कई आर्थिक प्रतिबन्ध लगाए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गाय के दूध के न्यूनतम समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 45 रुपये प्रति लीटर और भैंस के दूध के समर्थन मूल्य को बढ़ाकर 55 रुपये प्रति लीटर कर किसानों और पशु पालकों को लाभान्वित करने का निर्णय लिया है। सरकार ने प्रदेश के हजारों आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए राहत मैनुअल में बहुत बड़ा बदलाव करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इस अवसर पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री को मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए श्री नैना देवी मंदिर न्यास की ओर से एक करोड़ रुपये का चेक और बाबा बालक नाथ मंदिर शाहतलाई न्यास की ओर से 50 लाख रुपये का चेक भेंट किया।



**साधा निशाना**

8 प्रदेश सरकार ने 14 महीने के कार्यकाल के दौरान कई जन हितैषी निर्णय लिए हैं: सीएम

## 'मतांतरण मामले की सुनवाई में रोड़े अटका रहा कलीम'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि सामूहिक मतांतरण मामले की सुनवाई में मौलवी मौलाना कलीम सिद्दीकी रोड़े अटका रहा है। सिद्दीकी पर राज्य के आतंकवाद निरोधी दस्ते ने देश भर में मतांतरण सिंडिकेट चलाने का आरोप लगाया है।

**'ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे सिद्दीकी':** जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की पीठ को अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) गरिमा प्रसाद ने बताया कि सिद्दीकी और मामले के अन्य आरोपित ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे हैं। आरोपों से इनकार करते हुए सिद्दीकी की ओर से पेश वकील ने कहा कि पिछले एक साल में मुकदमे के दौरान 11 गवाहों से पूछताछ की जा चुकी है। एएजी ने पीठ से तीन आरोपितों की जमानत रद करने का अनुरोध किया।

**पीठ ने हलफनामा दायर करने की दी अनुमति:** पीठ ने राज्य सरकार को 19 मार्च तक मामले में हलफनामा दायर करने की अनुमति दी। मामले की अगली सुनवाई दो अप्रैल को होगी।

पर्यटन मंत्रालय
भारत सरकार

# पर्यटन के माध्यम से परिवर्तन
# मोदी सरकार की गारंटी



## 1400 करोड़ से ज्यादा की पर्यटन परियोजनाओं की सौगात

6 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन से जुड़े
09 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन

21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में पर्यटन से जुड़े
43 विकास परियोजनाओं को लॉन्च किया जाएगा

### परियोजनाओं के फायदे

- तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक पर्यटन अनुभव को बढ़ाना
- तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सुरक्षा को मजबूत करना
- पर्यटक गाइडों, स्मारिका दुकान मालिकों, हस्तशिल्प कारीगरों, टैक्सी ड्राइवरों और अन्य स्थानीय व्यवसायों के लिए रोजगार और उद्यमिता के अवसर पैदा करना
- गंतव्यों पर स्थानीय समुदाय के जीवन को आसान बनाना
- स्थानीय युवाओं का कौशल विकास
- स्थानीय सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण

भारतीय प्रवासियों को अतुल्य भारत के राजदूत बनने में सक्षम बनाने के लिए 'चलो इंडिया' वैश्विक प्रवासी अभियान का शुभारंभ

'देखो अपना देश पीपुल्स चॉइस 2024' का शुभारंभ - भारत में सबसे पसंदीदा पर्यटक आकर्षणों की पहचान करने के लिए एक पर्यटन स्थल सर्वेक्षण।


चुनौती आधारित गंतव्य विकास योजना के तहत चयनित 42 गंतव्यों का अनावरण

द्वारा

## श्री नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री


श्रीनगर 07 मार्च 2024, दोपहर 12 बजे


चमचमाती रोशनी में हजरतबल तीर्थस्थल, श्रीनगर


कैफेटेरिया, मावकोंच, मेघालय


तीर्थयात्री सुविधा केंद्र, जोगुलाम्बा देवी, तेलंगाना


गांधी थीम पार्क, चंद्रहिया, बिहार


घाट पुनर्विकास, अमरकंटक, मध्य प्रदेश


मेहंदीपुर बालाजी राजस्थान, तीर्थ विश्राम क्षेत्र


सड़क किनारे सुविधाएं, जलेबी बांका

cbc 42101/13/0013/2324

डीडी पर सीधा प्रसारण DD NEWS

हरियाणा सरकार



“ केंद्र और राज्य में डबल इंजन सरकार की ताकत हरियाणा को तेज़ी से आगे बढ़ा रही है। कोई भी सेक्टर हो, जैसे ही उसमें सामूहिक शक्ति जुटती है, सबका प्रयास नजर आने लगता है, तो परिवर्तन की गति भी बढ़ जाती है। ”

– नरेन्द्र मोदी

# हरियाणा की जनता को ₹3600 करोड़ से अधिक की 679 परियोजनाओं की सौगात

## श्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री, हरियाणा
वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे

**₹3600 करोड़ से अधिक** की लागत से **679** नई परियोजनाएं

**उद्घाटन**
लागत ₹938 करोड़
परियोजनाएं 392

**शिलान्यास**
लागत ₹2688 करोड़
परियोजनाएं 287

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

7 मार्च, 2024 | प्रात: 11:00 बजे
इन्द्रधनुष ऑडिटोरियम, सैक्टर 5, पंचकूला

**सुशासन ही आधार, डबल इंजन हरियाणा सरकार**

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## न्यूज फ्लैश

### महाशिवरात्रि पर डाक विभाग लगाएगा गंगाजल के स्टॉल

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** महा शिवरात्रि पर्व आ गया है। भोले के भक्त महा शिवरात्रि पर भोले का गंगाजल से अभिषेक करते हैं। जो लोग हरिद्वार नही जा सकते उनके लिए अबकी बार फिर से डाक विभाग द्वारा गंगाजल को स्टाल लगाए जायेंगे। लोग डाक विभाग द्वारा लगाए जा रहे इन स्टाल से गंगाजल लेकर भोले नाथ को चढ़ा सकते है। डाक विभाग द्वारा गंगाजल की बोतल मात्र 30 रुपए में दी जा रही है। डाक विभाग की इस स्कीम की लोग जमकर सराहना कर रहे है। 8 मार्च को महा शिवरात्रि पर्व पूरे देश में धूम धाम से मनाया जा रहा है। महा शिवरात्रि पर्व को लेकर भोले के भक्तों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। लोग भोले को मनाने के लिए हरिद्वार और ऋषिकेश से कांधे पर कांवड़ उठाए गंगाजल लेकर आ रहे है जिससे वो महा शिवरात्रि पर्व पर भोले का गंगाजल से जल अभिषेक करेंगे। बहुत से लोग हरिद्वार नही जा सकते और वो भोले नाथ को गंगाजल चढ़ाना चाहते है तो ऐसे लोगों के लिए डाक विभाग द्वारा गंगाजल बोतलों में भरकर लाया गया है और महा शिवरात्रि के दिन अंबाला के सभी बड़े शिव मंदिरों में स्टाल लगाकर गंगाजल वितरित किया जायेगा ! हालंकि अभी भी पोस्ट ऑफिस से भोले के भक्त गंगाजल खरीद सकते है ! जीपीओ अंबाला कैंट के प्रवर डाक पाल हरीश कुमार गुंबर ने ज्यादा जानकारी देते हुए बताया कि जीतने भी प्राचीन शिव मंदिर है वहां पर शिवरात्रि के दिन स्टाल लगाए जायेंगे ताकि जो भी भक्त गंगाजल लेना चाहे तो वहां से गंगाजल लेकर भोले को चढ़ा सके ! उन्होंने बताया कि इसके इलावा भी अगर कोई रिक्वायरमेंट आती है तो वहां भी गंगाजल भेजा जाएगा ! उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा ये बहुत अच्छी स्कीम चलाई गई है और हर घर तक गंगाजल पहुंचाया जा रहा है ! उन्होंने बताया कि लोगों में इसको लेकर काफी उत्साह है और अभी से लोग गंगाजल लेने आ रहे है ! उन्होंने बताया की गंगाजल की बोतल मात्र 30 रुपए में दी जा रही है और इसमें गंगाजल का मूल्य नहीं लगाया गया ये केवल बोतल की कीमत है।

### परेशान किसानों के साथ सरकार कर रही धोखाधड़ी: जयतीर्थ दहिया



**सोनीपत** : राई के पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जयतीर्थ दहिया ने कहा कि महंगाई व कुदरत की मार झेल रहे किसानों के साथ सरकार ने एक बार फिर धोखा किया है। ओलावृष्टि से तबाह हुए किसानों पर पोर्टल व 5 एकड़ की शर्त लगाकर सरकार ने अपनी किसान विरोधी नीति का एक बार फिर परिचय दिया है। राई क्षेत्र में आंकड़ों से कहीं ज्यादा नुक्सान हुआ है। पहले यमुना के उफान से राई क्षेत्र के किसान बर्बाद हुए तो अब ओलावृष्टि ने उनके अरमानों को कुचल दिया है। रही–सही कसर सरकार की उल जलूल शर्तों ने पूरी कर दी है। सरकार को इसका खामियाजा आने वाले चुनाव में भुगतना पड़ेगा। राई विधायक जयतीर्थ दहिया ने कहा कि हाल ही में ओलावृष्टि से किसानों की लगभग तैयार फसलें तबाह हो गई हैं। सरसों व सब्जियों की फसलें तो पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों की कई महीनों की मेहनत पर पानी फिर गया है। अब सरकार मुआवजा देने के लिए जो शर्तें लगा रही हैं, वे व्यवहारिक नहीं हैं और भोलेभाले किसानों के साथ सरासर धोखा है। मसलन, क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन की शर्त रखी गई है, लेकिन इस पोर्टल का हर समय सर्वर डाऊन रहता है। साथ ही बेतुकी शर्त यह भी है कि 5 एकड़ तक के नुक्सान का ही सरकार मुआवजा देगी। यानी 5 एकड़ से ज्यादा फसल जिस किसान की बर्बाद हुई है, उसे मुआवजा नहीं मिलेगा। इससे जाहिर है कि सरकार पूरी तरह से किसान विरोधी रवैया अपनाए हुआ है। सरकार को चाहिए था कि तुरंत गिरदावरी करवाकर 40 हजार से 50 हजार रुपए तक प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाना चाहिए। जैसा कि ये मांग पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी सरकार के सामने रख चुके हैं, लेकिन सरकार घंमड में है।

# यूनिसेफ इंडिया व आयुष्मान खुराना ने युवाओं को किया सम्मानित

**सम्मान**

**8 निजी एफएम स्टेशनों और सामुदायिक रेडियो के 22 रेडियो पेशेवरों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया गया।**



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** सामाजिक जागरूकता के लिए अग्रसर यूनिसेफ द्वारा यूनिसेफ इंडिया रेडियो-4 चाइल्ड अवाड्र्स के पांचवें संस्करण का आयोजन किया गया, जिसमें नियमित टीकाकरण, जलवायु परिवर्तन पर जागरूकता पैदा करने में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए ऑल इंडिया रेडियो, निजी एफएम स्टेशनों और सामुदायिक रेडियो के 22 रेडियो पेशेवरों के उत्कृष्ट योगदान को सम्मानित किया गया।

जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में हरदोई की एक लुप्त स्थानीय नीलम नदी को पुनर्जीवित करने के लिए रेडियो पर किए गए प्रसारण को लेकर हरदोई के "रेडियो जागो " सामुदायिक रेडियो स्टेशन की प्रोडक्शन डायरेक्टर अदिति गौड़ को क्लाइमेट चेंज वर्ग में सम्मानित किया गया। 2024 के पुरस्कार प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता और यूनिसेफ भारत के राष्ट्रीय राजदूत, आयुष्मान खुराना द्वारा प्रस्तुत किए गए, जिसमें बच्चों के अधिकारों को प्रभावित करने वाले तीन विषयों पर प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर आयुष्मान खुराना ने बताया कि एक आरजे के रूप में उनका करियर कैसे शुरू हुआ और उन्होंने कहा, ह्लमैंने बाल अधिकारों में गहराई से निवेश किया है, ऐसे अधिकार जो बच्चों को सुरक्षित वातावरण में जीवित रहने, पनपने और विकसित होने में मदद करते हैं, उन्हें सक्षम बनाते हैं। अपने जीवन में अपना सर्वश्रेष्ठ करने के लिए। आज, हम रेडियो पेशेवरों की प्रतिभा का जश्न मनाते हैं, जिनका काम लाखों लोगों तक महत्वपूर्ण संदेश पहुंचाता है जो बच्चों को उनकी आकांक्षाओं को साकार करने में मदद करते हैं। कहानीकार, शिक्षक और बदलाव लाने वाले के रूप में वे हमें याद दिलाते हैं कि रेडियो मनोरंजन से कहीं अधिक है, यह अच्छाई के लिए एक शक्तिशाली माध्यम है। रेडियो4 चाइल्ड अवाड्र्स 2024 में 20 राज्यों के 59 रेडियो पेशेवरों से 165 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं, जो बच्चों को प्रभावित करने वाले संदेशों को बढ़ाने में सामूहिक प्रयास को दर्शाती हैं। रेडियो 4 चाइल्ड एक जीवंत सार्वजनिक-निजी साझेदारी है, जो पूरे भारत से रेडियो पेशेवरों को एक साथ लाती है, साथ ही बाल अधिकारों पर रेडियो पेशेवरों की समझ को बढ़ाती है।

यूनिसेफ इंडिया के संचार, वकालत और भागीदारी प्रमुख, जाफरीन चौधरी ने रेडियो4चाइल्ड (आर4सी) साझेदारी और बाल अधिकारों को बढ़ावा देने में रेडियो पेशेवरों की प्रतिबद्धता और दिलचस्प काम के लिए यूनिसेफ की सराहना व्यक्त की।

ह्लअपने समृद्ध, 100 साल के इतिहास के आधार पर, भारत में रेडियो सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ सूचना और मनोरंजन के एक लोकप्रिय, किफायती और विश्वसनीय स्त्रोत के रूप में विकसित हो रहा है।

हम शुरूआती वर्षों से ही बच्चों के लिए टीकाकरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए साझेदारी पर भरोसा करते हैं। इस वर्ष, यूनिसेफ भारत में अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। आइए, हम सब मिलकर प्रत्येक बच्चे के बेहतर और उज्ज्वल भविष्य के लिए बदलाव लाने के लिए रेडियो की शक्ति का उपयोग करें।"इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार और एस एस डी एस के चेयरमैन आभा शंकर गोड, यूनिसेफ की सोनिया सरकार सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए आनेक गणमान्य लोग शामिल थे।

# बिन बरसात रेलवे अंडर ब्रिज पर फिर भरा पानी



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला सिटी रेलवे स्टेशन से मानव चौक जाने वाले अंडरपास में एक बार फिर से जलभराव हो गया। जिसके कारण आने-जाने वाले राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कुछ लोग तो पानी में से वाहन निकालने के प्रयास भी कर रहे थे लेकिन पानी ज्यादा होने के कारण स्कूटर एक्टिवा पानी के बीच में ही बंद हो गए। जिस कारण सर्दी के इस मौसम में लोगों को ज्यादा परेशान होना पड़ा। अंडरपास में पानी भरा होने के चलते लोगों ने प्रशासन को जमकर कोसा। यह कोई पहली बार नहीं है कि अंडरपास में पानी भरा हो। जबसे अंडरपास बना है तब से इसमें जलभराव की समस्या बनी रहती है। अंडरपास में लीकेज की समस्या को दूर करने के लिए भाखड़ा नंगलडैम से भी इंजीनियर्स की टीम आई थी लेकिन उसके बाद भी हालात में कोई खास सुधार नहीं आया। वहीं प्रशासन ने छत से टपकते पानी को रोकने के लए खानापूर्ति करते हुए पाइप लगाकर नालियां बना दी। वहीं आज अनेक वाहन चालकों ने बताया कि अंडरपास में पानी होने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने बताया कि वह विभिन्न कार्यों के लिए इस मार्ग से रोजाना जाते हैं लेकिन पानी भरा होने के कारण उन्हें तीन किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाते हुए जाना होगा। उन्होंने बताया कि जिससे उन्हें परेशानी हो रही है व साथ में समय व धन भी अधिक लग रहा है। वहीं इस मार्ग से पैदल जाने वाले लोगों ने बताया कि अंडरपास में पानी भरा होने के कारण उन्हें अब एक बार फिर से रेल की पटरियां पार करने को मजबूर होना पड़ेगा।

## युवक की हत्या करने मामले में नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

**समालखा 6 मार्च**

**सीआईए** थ्री पुलिस टीम ने जौरासी रोड पर गणेश कॉलोनी में बागवाला मोहल्ला निवासी रविंद्र उर्फ बिल्लू (20) की हत्या मामले में आठवें आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नाबालिग के रूप में हुई। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहा से उसे बाल सुधार गृह मधुबन भेजा गया। मामलें में पहले पकड़े जा चुके 7 आरोपी मोहित निवासी महावटी, राहुल व रोहित निवासी डांग खुर्द, मोहित व हरिश निवासी बलियाली व नवीन निवासी सांगवान भिवानी, रोहित उर्फ मंगू निवासी नैना ततारपुर हाल कुमासपुर सोनीपत से वारदात में प्रयुक्त ईट बरामद कर रिमांड आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजा जा चुका है। समालखा चौकी इंचार्ज एएसआई वीरेंद्र ने बताया कि समालखा चौकी में धर्मबीर निवासी बागवाला मोहल्ला समालखा ने शिकायत देकर बताया था कि उसका छोटा लड़का रविंद्र उर्फ बिल्लु 20 उसके साथ सब्जी की रेहड़ी पर काम करता है। बेटे से बाग वाला मोहल्ला निवासी मोना, चुलकाना निवासी शिवम उर्फ शुभम, गणेश कालोनी निवासी दिपांशु व भिवानी निवासी मोहित रंजिश रखते थे। पहले भी कई बार रहेड़ी पर आकर धमकी देकर गए थे।

# सार्थक साहित्य मंच कुरूक्षेत्र की मासिक काव्या गोष्ठी का हुआ आयोजन

**कविता पाठ**

**8 कवियों ने अपने-अपने भावों को बड़ी सुंदरता,सजगता और मधुर वाणी में कविता पाठ किया**



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : आज सार्थक साहित्य मंच कुरुक्षेत्र की मासिक काव्या गोष्ठी श्रीमती कविता रोहिल्ला जी की मेजबानी में उनके निवास स्थान 2004/ 4 में डॉ. सी.डी.एस .कौशल जी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसका कुशल मंच संचालन गायत्री कौशल ने किया। कवियों ने अपने- अपने भावों को बड़ी सुंदरता,सजगता और मधुर वाणी में कविता पाठ किया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में जहां कवियों ने अपनी कविताएं सुनाई वहीं पर आने वाली शिवरात्रि पर भी उन्होंने बहुत सुंदर भजन और गीत सुनाये। जिससे समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया।कई कवियों ने होली के त्योहार पर होने वाली मस्ती पर हास -परिहास का रंग जमाया।डॉ.सी.डी.एस. कौशल जी ने नारी के ऊपर बहुत सुंदर कविता सुनाई वहीं डॉ.बलवान जी ने नशे के अवगुणों को दशार्ते हुए व्यंग्यात्मक कविता पाठ किया । श्री रतन चंद सरदाना जी ने गीता के बारहवें अध्याय को कविता के माध्यम से सुनाकर आध्यात्मिक वातावरण बना दिया।काव्य गोष्ठी में विभिन्न प्रकार के रसो का मिश्रण देखने को मिला। कुल मिलाकर यह काव्य गोष्ठी बहुत ही सार्थक और सफल रही। इसमें निम्न लिखित सदस्यों की उपस्थिति रही। श्री रतन चंद्र सरदाना जी,अध्यक्ष डॉ. सी.डी.एस. कौशल ,सचिव डॉ.बलवान कोषाध्यक्ष डॉ.ममता सूद ,डॉ.शकुन्तला शर्मा ,श्रीमती रेणु खुग्गर, गायत्री कौशल जी ,कविता रोहिल्ला जी,राधा अग्रवाल,सहदेव शर्मा जी ,अनिता रामपाल जी, सुदीप रोहिल्ला, सुमित्रा देवी, बलवान सिंह गोलन, कुसुम गोलन,ऋषिपाल अंटाल, संगीता, शशि सागर ,रेखा गोयल, संतोष शर्मा ,मनजीत चौधरी, रेखा, रीटा खैंची , उर्मिल ,मन्नू शर्मा ,सुमन और शर्मा जी मौजूद थे ।

# शंभू और खनोरी बॉर्डर पर किसानों का धरना जारी

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** किसान आंदोलन-2 का 6 मार्च को 23वां दिन है। पंजाब-हरियाणा के हजारों किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं। इस बीच संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) और किसान-मजदूर मोर्चा के आह्वान पर देशभर के किसान पैदल, बस व ट्रेनों से दिल्ली कूच कर रह हैं। बुधवार को उत्तर प्रदेश के मैनपुरी से अनिरुद्ध सिंह विद्रोही, राजस्थान के दोसा से रवि मीना सोनड, राजस्थान के बारा से धर्मा धाकड़ और मध्यप्रदेश के भोपाल से लोकेश मुजाल्दा अपने साथियों के साथ ट्रेन से दिल्ली कूच के लिए रवाना हुए। हालांकि,जो किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर पहले से धरना दे रहे हैं, वे यहीं बैठ रोष प्रकट करेंगे। उधर, किसानों के बॉर्डर पर ही धरना चलाने के ऐलान के बाद मंगलवार को हिसार-अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे (152) को भी खोलना शुरू कर दिया है। इससे पहले सोमवार को प्रशासन द्वारा अंबाला में सद्दोपुर के पास चंडीगढ़-दिल्ली हाईवे (नेशनल हाईवे-44) खोला गया। हाईवे की दोनों साइड एक-एक लेन खोली गई है।



**डटे**

**8 किसान आंदोलन–2 का 6 मार्च को 23वां दिन है। पंजाब–हरियाणा के हजारों किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं**

प्रशासन के इस फैसले के बाद वाहन चालकों को काफी राहत मिली है, क्योंकि अंबाला से चंडीगढ़, चंडीगढ़ से हिसार या फिर चंडीगढ़ से दिल्ली जाने वाले वाहन चालकों को भटकना पड़ता था।

# मेयर शक्ति रानी ने सरकारी स्कूल के विद्याथीयी को स्कूल शूज बाँटे

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** स्थित प्रेम नगर सरकारी स्कूल में पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा द्वारा अंबाला शहर में स्थित सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी जिनके घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उन सभी विद्याथीयों को अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा ने पाँचवी कक्षा तक के सभी विद्याथीयों को स्कूल शूज बाँटे । इस अवसर पर प्रिंसिपल राम चन्द्र शर्मा ने विनोद शर्मा व मैडम शक्तिरानी शर्मा के इस नेक कार्य के लिए सराहना की विद्यालय मुख्यध्यापिका हरिंदर कौर ने शक्तिरानी शर्मा का अपने विद्यालय में पहुँचने पर बूका देकर स्वागत किया । इस कार्यक्रम में प्रिंसिपल राम चन्द्र शर्मा, प्राइमरी हैड हरिंदर कौर , कमल स्लूजा, ज्योति, पलविंदर मान,गीतिका अरोड़ा, अलका ,साहब सिंह सहित अन्य पार्टी के सभी सदस्यों का इस कार्यक्रम में पहुचने पर सुरेश कुमार व मनप्रीत सिंह अन्य सभी स्टाफ सदस्यो ने किया धन्यवाद।



## रोहक: झगडे के दौरान नीचे गिरने से महिला के पति की हुई मौत

**रोहतक: सदर** थाना के अंतर्गत गांव रिठाल नरवाल में दो भाईयों के हुए झगड़े में देवर देवरानी द्वारा जेठानी पर तेजधार हथियार से हमला कर घायल कर दिया, जबकि झगडे के दौरान अचानक नीचे गिरने से महिला के पति की मौत हो गई। महिला को गंभीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार गांव गोयल्या काल जिला झज्जर निवासी प्रकाश ने बताया कि उसकी बहन कविता की शादी करीब 15 साल पहले बलजीत निवासी रिठाल नरवाल के साथ हुई थी।

# पेंडिंग कार्यों को जल्द पूरा करें अधिकारी-एडीसी

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने अपने कार्यालय में परिवार पहचान पत्र के तहत जन्म तिथि के सत्यापन, इनकम की वैरिफिकेशन व मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत विभाग व बैंकों द्वारा ऋण से सम्बन्धित जो भी पैंडेंसी है, सम्बन्धित उसका तीव्रता से निपटान करना सुनिश्चित करें ताकि लोगों की जो भी यह समस्याएं हैं, उनका समय रहते निपटान हो सके और उन्हें इन योजनाओं का लाभ मिल सके। बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त ने सम्बन्धित टीचरों को स्पष्ट निर्देश दिये कि परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित जन्म तिथि के सत्यापन में जो भी पैंडेंसी है, उसका वे निपटान करें ताकि लोगों को जो लाभ मिलना है, वह मिलना सुनिश्चित हो सके। इसके साथ-साथ जन्मतिथि के सत्यापन में यदि कोई समस्या आ रही है तो नगर निगम व बीडीपीओ कार्यालय में परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित जो स्टाफ है, उसे इस बारे अवगत करवाएं। मकसद पैंडेंसी को दूर करना है। सीएससी के जिला प्रबन्ध को निर्देश दिये कि वे अपने टीम लीडर के साथ इनकम वैरिफिकेशन की जो भी पैंडेंसी है, उसका बेहतर समन्वय के साथ निपटान करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत भी समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभाग व जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिये कि जिन भी बैंकों में इस योजना के तहत ऋण देने बारे कोई पैंडेंसी है, उसका वे निपटान करें ताकि सम्बन्धित को योजना के तहत ऋण उपलब्ध हो सके और वह आत्मनिर्भर बन सके।



बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने सम्बन्धित को स्पष्ट किया कि जिन विषयों पर आज चर्चा करते हुए निर्देश दिये गये हैं, उन सभी कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित करें। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित विषय पर यदि किसी को प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो वह अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में प्रशिक्षण हासिल कर सकता है।

# महिलाओं को लखपति दीदी बनाने की दिशा में कार्य कर रही सरकार: असीम

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत को नया भारत व हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा को नया हरियाणा बनाने का काम किया जा रहा है और इसके हम गवाह भी बनने जा रहे हैं। लखपति दीदी योजना के तहत लगभग तीन लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का काम भी किया जा रहा है। विधायक अम्बाला ब्लॉक वन व टू तथा जिला स्तर पर पुलिस डीएवी स्कूल के आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पंहुचे थे और यह अभिव्यक्ति उन्होंने उपस्थित महिलाओं व अन्य को सम्बोधित करते हुए कही। इससे पहले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने वर्चुअल प्रक्रिया के माध्यम से महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए लखपति दीदी योजना के तहत लखपति दीदी बनाने की दिशा में जो कार्य किये जा रहे है, उस बारे बताते हुए अपना शुभ संदेश भी दिया।



विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को आत्मननिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार द्वारा कार्य किये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में करनाल में सांझा बाजार की शुरूआत की गई है जिसमें स्वंय सहायता समूहों की महिलाएं व अन्य महिलाएं उत्पादों को तैयार करके इन्हें बेच सकती हैं।

केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं के साथ-साथ अन्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आप द्वारा जो उत्पाद तैयार किये जाते हैं, उसके लिये नूंह व पानीपत के बस स्टैंड में दुकाने खोलने का भी निर्णय लिया गया है। विधायक ने इस मौके पर यह भी कहा कि जो कंटीन हैं, उनमें करीब 17 हजार स्वंय सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा भोजन की व्यवस्था करवाई जाती है जोकि लखपति दीदी बनाने की दिशा में एक और कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लखपति दीदी बनाने का आइडिया दिया था और हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इसे पंख लगाने का काम किया है। हरियाणा में स्वंय सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को लगभग 340 करोड़ रुपये का लोन भी उपलब्ध करवाया गया है ताकि महिलाएं इस लोन के माध्यम से अपने उत्पादों को तैयार करके आत्मनिर्भर बन सकें।

कार्यक्रम के उपरांत स्कूल के प्रांगण में विधायक व महिलाओं ने ड्रोन प्रदर्शन को भी देखा। पहले खेतों में परम्परागत तरीके से हाथों से स्प्रे किया जाता था लेकिन अब ड्रोन के माध्यम से फसलों पर स्प्रे किया जा सकेगा और इस कार्य में महिलाओं को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्हें ड्रोन उड़ाने से सम्बन्धित ट्रेनिंग भी दी गई है।

**बधाई दी**

**8 मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा को नया हरियाणा बनाने का काम किया जा रहा है**

# चौड़मस्तपुर में धूमधाम से मनाई जाएगी शिवरात्रि

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** 8 मार्च को शिव भक्ति का सबसे बड़ा पर्व यानी शिवरात्रि मनाई जाएगी भोले बाबा के भक्त इस दिन व्रत भी रखे है तो वही हरिद्वार से कावड़ गंगजाल भी लाकर शिवलिंग पर चढ़ाया जाता है हर बार की तरह अति प्राचीन श्री शिव मंदिर चौड़मस्तपुर में भी इस साल भी शिवरात्रि का त्यौहार धूमधाम से मनाया जायेगा तो वही इस बार पुआदी अखाड़े का भी आयोजन होगा जिसका समय दोपहर 1 से 4 बजे तक का रहेगा पुआदी अखाड़ा भक्त गुरमीत सिंह जी रोड्डा द्वारा लगाया जिसमें पुआद की भाषा में लोक गीत और कहानियां सुनाई जाएगी शिव मंदिर में भक्तों के लिए भंडारे का भी आयोजन होगा पुआदी अखाड़े का आयोजन ग्राम चौड़मस्तपुर वासियों द्वारा मिलकर करवाया जा रहा है मंदिर कमेटी और समस्त ग्राम वासियों द्वारा सभी इलाका वासियों को पुआदी अखाड़े में आने के लिए आमंत्रित किया जा



## न्यूज फ्लैश

### इनेलो खेल प्रकोष्ठ की जिले के सभी हल्काध्यक्षों की कार्यकारिणी घोषित

**गन्नौर।** इनेलो के खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील ढाका के सनपेड़ा गांव में स्थित कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सोनीपत लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभा के खेल प्रकोष्ठ के हलकाध्यक्ष की कार्यकारिणी घोषित की गई। कार्यकारिणी में गन्नौर के हलकाध्यक्ष विक्रम ढांगी, राई हलका के अध्यक्ष प्रदीप दहिया, बरोदा हलका से अतुल मान, खरखौदा हलका से मोनू, सोनीपत से हलका प्रधान दीपक कुमार, गोहाना से हलका प्रधान जितेन्द्र छिक्कारा को बनाया गया। इसके अलावा खेल प्रकोष्ठ की जिले की कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष जसबीर सहरावत, आशीष धनखड़ को उपाध्यक्ष, संदीप , अरविन्द, सतीश लाकड़ा, सतवंत को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रधान महासचिव धर्मबीर आंतिल, महासचिव सतपाल राठी, रविन्द्र मोर, कुलदीप मलिक, अमरजीत, सुलतान व संगठन सचिव मुकेश को बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए खेल प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील ढाका ने कहा कि वे इनेलो की नीतियों को गांव- गांव में जाकर अवगत करवाएं। उन्होंने कहा कि आने वाला समय इनेलो का है। इनेलो शासन काल में हर वर्ग के लिए बनाई गई जन कल्याणकारी नीतियों की आज भी लोग सराहना कर रहे है। नवनियुक्त गन्नौर हलकाध्यक्ष विक्रम ढांगी ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है। उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करते हुए पार्टी की नीतियों का प्रचार- प्रसार करेंगे। इस मौके पर पार्टी के युवा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### फल लेकर सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला घायल, मामला दर्ज

गन्नौर। गन्नौर जीटी रोड पर रेहड़ी से फल लेकर सड़क पार कर रही महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला घायल हो गई। महिला को चालक ने अस्पताल में दाखिल करवाया, जहां चिकित्सकों नें महिला को प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। महिला के पति ने मामले की शिकायत बड़ी थाना पुलिस को दी है। शिकायत में गांव बलाना, आर्य नगर इसराना, पानीपत निवासी सिलकराम ने बताया कि वह अपनी पत्नी कृष्णा को मोटरसाइकिल पर लेकर बड़ी गया था। वह अपनी पत्नी को गन्नौर चौक जीटी रोड पर छोड़ कर वापस अपनी दुकान पर चला गया। उसकी पत्नी फल लेकर सड़क पार कर रही थी। इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी पत्नी को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी पत्नी घायल हो गई। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### लखपति दीदी महासम्मेलन में महिलाओं के साथ वर्चुअल सुना प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का संबोधन

**गन्नौर।** बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में गन्नौर स्थित बीडीईओ कार्यालय में खण्ड स्तरीय लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। महासम्मेलन में ने वर्चुवल माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संबोधन सुना। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने इस साल के बजट में दो करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्व-रोजगार स्थापित करने के लिए आसान किश्तों पर ण उपलब्ध करवाया जा रहा है, ताकि हमारी महिलाएं स्व-रोजगार स्थापित कर दूसरी महिलाओं को भी रोजगार दे सकें।

# शिवत्व का ज्ञान कराने वाले गुरू साक्षात शिव रूप : प्रवीणा भारती

**श्री कृष्ण मंदिर ग्राम काछवा में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया।**



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। श्री** कृष्ण मंदिर ग्राम काछवा में पांच दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया। कथा के चतुर्थ दिवस में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी सुश्री प्रवीणा भारती जी ने कहा कि शिवत्व एक गूढ़ तत्व है।

उन्होंने कहा कि महाकवि कालीदास के शबदों में न सन्ति यथार्थ्यविदः पिनाकिनः अर्थात पिनाकधारी शिव के यथार्थ तत्व को कोई नहीं जान पाया। पर जैसा कि कहा गया है कि तुमरी लीला तुम ही जानो, और ना जाने कोए। इसलिए शिव तत्व को साक्षात शिव ही समझा सकते हैं। वे ही बार.बार प्रकट होकर अपने इस दुर्लभ तत्व को सुलभ करते हैं। उसका यह साकार स्वरूप ही गुरू नाम से अभिवंदित होता है। अतः जब शिव शंकर स्वंय ही गुरू बनकर देहाकार में अवतरित होते हैं तब वही अपने शिवत्व का रहस्योदघाटन कर सकते हैं। इससे यह भी सिद्व होता है कि शिवत्व का ज्ञान कराने वाले गुरू साक्षात शिव रूप ही हैं। तभी तंत्रज्ञान में गुरु शब्द के एक-एक वर्ण की इस प्रकार की गई.गकार माने ज्ञान, रेक माने तत्वज्ञान और उकार माने शंभु, अर्थात वह शंभु रूप कल्याणकारी सता जो ब्रह्ज्ञान देकर शिवत्व को प्रकाशित करती है, गुरू है।

साध्वी जी ने कहा कि बहुत संभव है कि आपको गुरू और शिव की इस समानता को स्वीकार करने में कुछ कठिनाई हो, परन्तु ऐसे में आप स्वंय अपने अराध्य महादेव शिव के उद्रगारों का स्मरण कीजिए। वे गुरू गीता में स्पष्ट रूप से उच्चारण करते हैं-गुरूदेवी महेश्वर अर्थात गुरू साक्षात महेश्वर, देवाधिदेव शंकर हैं। भगवान शिव को त्रिपुरारि भी कहते हैं। क्योंकि उन्होंने तारका, विधुन्माली व कमलाक्ष का वध किया था। श्री गुरू भी इसी प्रकार के त्रिपुरारि हैं। त्रिगुणों से अतीत एक त्रिगुणातीत सता हैं।

साध्वी जी ने कहा कि भगवान शिव स्वंय नमस्कार करते हैं- त्रिगुणरहितं सदगुरूं तम नमामि। जैसे भगवान शिव ने गणेश जी का सर काटकर गज का शीश लगाया था। सदगुरू भी ज्ञान खडग द्वारा इस जड़बुद्वि का उच्छेदन कर डालते हैं।

### सेक्टर-16 में भगवान शिव की पालकी के समक्ष झुकी आस्था



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** शिव प्रभातफेरी की ओर से महाशिवरात्रि पर्व को लेकर बुधवार अलसुबह भी प्रभात फेरी से वातावरण शिवमय हो गया। आज प्रभातफेरी ने सेक्टर 16 सहित कई स्थानों का भ्रमण किया। प्रभात फेरी सेक्टर 16 में संदीप राशि शर्मा के निवास से आरंभ हुई और वहीं पर विश्राम लिया। भगवान शिव भोले नाथ जी के विग्रह को सुंदर पालकी में सुशोभित किया गया। भक्तों ने जय शिव शंकर के जयकारों के साथ फूलों की वर्षा के साथ प्रभातफेरी का भव्य स्वागत किया।

मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला ने भी भोलेबाबा का आशीर्वाद लिया। शिव भोलेनाथ के दर्शनों के लिए श्रद्धालु अपने घरों के मुख्यद्वार पर थाल में ज्योत जलाकर सुबह प्रभातफेरी के आने का इंतजार करते हुए दिखाई दिए। विभिन्न गली मोहल्ले का भ्रमण कर लोगों को भगवान शिव की आराधना करने का संदेश दिया।

## स्वयंसेविकाओं ने गांव मुरथल में मतदाता जागरूकता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** ताऊ देवीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय मुरथल में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के द्वितीय एवं तृतीय दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेविकाओं ने गांव मुरथल में मतदाता जागरूकता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया तथा मतदाता जागरूकता विषय पर ही एक वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन भी शिविर के दूसरे दिन आयोजित किया गया। वहीं सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन प्रातकालीन सत्र में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की ओर से आए हुए साध्वी देववानी एवं जिला कार्य प्रभारी सीमा, साध्वी वीरा आदि के द्वारा योगाभ्यास करवाया गया एवं छात्राओं को संयमित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। वही रेड क्रॉस सोसाइटी से डॉक्टर सुनीता ढल ने प्राथमिक उपचार विषय पर एक व्याख्यान दिया गया प्राथमिक उपचार की सभी गतिविधियों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया, सायं कालीन सत्र के दौरान छात्राओं ने वॉल पेंटिंग का कार्य भी किया।

**जागरूक किया**

8 डॉक्टर सुनीता ढल ने प्राथमिक उपचार विषय पर एक व्याख्यान दिया गया प्राथमिक उपचार की सभी गतिविधियों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया

### 3425 नशीली दवाइयां और 808 नशीले कैप्सूल सहित आरोपी काबू

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी संचित पुत्र स्व चमन लाल वासी सेक्टर-6 करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 808 नशीले कैप्सूल ट्रामाडोल कंपनी, 2145 नशीली दवाइयां अल्प्राजोलम कंपनी और 1280 नशीली दवाइयां लोमोटिल कम्पनी की बरामद की गई। इन नशीली दवाइयों की कीमत लगभग दो लाख रुपए है। इस संबंध में आरोपी संचित के खिलाफ थाना सेक्टर 32-33 में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इन नशीली दवाइयों को उत्तर प्रदेश से लेकर आता है।

## प्रधानमंत्री ने महिलाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की : डा अर्चना गुप्ता



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** आज प्रेम नगर स्थित कम्यूनिटी सेंटर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत महिलाओं को सशक्त करने हेतु पैदल यात्रा को प्रदेश महामंत्री डा. अर्चना गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डा.अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री ने समाज में महिलाओं को सम्मान दिलाया है। महिला को परिवार की मुखिया बनाया है। महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाएं महिलाओं के लिए बहुत लाभकारी साबित हो रही हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजनाएं बनाकर उनको लागू भी किया है। प्रधानमंत्री की योजनाओं की बदौलत आज समाज में महिलाएं आगे बढ़ी हैं। ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा तक हर क्षेत्र में महिलाएं आधी आबादी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्षा ऊषा प्रियदर्शिनी ने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों को पूरा देश स्वीकार कर चुका है। हर प्रदेश के लोग भाजपा की नीतियों में आस्था जता रहे हैं। इस बार भी केंद्र में भाजपा की ही सरकार बनेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा, मीना चौहान, प्रियंका कठपाल, सोनिया पंडित, अमर ठक्कर, बिशन सिंह शेखावत, मंजू खैंची, रजनी परोचा, कमलेश अरोड़ा, राजिंद्र नंदा, कृष्णा गुप्ता, आशा सहगल, अशोक दीवान व सभी देवतुल्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## साइबर राहीगिरी के तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रति किया जागरूक

**इस सेमिनार में लोगों को बताया गया कि कैसे साइबर ठग लोगों के साथ ठगी करने के अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं**



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** साइबर जागरूकता अभियान की कड़ी में आज साइबर अपराध थाना की टीम द्वारा बस स्टैंड पर साइबर राहीगिरी के तहत लोगों को साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई व साइबर अपराध होने से कैसे बचा जाए, के बारे में जरूरी जानकारी व बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत करवाया गया। इस दौरान प्रबंधक थाना साइबर निरीक्षक राजीव मिगलानी के नेतृत्व में साइबर अपराध थाना की टीम से मुख्य सिपाही विनोद, मुख्य सिपाही सत्यवान, सिपाही मंदीप और लवकेश व करीब 150 युवक और युवतियां मौजूद रहे ।

इस सेमिनार में लोगों को बताया गया कि कैसे साइबर ठग लोगों के साथ ठगी करने के अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं, जिसके कारण लोग आर्थिक ठगी के साथ मानसिक तौर पर भी परेशान रहते हैं। इंटरनेट की दुनिया में व सोशल मीडिया साईट्स पर हमारी छोटी सी गलती कैसे हमारे लिए आर्थिक तौर व मानसिक तौर पर हानिकारक साबित होती है।

आमजन को बताया गया कि इंटरनेट प्रयोग करते समय हमें हमेशा सुरक्षित वेबसाईटों पर ही विजिट करनी चाहिए। अपने सोशल मीडिया खातों को एक मजबूत पासवर्ड लगाकर सुरक्षित रखना चाहिए और उन पासवर्ड को समय-समय पर बदलते रहना चाहिए। अपनी कोई भी फोटो या विडियो इंटरनेट पर शेयर नहीं करनी चाहिए। किसी अंजान व्यक्ति के साथ फोन कॉल या वीडियो कॉल करने से परहेज करना चाहिए और सोशल मीडिया पर किसी अंजान व्यक्ति के पास ना तो फ्रेंड्स रिक्वेस्ट भेजनी चाहिए और न ही किसी अंजान व्यक्ति की फ्रेड्स रिक्वेस्ट असेप्ट करनी चाहिए। किसी भी तरह का ओटीपी नम्बर हमें किसी के साथ सांझा नहीं करना चाहिए। सोशल साईट्स पर प्रचलित प्रलोभन देने वाले संदेशों के झांसे में नहीं आना चाहिए। इस प्रकार की उपयोगी जानकारी हम अपने पारिवारिक सदस्यों, परिचितों व सगे संबंधियों के साथ सांझा करके उनके साथ होने वाले साइबर अपराध से उनको बचा सकते हैं।

**अवगत करवाया**

8 साइबर अपराध होने से कैसे बचा जाए, के बारे में जरूरी जानकारी व बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत करवाया

### नाबालिग भाई-बहन लापता पति ने पत्नी पर जताया अपहरण का शक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के कस्बा तरावड़ी से नाबालिग भाई-बहन संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। परिजनों ने आसपास के एरिया में तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। पति ने अपनी पत्नी पर ही दोनों बच्चों को ले जाने का शक जताया है। पति ने बताया कि उसकी पत्नी कुछ दिन पहले तरावड़ी के व्यक्ति के साथ भाग गई थी। शिकायत के आधार पर तरावड़ी थाना पुलिस ने अपहरण की धाराओं में केस दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।

तरावड़ी निवासी व्यक्ति ने मंगलवार शाम को पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पास दो लडके और दो लड़कियां हैं। 4 मार्च की दोपहर उसका 7 वर्षीय बेटा सिद्धांत और 9 वर्षीय बेटी सुष्मिता अचानक घर से लापता हो गए। पहले उसने सोचा था कि आसपास खेल रहे होंगे, लेकिन जब देर शाम तक भी वह नहीं लौटे तो चिंता हुई। उसने हर संभावित स्थान पर बच्चों की तलाश की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा।

शिकायतकत्र्ता का आरोप है कि दोनों बच्चों को उसकी पत्नी ने ही गायब किया है, क्योंकि उसकी पत्नी कुछ समय पहले ही दूसरे व्यक्ति के साथ रहने लगी थी। वहीं वह इस बारे में अच्छी तरह जानती है कि घर पर किस समय कौन रहता है।

तरावड़ी थाना के जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि दो नाबालिग बच्चों के लापता होने की शिकायत मिली है। शिकायतकत्र्ता ने अपनी पत्नी पर बच्चों को गायब करने का शक जताया है। शिकायत के बाद भादंसं की धारा-365 के तहत मामला दर्ज कर बच्चों की तलाश की जा रही है।

## नहर में मिला 9 फरवरी से लापता पेंटर का शव

**राजकुमार प्रिंस**


**करनाल।** करनाल से संदिग्ध हालात में लापता हुए युवक आशु का शव पश्चिमी यमुना नहर में मिला है। वह 9 फरवरी को पिता को ये कहकर गया था कि बाहर तक जा रहा है, लेकिन इसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिला।

प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार को काछवा रोड पर एक व्यक्ति यमुना नहर में कुछ डालने के लिए उतरा तो उसको किनारे पर एक शव नजर आया। इसके बाद उसने तुरंत पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला। मृतक के कपड़ों की तलाशी ली गई तो उसके पास से एक मोबाइल फोन, दस रुपए का नोट व इयरफोन बरामद हुए। मृतक की शिनाख्त बाद में लापता आशू के रूप में हुई।

करनाल के प्रेम नगर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि 27 वर्षीय अविवाहित आशू पेंटर का काम करता था। वह दोपहर को अढाई-तीन बजे घर आया था। मैंने कहा था-बेटा खाना खा ले, वह बोला कि मैं बाहर तक जा रहा हूं। वह बाहर तो गया, लेकिन वापस नहीं लौटा। हम इंतजार करते रहे, तलाश भी की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा।

बाद में मामले की शिकायत रामनगर थाना पुलिस को की गई। पुलिस ने गुमशुदगी रपट दर्ज कर तलाश शुरू की थी, लेकिन पुलिस को भी आशू का कोई सुराग नहीं लगा। पिता ने बताया कि आशू उसका इकलौता पुत्र था और आशू की दो बहनें भी है। आशू की मां की मौत कई साल पहले हो चुकी है। थाना रामनगर के जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि डब्ल्यूजेसी में एक 27 वर्षीय युवक का शव मिला था, जिसकी शिनाख्त आशू के रूप में हुई है। वह 9 तारीख को घर से लापता हो गया था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। पुलिस द्वारा मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

## बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में दी गई आवश्यक जानकारी



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। आयुष** विभाग के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉक्टर सतपाल ने बताया कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुंजपुरा के लगभग 50 विद्यार्थियों ने आज आयुष विभाग के योग एवं पंचकर्म चिकित्सा केंद्र सामुदायिक भवन सेक्टर-6 में प्रशिक्षण सत्र में भाग लिया।

सर्वप्रथम आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ तथा हरियाणा योग आयोग के नोडल अधिकारी डॉ. अमित पुंज ने बच्चों को स्वास्थ्य के बारे में आवश्यक जानकारी दी। जैसे कि स्वस्थ रहने के नियम क्या है, हम बीमार क्यों पड़ते हैं तथा हम ऐसा क्या कार्य करें जिससे कि हम बीमार ही ना पड़ें। उन्होंने दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहारचर्या, विहार चर्या, रात्रि चर्या तथा स्वस्थ वृत्त के नियमों की जानकारी दी। योग सहायक कुसुम लता तथा मीनाक्षी राठी ने बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम, योगासन, प्राणायाम, ध्यान इत्यादि का अभ्यास करवाया। डॉ. अमनदीप पंचकर्म विशेषज्ञ ने विद्यार्थियों को पंचकर्म चिकित्सा के बारे में जानकारी दी, जिसमें नस्य वमन, विरेचन, स्नेहन, संवेदन, रक्त मोक्षण तथा पंचकर्म चिकित्सा की उपयोगिता शामिल रही।

डॉ. भावना ने विधार्थियो को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के बारे में जानकारी दी तथा घरेलू उपयोग में रसोई में ही मिलने वाली औषधियों के बारे में समझाया। इस अवसर पर राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय के अध्यापक सुनील, राजेश, पिंकी, सुषमा, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट नरेश कुमार, पंचकर्म थरेपिस्ट जोगिंदर, रमेश और भानु भी मौजूद रहे।

## छात्राओं को महिला सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया

**आज के समय में महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है, महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है**



**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। डीएसपी** महिला सुरक्षा विजय कुमार के निर्देशन और महिला निरीक्षक राजेश लता के नेतृत्व में टीम द्वारा राजकीय स्कूल कुंजपुरा और प्रयास स्कूल करनाल में जाकर छात्राओं को महिला सुरक्षा बारे जागरूक किया गया।

राजेश लता ने बताया कि आज के समय में महिलाओं के विरुद्ध बहुत ज्यादा अपराध बढ़ रहा है। महिलाओं का शोषण उनके घर में भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि समय बदलने के साथ अब महिलाओं को भी जागरूक होना जरूरी है। पुलिस टीम ने छात्राओं को यह ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा है। छात्राओं को गुड टच और बेड टच के बारे भी सावधान किया। महिला निरीक्षक ने स्कूल की कुछ छात्राओं को विश्वास में लेकर उनसे उनकी वे समस्याएं जानी, जिनको छात्राओं ने अपने घर वालों को भी नहीं बताया हुआ था और उन समस्याओं को जानकर तुरंत उनका समाधान किया। स्कूल की कुछ छात्राओं ने बताया कि स्कूल छुट्टी के समय पर कुछ शरारती तत्व उन्हें प्रेषण करते है। इसके बारे महिला निरीक्षक ने संबंधित थाना प्रबंधक से बात करके स्कूल छुट्टी के समय पर पुलिस पेट्रोलिंग सुनिश्चित करवाई। महिला निरीक्षक ने छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के बारे भी विस्तार से बताया। महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 और डॉयल 112 का प्रयोग कर आपातकालीन स्थिति में तुरंत पुलिस सहायता लेने बारे भी जागरूक किया।

**जागरूकता**

8 छात्राओं को यह ध्यान रखने को कहा कि स्कूल आते-जाते समय कोई उनका पीछा तो नहीं कर रहा

## 'आय बढ़ाने के लिए महिलाओं को ड्रोन चलाने का दिया जाएगा कौशल प्रशिक्षण'

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई। अंत**र्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में राई खण्ड पर मोती लाल नेहरू स्पोर्टस स्कूल राई में आयोजित लखपति दीदी कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचकर विधायक मोहनलाल बड़ौली के भाई एवं समाजसेवी माईराम कौशिक ने स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के लखपति दीदी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और उनका संबोधन सुना। भाजपा नेता एवं समाजसेवी माईराम कौशिक ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हाल ही में लखपति दीदी पहल कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जिसमें स्वयं सहायता समूह की ऐसी महिलाओं को चिन्हित किया जाना है। ऐसी महिलाएं जिन्होने स्वयं सहायता समूहों में जुडक़र विभिन्न रोजगार शुरू करके अपने परिवार की आमदनी सालाना एक लाख रुपये व इससे अधिक तक बढ़ोतरी की है। युवा नेता योगेश जठेड़ी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह सदस्यों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेचने के लिए हयिाणा सरकार द्वारा बस-स्टैंड पर दुकान उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया है। पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में महिलाओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही है।

## संपादकीय

# आजादी के बाद विमानन क्षेत्र में बड़ी 'उड़ान'

**रोहित माथुर**

**यह कहना कोई अ**तिशयोक्ति नहीं होगी कि ''उड़ान'' योजना स्वतंत्रता के बाद भारत में विमानन क्षेत्र में लाई गई अब तक की सबसे नवीन और समझदारी से तैयार की गई योजना है। उड़ान का जमीनी स्तर पर जो असर दिख रहा है, वह भले ही दिल्ली में स्पष्ट रूप से दिखाई न दे, लेकिन यह देश के कुछ दूरदराज और सुदूरवर्ती इलाकों में क्रांति ला रहा है। उड़ान की सफलता की कहानियां पूरे भारत के अनेक टियर 2 और टियर 3 शहरों में फैली हुई हैं। दरभंगा का उदाहरण लें, जो पटना के बाद बिहार में विमान परिचालन शुरू करने वाला दूसरा हवाई अड्डा है। यह उड़ान की एक बड़ी सफलता की कहानी है और आज दरभंगा प्रतिदिन 1500 से अधिक यात्रियों का आवागमन संभालता है। यही कहानी प्रयागराज और कानपुर की भी है, जहां उड़ान के अंतर्गत इंडिगो ने2018-19 के आसपास प्रयागराज-बेंगलुरु और स्पाइसजेट ने कानपुर-दिल्ली शुरू की जहां इससे पहले इन शहरों के लिए शायद ही कोई विमान सेवा संचालित होती थीं। आज महज 4-5 साल में ये दोनों हवाई अड्डे रोजाना 1000-1500 यात्रियों को संभाल रहे हैं। उड़ान की सफलता की कहानियों के कई अन्य उदाहरण हैं जैसे कि बरेली, शिमोगा, कन्नूर आदि। ये टियर 2 और टियर 3 शहर अचानक वाणिज्यिक विमानन के लिए विकास के अग्रदूत बन गए हैं। एयरलाइंस को न केवल अच्छा ट्रैफिक मिल रहा है, बल्कि मेट्रो शहरों के बीच संचालित होने वाली उड़ानों की तुलना में इन टियर 2 टियर 3 शहरों मेंउनका औसत प्रति सीट किमी राजस्व भी अधिक है। उड़ान योजना की इन उड़ानों से प्राप्त प्रतिक्रिया से उत्साहित होकर, एयरलाइंस अब टियर 2/3 शहरों में नए उड़ान मार्ग शुरू करने के लिए उत्सुक हैं। ये तो बस अधूरी कहानी ही है। उड़ान की बड़ी कहानी भारत के कुछ सुदूरवर्ती और ऐसे शहरों से विमानों और हेलीकॉप्टरों का संचालन करने वाले अनेक छोटे उद्योगपतियों के उभरने से है जहां अब तक हवाई सम्पर्क नहीं था। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि उड़ान योजना के सामने आने से पहले भारत जैसे बड़े देश के पास 80 सीट से कम श्रेणी वाला केवल 1 विमान था, जो शिमला मार्ग पर एलायंस एयर द्वारा संचालित एटीआर 42 था। कई कस्बों और शहरों में 9-19 सीटर वाले विमानों के संचालन की संभावना हमेशा मौजूद थी, लेकिन उड़ान योजना के तहत दिए जाने वाले प्रोत्साहन के अभाव में, छोटे ऑपरेटर कभी भी इसमें उतरने की हिम्मत नहीं कर सके। विमानन एक बहुत ही पेचीदा व्यवसाय है और छोटे उद्योगपतियों के लिए निर्धारित उड़ानें संचालित करना आसान नहीं है (यहां तक कि बड़े उद्योगपति भी विफल हो रहे हैं)। ऐसी अनेक समस्याएं हैं जिनका सामना छोटे ऑपरेटरों को करना पड़ रहा है। सबसे पहले जोखिम उठाने की क्षमता बहुत कम है जो विमानन व्यवसाय में प्रवेश करने के लिए एक बुनियादी आवश्यकता है। दूसरे, भारत में इको सिस्टोम में पूंजी लगाने की संरचना मौजूद नहीं है और कुछ बड़ी एयरलाइनों के साथ पिछले खराब अनुभवों के कारण कोई भी बैंक विमानन कंपनियों को पूंजी नहीं देना चाहता है। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी लगाने या पट्टे पर देने वाली संस्थाएं भी छोटी एयरलाइनों का सहयोग करने में झिझक रही हैं।

# रिश्वतखोरों पर संसदीय विशेषाधिकार लागू नहीं होगा



-ललित गर्ग-

"बहुमत जुटाने के लिए तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को रिश्वत रूप में खासा धन दिया गया। यह मामला अदालत में गया और तत्कालीन प्रधानमन्त्री स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव अपराधी बनाये गये। निचली अदालत में उन पर आरोप पत्र दाखिल हो गया और उन्हें अपनी जमानत करानी पड़ी। इस अदालत से उन्हें सजा भी हुई। यह प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा तो तब के विद्वान न्यायाधीशों ने इसे संसद के भीतर का मामला बता कर विशेषाधिकारों का हिस्सा बता दिया। इससे संसदीय विशेषाधिकारों का गलत इस्तेमाल होने लगा। चुने हुए प्रतिनिधि इन अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करते हुए संसदीय परम्परा एवं व्यवस्था को धुंधलाने एवं दागी बनाने लगे। इस एवं ऐसे राजनीति एवं संसदीय परम्परा से जुडे.अनेक मुद्दें पर स्वस्थ बहस हो"

**सर्वोच्च** न्यायालय की सात सदस्यीय संविधान पीठ ने सर्वसम्मति से ऐतिहासिक निर्णय देकर सांसदों व विधायकों के सदन के भीतर वोट देने या वक्तव्य देने के लिए रिश्वत लेने को अपराध की श्रेणी में डाल कर साफ कर दिया है कि इन सदस्यों को मिले विशेषाधिकारों का अर्थ भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी के जुर्म से उनका बरी होना नहीं है, क्योंकि सांसदों एवं विधायकों का भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी में लिप्त होना भारतीय संसदीय लोकतंत्र की नींव को कमजोर करता है। यह एक ऐसी राजनीति का निर्माण करता है जो नागरिकों को एक जिम्मेदार, उत्तरदायी एवं स्वस्थ लोकतंत्र से वंचित करता है। हमारे संविधान निमार्ताओं ने जनता द्वारा चुने गये प्रतिनिधियों को कुछ विशेषाधिकार सदनों के भीतर बिना किसी डर या लालच के जनता की आवाज और समस्याएं सरकार तक पहुंचाने के लिए दिये थे, अब संसद, विधानमंडल में भाषण या वोट के लिए रिश्वत लेना सदन के विशेषाधिकार के दायरे में नहीं आएगा। यानी अब अगर सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में भाषण देते हैं या वोट देते हैं तो उन पर कोर्ट में आपराधिक मामला चलाया जा सकता है। ऐसा होने से राजनीति को स्वच्छता, शुचिता एवं भ्रष्टाचारमुक्ति की ओर अग्रसर करने में बड़ी सफलता मिलेगी। भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देने एवं आदर्श शासन व्यवस्था स्थापित करने के लिये सांसदों एवं विधायकों का अपराधमुक्त होना जरूरी है। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब देश में आम चुनाव की घोषणा होने वाली है। जाहिर है, ऐसे माहौल में इस फैसले का भी कुछ न कुछ चुनावी असर को नकारा नहीं जा सकता। स्वस्थ, मजबूत एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये राजनीति स्वार्थों, दलगत समीकरणों से अलग हटकर एवं राजनीतिक नफा-नुकसान को देखे बिना ऐसे फैसलों को चुनावी मुद्दा बनाये जाने की भी अपेक्षा है, इसी से राजनीति में गहरे तक व्याप्त हो चुके राजनीतिक भ्रष्टाचार को समाप्त करने में मदद मिल सकती है।

मुख्य न्यायाधीश श्री डी.वाई. चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता में गठित संविधान पीठ ने इस सन्दर्भ में 1998 में इसी न्यायालय द्वारा दिये गये फैसले को निरस्त करते हुए कहा कि रिश्वत लेना विशेषाधिकारों के क्षेत्र से बाहर का मामला है जबकि 1998 में न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ ने इसे विशेषाधिकारों के क्षेत्र में रखते हुए निर्णय दिया था कि सदन के भीतर किये गये कार्यों के लिए सदस्यों को विशेषाधिकारों का संरक्षण एवं सुरक्षा प्राप्त होती है। अनुच्छेद 105/194 में प्रदत्त विशेषाधिकार सदस्यों के लिए एक भय मुक्त संसदीय वातावरण बनाने के लिए है न कि भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी से संसदीय लोकतंत्र को बर्बाद करने के लिये हैं। सुप्रीम कोर्ट झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों के रिश्वत कांड पर आए पूर्व आदेश पर विचार कर रहा था। आरोप था कि सांसदों ने 1993 में नरसिम्हा राव सरकार को समर्थन देने के लिए वोट दिया था। इस मसले पर 1998 में 5 जजों की बेंच ने फैसला सुनाया था। अब 25 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने उस फैसले को पलट दिया है। यह मुद्दा दोबारा इसलिये उठा, कि झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो शिबु सोरेन की बहू और विधायक सीता सोरेन ने अपने खिलाफ जारी आपराधिक कार्रवाई को रद्द करने की याचिका दाखिल की। उन पर आरोप था कि उन्होंने 2012 के झारखंड राज्यसभा चुनाव में एक खास प्रत्याशी को वोट देने के लिए रिश्वत ली थी। सीता सोरेन ने अपने बचाव में तर्क दिया था कि उन्हें सदन में ह्लकुछ भी कहने या वोट देनेह्व के लिए संविधान के अनुच्छेद 194(2) के तहत छूट हासिल है।

सभी सात न्यायमूर्तियों ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि विशेषाधिकारों का सृजन सदनों की कार्यवाहियों को निरापद ढंग से चलाने के लिए किया गया था न कि आपराधिक गतिविधियों की अनदेखी करने के लिए। भ्रष्टाचार या रिश्वत एक अपराध है जिसे सदन के भीतर या बाहर एक दृष्टि से देखना होगा। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि सांसदों का भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट कर देती है। हमारा मानना है कि संसदीय विशेषाधिकारों के तहत रिश्वतखोरी को संरक्षण हासिल नहीं है। न्यायमूर्ति चन्द्रचूड़ की पीठ ने इसी मुद्दे पर छायी धुंध को छांटने का काम किया है। इसके साथ ही देश की सबसे बड़ी अदालत ने विशेषाधिकारों के मुद्दे को न्यायिक समीक्षा के घेरे में ले लिया है। भले ही संसद विशेषाधिकारों के मुद्दे पर विचार करने वाली सर्वोच्च संस्था है मगर इसके सदस्यों के सदन के भीतर किये गये कार्यों की समीक्षा अब से सर्वोच्च न्यायालय में भी हो सकती है। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसले के जरिए देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को दिशा देने की कोशिश की है।

भ्रष्टाचार से निपटने के लिए संसद और विधानसभाएं ही अपने अधिकार क्षेत्र में कानून बनाती हैं मगर जब इनके सदस्य ही सदन के भीतर वोट देने या कोई वक्तव्य देने के लिए भ्रष्टाचार करते हैं तो उन्हें उनके ही बनाये गये कानूनों से छूट किस प्रकार मिल सकती है? गौर से देखा जाये तो सांसदों को 1998 में सदन के भीतर रिश्वत लेकर वोट देने के मामले में जिस तरह भ्रष्टाचार निरोधक कानून से छूट दी गई थी वह संसदीय एवं न्यायिक रूप से गलत था। तब मामला यह था कि 1996 में स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव की जो कांग्रेस सरकार गठित हुई थी उसे लोकसभा के भीतर पूर्ण बहुमत प्राप्त नहीं था। सदन में लाये गये विश्वास मत का सामना करने के लिए उसे दूसरे दलों के सदस्यों की जरूरत थी।

बहुमत जुटाने के लिए तब झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसदों को रिश्वत रूप में खासा धन दिया गया। यह मामला अदालत में गया और तत्कालीन प्रधानमन्त्री स्व. पी.वी. नरसिम्हा राव अपराधी बनाये गये। निचली अदालत में उन पर आरोप पत्र दाखिल हो गया और उन्हें अपनी जमानत करानी पड़ी। इस अदालत से उन्हें सजा भी हुई। यह प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा तो तब के विद्वान न्यायाधीशों ने इसे संसद के भीतर का मामला बता कर विशेषाधिकारों का हिस्सा बता दिया। इससे संसदीय विशेषाधिकारों का गलत इस्तेमाल होने लगा। चुने हुए प्रतिनिधि इन अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करते हुए संसदीय परम्परा एवं व्यवस्था को धुंधलाने एवं दागी बनाने लगे। इस एवं ऐसे राजनीति एवं संसदीय परम्परा से जुडे. अनेक मुद्दें पर स्वस्थ बहस हो, इसके लिए जरूरी है कि इन्हें संकीर्ण नजरिये से न देखा जाए। सवाल यह है कि अगर पैसे का या तोहफों का लेनदेन रिश्वत है तो फिर मंत्री पद या चुनावी टिकट या किसी और चीज के प्रलोभन में दलबदल या क्रॉस वोटिंग करना और कराना क्या है? इन विवादित विषयां पर भी स्पष्ट नीति एवं कानून बनाने जरूरी है। जाहिर है, इन कठिन सवालों के जवाब किसी के पास नहीं हैं। लेकिन अगर राजनीति को स्वच्छ बनाना है तो इन सवालों के उत्तर तो तलाशने ही होंगे।

दरअसल संसद या विधानसभाओं की कार्यवाहियों को सुचारू व भयमुक्त चलाने व निर्वाचित सदस्यों को जनता की समस्याओं को बिना भय या प्रलोभन के रखने के लिए ही विशेषाधिकरों का गठन किया गया था। उसे किसी भी सूरत में रिश्वत लेने की आड़ के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। ऐसा किया गया तो सांसदों और विधायकों की एक ऐसी बिरादरी बन जाएगी, जो कानून के ऊपर मानी जाने लगेगी। अब सर्वोच्च न्यायालय ने साफ किया है कि लोकतन्त्र को स्वस्थ, गतिशील व जवाबदेह बनाये रखने के लिए भ्रष्टाचार एवं रिश्वतखोरी जैसे मामले विशेषाधिकार की श्रेणी में नहीं रहेंगे। सांसद हो या आम लोग-दोनों के लिये कानून एक समान ही लागू होना एक आदर्श स्थिति है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत किया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला न सिर्फ देश की लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली में गहरे तक पेठ गये भ्रष्टाचार को दूर करता है बल्कि इंसाफ करने की प्रक्रिया में जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के अलग-अलग कानूनी अधिकारों को समाप्त कर समान न्याय को स्थापित करने की दिशा में एक नये सूर्य का उदय करता है। प्रेषकः-



## कविता

**स्त्रियां हमारी सोच से बहुत आगे हैं।**

**मैं सोच भी नहीं पाया**
**स्त्रियों की विशालता के बारे में ,**
**स्त्रियां हमारी सोच से बहुत आगे हैं,**
**इतनी संवेदना, इतनी गहराई और इतनी**
**सात्विक विशालता**
**के बारे में विचार**
**करने मेरे दिमागी तंतु**
**कमजोर से हो जाते हैं।**
**अग्नि का आविष्कार**
**जरूर पुरुषों ने किया है**
**इसका सही प्रयोग,**
**उपयोग जानती हैं,**
**अग्नि की तरह**
**स्त्रियां भी पवित्र होती है।**
**पवित्र अग्नि की तरह।**
**निर्मल होती हैं,**
**निर्मल निझारणी की तरह,**
**स्त्रियां स्त्रियां नहीं होती**
**संस्कार होती है,**
**एक स्त्री के जन्म लेने का**
**मतलब ही**
**दो परिवारों और**
**पीढ़ीयों को सुविचारित करना है,**
**एक स्त्री जो यह समझती है**
**एक घर चलाने में क्या समस्या है**
**तो निश्चित तौर पर वह**
**इस बात के नजदीक हैं**
**कि देश चलाने में**
**क्या समस्याएं है**

**संजीव**

## अधिकतम मतदान का आह्वान एक क्रांतिकारी शुरूआत

**ललित**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चचाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा।

अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है?

एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आव्हान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है।

## विचार

# समर्थ स्थाई अभियान आवश्यक

**संजीव**

**आपदा सदैव** अनअपेक्षित घटना होती है। जो मानवीय नियंत्रण से सदैव से बाहर होती है। प्राकृतिक आपदा अल्प समय में बिना किसी पूर्व सूचना के घटित होती है, जिससे मानव जीवन के सारे क्रियाकलाप अवरुद्ध हो कर,जान और माल की बड़ी हानि होती है । आर्थिक तंत्र एवं विकास तीतर बितर हो जाते हैं। आपदा की विद्रूपता, भयानक स्वरूप एवं निरंतरता मानव जीवन तथा समाज, देश को बड़ी हानि पहुंचाते हैं, एवं उस देश की आर्थिक स्थिति में गहरी चोट करते हैं। इन प्राकृतिक आपदाओं से देश की प्रगति पर चोट पहुंचती है। तथा राष्ट्र को आर्थिक रूप से बहुत पीछे खींच कर ले जाती है। आपदा प्रबंधन में जापान से सीख ली जा सकती है। क्योंकि जापान आपदा प्रबंधन में विश्व में अग्रणी देश माना जाता है। जापान पृथ्वी के ऐसे क्षेत्र में अवस्थित है, जहां भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं सदैव आती रहती हैं। जापान में आपदा प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक को याकोहामा रणनीति कहा जाता है। जापान में आपदा प्रबंधन की साल भर नियमित रूप से मॉनिटरिंग कर एक्सरसाइज की जाती रहती है, एवं आपदाओं पर निरंतर निगरानी तथा नजर रखी जाती है,एवं इसके निदान के लिए पूर्व से ही सुनियोजित योजना बनाकर नागरिकों को सुरक्षित कर लिया जाता है। भारत को भी इसी तरह आपदा प्रबंधन को अपनाकर अन्य आपदाओं के साथ कोविड-19 के लिए सतर्क होकर कार्रवाई की जानी चाहिए। आपदाओं के प्रति मानवीय सभ्यता के संदर्भ में समाज के आर्थिक सामाजिक रूप से कमजोर वर्ग को ज्यादा प्रभावित करती है। एवं समाज का सबसे संवेदनशील तबका यानी वृद्ध व्यक्ति, महिलाएं, बच्चों, दिव्यांग लोगों को प्राकृतिक आपदाओं से सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। आपदा के समय सबसे ज्यादा निम्न आय वर्ग का व्यक्ति तथा मजदूर तबके का व्यक्ति सबसे ज्यादा प्रभावित होकर उसकी दिनचर्या समूह रूप से छिन्न-भिन्न हो जाती है, एवं आर्थिक साधन भी नष्ट हो जाते हैं, जिससे उसे आजीविका का एक बड़ा भय सताने लगता है। भारत के भू भाग का लगभग 58% क्षेत्र भूकंप की संभावना वाला क्षेत्र है, जिसमें हिमालयिन क्षेत्र,पूर्वोत्तर राज्य, गुजरात का कुछ क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप समूह भूकंप की दृष्टि से सबसे सक्रीय क्षेत्र रहें है। देश के 65 से 68% भूभाग पर कभी कम कभी ज्यादा भीषण रूप से सूखा पड़ता है, इसी तरह भारत के पश्चिमी और प्रायद्वीपीय राज्य में मुख्यतः शुष्क तथा अर्ध शुष्क न्यून नमी वाले क्षेत्र सूखे से सदैव प्रभावित रहते हैं। बाढ़ से प्रभावित भूमि का विस्तार क्षेत्र देश के 12% है, यानी 7 करोड़ हेक्टेयर जमीन में भूकंप आने की संभावना सदैव बनी रहती है। हिमालय क्षेत्र देश के पर्वतीय क्षेत्र मैं भूस्खलन की गंभीर समस्या की संभावना सदैव बनी रहती है। देश के विशाल तटवर्ती क्षेत्र में चक्रवात तथा सुनामी की भयावह स्थिति की संभावना सदैव बनी रहती है।अब भारत में विश्व के साथ-साथ करोना संक्रमण की भयानक महामारी से प्रभावित होकर हजारों लाखों नागरिकों की जान गवा कर इस आपदा से जंग लड़ रहा है, यह कोविड-19 की महामारी या आपदा प्राकृतिक है या मानव निर्मित यह तो भविष्य ही बताएगा, किंतु इस महामारी ने पूरे वैश्विक स्तर पर आकस्मिक रूप से मानव जीवन में मृत्यु का तांडव मचा के रख दिया है। ऐसी ही अनपेक्षित आपदाओं का पूवार्नुमान अथवा आकलन किया जाना पहले से संभव नहीं हो सकता है। ऐसे में राष्ट्रीय अन्य योजनाओं के साथ-साथ आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अत्यधिक सावधानी पूर्वक योजना तथा विभाग बनाने चाहिए, देश में जापान जैसे देश की तरह आपदा प्रबंधन से निपटने के लिए अत्याधुनिक आपदा प्रबंधन सिस्टम को तैनात कर तैयार रखने की आवश्यकता होगी।

भारत को आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विभाग को चुस्त-दुरुस्त तथा अत्याधुनिक तकनीक से युक्त रखने की आवश्यकता है। तूफानी चक्रवात,सुनामी,भूस्खलन, भूकंप, सूखा बाढ़ के अलावा अब कोविड-19 यानी करोना संक्रमण जैसी खतरनाक बीमारियां भारत देश को अपना निशाना बना कर रखा है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# संत रैदास का दर्शन, हम और हमारा समाज

**कृष्ण कुमार निर्माण**

यह हमारे लिए खुशी और गर्व की बात है कि हमारे यहाँ हर दिन कोई ना कोई विशेष दिवस होता है।उसी कड़ी में संत रविदास जयंती है।संत रैदास कहते हैं कि-एकै माटी के सब भांडे,सब का एको सिरजनहारा।रैदास व्यापै एको घट भीतर,सब को एकै घड़ै कुम्हारा।।इसका साफ और सीधा अर्थ समझ आता है कि हम सब इंसान,एक ही ईश्वर ही सन्तान है और आपस में कोई भेद नहीं है।ऐसा ही कुछ बाबा नानक ने कहा है कि-एक नूर से सब जग उपज्या कौण भले,कौण मंदे।मतलब इसका भी साफ समझ आ रहा है कि इस धरती पर सभी मनुष्य अलग नहीं है बल्कि एक ही है।संत बाबा अवतार सिंह जी ने भी लिखा है कि-एको नूर है सबदे अंदर नर है चाहे नारी है,ब्राह्मण,खत्री,वैश्य,हरिजन एक दी खलकत सारी है।।इसका भी साफ मतलब है कि कोई भी बेगाना नहीं है,कोई ऊंच नीच नहीं है,कोई पराया नहीं है,कोई जात से बड़ा छोटा नहीं है बल्कि डंके की चोट पर सब एक हैं सबका एक आधार है ईश्वर,नाम ईश्वर के अलग अलग हो सकते हैं जैसे कि खुदा,भगवान,ईश,परवरदिगार आदि आदि पर ये सब पर्यायवाची हैं,अलग नहीं हैं।इन संतों के अलावा कितने ही ऐसे संत,महात्मा,पीर,फकीर,साधु,पैगम्बर हैं जिन्होंने ऐसी ही बातें कहीं हैं और न केवल कही हैं बल्कि अपने दौर में इस समाज को समझाने का प्रयास भी किया है।चूंकि आज संत रविदास जी की जयंती है जिन्हें हम संत रैदास जी भी कहते हैं।ऐसे समय में जब सारा भारत संत रविदास जी की जयंती को मना रहा है तो क्या हमें केवल जयंती मनाने तक ही सीमित रहना चाहिए या फिर उनकी कही गई बातों पर भी ध्यान देकर खुद को बदलना चाहिए?हमारा मानना है कि जयंती मनाई ही इसलिए जाती है कि जिसकी हम जयंती मना रहे हैं,उनके विचारों को आत्मसात करें और खुद को बदलें।आखिर हम खुद को कब बदलेंगे?क्योंकि आज भी जाति जिंदा है और इसी जाति के कारण बहुत भेदभाव है,अत्याचार है,अमानवीयता है जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता और हालात ये हैं कि इसी जाति के कारण लोग तिल-तिलकर मर रहे हैं फिर काहे की जयंती मना रहे हैं हम!

सोचिए और संतों से प्रेरणा लेकर खुद को बदलिए।

## फूलमाला

**डॉ. सुरेश**

**कहते हैं** काटने वालों से प्रेंम की अपेक्षा चिलमिलाती गर्मी में बारिश की प्रतीक्षा करनी जैसी है। जिस तरह दाँतों की बत्तीसी में काटने, कुतरने और चबाने के दाँत अलग होते हैं, ठीक उसी तरह शहर में काटने, कुतरने और चबाने वाले किस्म के बाहुबलियों की भरमार है। नए कमिश्नर के बारे में सुनते ही ये सारे बाहुबली दाँत कमिश्नर रूपी जीभ को अपना गुण बताने लगे। मसलन काटने, कुतरने और चबाने की उनकी सिद्धहस्तता जनाब जीभ को कितना नुकसान पहुँचा सकती है। अनजान गली में घुस आने वाले कुत्ता और बाहुबलियों के बीच कमिश्नर दोनों की दशा एक सी थी। कुछ बाहुबलियों ने कमिश्नर के गले में फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही हिदायत दी कि यह फूल तब-तक स्वागत फूल हैं जब तक कमिश्नर का व्यवहार उनके अनुकूल रहेगा। उन्नीस-बीस होने पर यही फूल मैयत पर चढ़ाई जाने वाली माला बनकर उनके फोटो की शोभा बढायेगी। इतना कहते हुए बाहुबली वहाँ से चल दिए।

यह सब देख वहाँ आए शहर के सभी सब इंस्पेक्टरों ने इशारों-इशारों में उन्हीं पानी की तरह बनने की सलाह दे डाली। कहा झ्र यह शहर एक गिलास है और आप पानी। जब तक तरल है, तब तक आपके लिए सब सरल है। ठोस बनने की कोशिश की तो तोड़ दिए जाओगे। वैसे छोटे बड़ों को उपदेश नहीं देते, लेकिन जब बात दुनियादारी की है, तो जिधर से मिले उधर से ले लेने में भलाई है। कमिश्नर को भी लगा कि ठोस बनकर कुटवाने से अच्छा तरल बनकर घुल-मिल जाने में भलाई है। कमिश्नर यही सब कुछ सोच रहा था कि उसकी नजर एक ऐसे सब-इंस्पेक्टर पर पड़ी जो बाकियों से जुदा था। कमिश्नर ने उसे पास बुलाकर पूछा झ्र तुम इन सबकी तरह कुछ सलाह नहीं देना चाहोगे? उसने झिझकते हुए कहा झ्र साहब! मेरी सोच इन सबसे अलग है। मैं कुछ कहूँगा तो आप बुरा मान जायेंगे। कौओं के बीच कोयल के चुप रहने में ही भलाई है। मैं चावल में कंकर नहीं बनना चाहता। कमिश्नर के बार-बार आग्रह करने पर उसने कहा - साहब! मैंने अब तक की मेरी ड्यूटी में हराम का एक रुपया नहीं खाया। अपना भोजन भी घर से लाता हूँ।

## न्यूज फ्लैश

### पंजाब दे शेर ने प्रमोशनल ऐक्टिविटीज के दौरान फैन्स को वितरित किये कंपलीमेंटरी पास और गिफ्ट हैंपर्स

**चंडीगढ़:** सिलेब्रिटी क्रिकेट लीग (सीसीएल) का जादू शहर के युवाओं को अति उत्साहित कर रहा है। आगामी आठ और नौ मार्च को मोहाली स्थित पंजाब क्रिकेट ऐसोसियेशन (पीसीए) स्टेडियम में सिने सितारे के बीच आयोजित होने वाले तीन मैचों के लिये युवाओं में भारी क्रेज देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सीसीएल ट्राफी की प्रबल दावेदार और होम टीम पंजाब दे शेर ने शहर के विभिन्न स्थानों में प्रोमोशनल एक्टिविटीज आयोजित कर सभी को मैच देखने का न्यौता दिया। टीम के लीग स्टार्स – बब्बल राय और नींजा ने अपने फैन्स के साथ न केवल बर्थडे केक काटा बल्कि उनके साथ खूब मस्ती भी की। टीम ने ऐलांते माल, चंडीगढ़ युनिवर्सिटी, चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेस, देव समाज कॉलेज, सीपी माल और साथ लगती मार्केट का दौरा किया। इन प्रोमोशन के दौरान टीम ने लगभग तीन हजार से अधिक युवाओं को मैच देखने का निमंत्रण दिया। टीम स्टार्स ने अधिकांश के साथ सेल्फी भी खिंचवाई और लगभग 200 वीआईपी पास और 80 गिफ्ट हैंपर्स वितरित भी किये। हैंपर्स और पास प्राप्त करने वाले फैन्स ने टीम का आभार व्यक्त किया और भरोसा दिलाया कि वे पंजाब दे शेर की हौसला अफजाई करते रहेंगें।

8 मार्च की शाम को पंजाब दे शेर, बंगाल टाईगर्स के विरुद्ध खेलेगी जबकि अगले दिन नौ मार्च की शाम को टीम का मुकाबला रितेश देशमुख की अगुवाई वाली मुंबई हीरोज के साथ है। इस मैच में सोहेल खान, सुनील शेट्टी, जेनेलिया देशमुख आदि कई चर्चित चेहरे शामिल होंगें। टीम ओनर पुनीत सिंह और को-ओनर नवराज हंस ने बताया कि मैचों से पहले प्रमोशनल एक्टिविटीज का यह सिलसिला इसी तरह जारी रहेगा।

### परिणीति चोपड़ा समर्थित क्लेन्स्टा 100 करोड़ रुपये की एआरआर तक पहुंची, एफवाय24 में 300% की वृद्धि

**नई दिल्ली।** परिणीति चोपड़ा समर्थित पर्सनल केयर स्टार्टअप क्लेन्स्टा ने कहा है कि एक्ट्रेस से इंटरप्रेन्योर बनीं परिणीति को कंपनी में शामिल करने के बाद, पिछले आठ महीनों में ही उसने 100 करोड़ रुपये का एआरआर (वार्षिक रन रेट) हासिल कर लिया है, और अब अगले तीन वर्षों में एआरआर 1000 करोड़ रुपये तक बढ़ जाने की उम्मीद है।एफवाय24 के दौरान उक्त अवधि में मिली 300% की उछाल से उत्साहित होकर, क्लेन्स्टा सेम-स्टोर, सेम-सिटी विकास के माध्यम से, अपने मौजूदा 57 ध्यान-केंद्रित शहरों में हर जगह गहरी पैठ बनाना चाहती है। इसके अतिरिक्त, अपनी अनूठी उत्पाद पेशकश के चलते क्लेन्स्टा, जीसीसी और यूएई में द लुलु



समूह के साथ तथा अफ्रीका में कैरेफोर जैसे वैश्विक दिग्गजों के साथ रणनीतिक साझेदारी करके, अपने वैश्विक पदचिह्नों का विस्तार कर रही है। ब्रांड ने अपने कामयाब अभियान का दूसरा चरण भी लॉन्च कर दिया है, जिसे सर्वप्रथम पिछले साल नवंबर में शुरू किया गया था- इसके तहत क्लेंस्टा के बेचे गए हर उत्पाद के साथ, ब्रांड ने वंचित लोगों को पेयजल की बोतल प्रदान की थी। यह नेक कार्य, क्लेंस्टा की सभी को जल सुरक्षा उपलब्ध कराने वाली लंबे समय से चली आ रही फिलॉसफी के अनुरूप है।क्लेन्स्टा के संस्थापक पुनीत गुप्ता ने कहा कि ह्लहम इस शानदार उपलब्धि को हासिल करके रोमांचित हैं। यह हमारी टीम के समर्पण और उपभोक्ताओं द्वारा हम पर जताए गए भरोसे को लेकर बहुत कुछ कहता है। यह यात्रा हमें बेहद गर्व से भर देती है।

### निवेश करना है तो टाटा एआईए प्लान्स के बारे में जरूर सोचें

**नोएडा ।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, टाटा एआईए ने धन जुटाने के इच्छुक निवेशकों के लिए पिछले कुछ वर्षों में लगातार नए निवेश के अवसर पेश किए हैं। टाटा एआईए ने कई अलगअलग थीम्स को लेकर 8 यूनिट लिंक्ड उत्पादों का एक प्रभावकारी सूट विकसित किया है। वैश्विक बेंचमार्क मॉर्निंगस्टार रेटिंग्स* ने टाटा एआईए लाइफ के रेटेड एयूएम में से 95.25% को 31 जनवरी 2024 को पांच सालों के आधार पर 4 या 5 स्टार रेटिंग दिए हैं।टाटा एआईए की निवेश



नीति पॉलिसीधारकों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ती है और बेहतर, सुसंगत और जोखिम-समायोजित दीर्घकालिक रिटर्न देने पर केंद्रित है। स्पष्ट अनुसंधान प्रक्रिया और बॉटम-अप स्टॉक-पिकिंग रणनीति को अपनाते हुए, टाटा एआईए स्थिर और दृढ़ निवेश प्रथाओं का पालन करता है, जो बाजार चक्रों से प्रभावित नहीं होती हैं।टाटा एआईए के फंड प्रदर्शन पर टाटा एआईए के एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट और चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर श्री हर्षद पाटील ने कहा, "टाटा एआईए में, हम अपने उपभोक्ताओं को उनके प्रियजनों के लिए वित्तीय सुरक्षा के साथ-साथ श्रेणी में सर्वोत्तम और उच्च रेटिंग वाले निवेश के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# देश के विकास में महिलाओं का योगदान पुरुषों से कम नहीं: मीनाक्षी

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में हुई कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः अंतर्राष्ट्रीय महिला** दिवस के उपलक्ष्य में डॉ बी आर अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय सोनीपत में महिलाओं में निवेश करें: प्रगति में तेजी लाएं विषय पर बुधवार को कुलपति प्रो अर्चना मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यशाला संपन्न हुई. विश्वविद्यालय कुलगीत से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया. कार्यशाला में दिल्ली विश्वविद्यालय की संयुक्त रजिस्ट्रार मीनाक्षी सहाय, दिल्ली विश्वविद्यालय फाउंडेशन की मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ. गीतांजलि काला, प्रख्यात लेखिका वनश्री अग्रवाल वक्ता रही. कुलसचिव डॉ रामफूल शर्मा ने वक्ताओं का स्वागत किया. मीनाक्षी सहाय ने संबोधित करते हुए कहा कि देश के विकास में महिलाओं का योगदान पुरुषों से कम नहीं है परंतु महिलाओं को पुरुषों के



बराबर सम्मान नहीं मिला. प्राचीन काल से ही महिलाओं ने कठोर परिश्रम से राष्ट्र के लिए कार्य किया है लेकिन इतिहास के पन्नों से अछूती रही. सर्वविदित है कि सदियों से समाज में महिलाओं को दोयम दर्जा दिया गया है. महिलाएं अपनी मेहनत और परिश्रम से आज शिक्षा, राजनीति, खेल, मनोरंजन, सैन्य व रक्षा जैसे अनेकों क्षेत्रों में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर अपना लोहा मनवा रही है और राष्ट्र निर्माण में अपना अभूतपूर्वक योगदान दे रही है. हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है.

ग्रामीण में आंचल में आज भी महिलाएं अपने अधिकारों से अनभिज्ञ है. एनजीओ से लेकर सरकार तक महिलाओं को जागरूक कर रही है. डॉ. गीतांजलि काला ने कहा कि महिलाओं के सम्मान, शिक्षा और सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता का अधिकार दिलाना ही इस दिवस का मुख्य उद्देश्य है. उन्होंने कहा वेदों में ऋषियों की भूमिका पर प्रकाश डाला है और कहा कि वेदों में महिलाओं को बहुत सम्मान दिया गया. भारतीय संस्कृति में महिलाओं की भूमिका सशक्त रही. लेखिका वनश्री अग्रवाल ने अहिल्या बाई होलकर का जिक्र करते हुए छात्र छात्राओं को संबोधित किया. उन्होंने अहिल्या बाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि महिलाओं के विकास के लिए जो अवसर मिलते है उससे न केवल अकेली खुद महिला सशक्त होती है बल्कि वो पूरे परिवार, समाज एवं देश को सशक्त बनाती है और राष्ट्र को आगे बढ़ाने का कार्य करती है. कार्यक्रम कन्वीनर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ पूजा जायसवाल ने सभी वक्ताओं का आभार व्यक्त किया. उन्होंने नारी को सशक्त होने के अवसरों पर जोर दिया.

## निबंध लेखन प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**कमाल हुसैन**

**पानीपतः बी.कॉम.** द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन`आज आई .बी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वाणिज्य तथा प्रबंधन विभाग द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।इसमें में कुल 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया! प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर विचार प्रकट किये जैसे क्रिप्टो करेंसी, डिजिटल इन्नोवेशन व ई-कॉमर्स । प्रतियोगिता में आशना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया` अंशु खुराना द्वितीय स्थान पर रही और समीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ` गुनगुन ने सांत्वना पुरस्कार जीता` प्रतियोगिता का संचालन प्रो.रीना रानी ने कियोप्राचार्य डॉ अजय कुमार गर्ग ने विद्यार्थियों को इस तरह के प्रोग्राम में भागीदारी लेने के लिए प्रेरणा दी, उन्होंने कहा कि क्रिप्टोकरंसी, डिजिटल इन्नोवेशन व ई-कॉमर्स के आगमन ने दुनिया के प्रदर्शन को बदल दिया है जैसे-जैसे हम डिजिटल युग में आगे बढ़ रहे हैं , यह प्रौद्योगिकियों प्रयोग किया शक्तिशाली उपकरण के रूप में उभरी है नवाचार को बढ़ावा दे रही है और विभिन्न उद्योगों में क्रांति ला रही है` वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ सुनित शर्मा ने कहा कि अगर हमें अपना पूर्ण विकास करना है तो शिक्षा के साथ-साथ इस तरह की गतिविधियों में भी योगदान करना होगा।

## तहसील व बीडीपीओ कार्यालय पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापेमारी

**यमुनानगर : सरस्वती** नगर में तहसील कार्यालय एवं बीडीपीओ कार्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने छापेमारी की। मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम में इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, सब इंस्पेक्टर जयकुमार, सब इंस्पेक्टर राजेश, ए.एस. आई. संजय कुमार शामिल थे। उन्होंने बुधवार को तहसील कार्यालय में पहुंचकर रिकॉर्ड की जांच की, लेकिन वहां उन्हें कुछ नहीं मिला। नायब तहसीलदार व रजिस्ट्री क्लर्क भी गैर हाजिर मिले। टीम अपने साथ दस्तावेज ले गई है। मौके पर उन्होंने नायब तहसीलदार आनंद रावल को फोन पर संपर्क करना चाहा।

# महर्षि स्वामी दयानंद जन्म उत्सव मनाया गया

## आज आम आदमी पार्टी प्रदेश सहसचिव सुखबीर मलिक आर्य समाज के उत्सव में शामिल हुए

**आशीर्वाद**

**8 प्रभात फेरी सुबह 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आर्य समाज हुडा पानीपत में आयोजित की जाएगी**

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः सेक्टर** 12 आर्य समाज मंदिर में महर्षि स्वामी दयानंद जन्म उत्सव एवं ऋषि बोधोत्सव मनाया गया। जिसमें आम आदमी पार्टी सहसचिव सुखबीर मलिक आर्य समाज का उत्सव में मुख्य अतिथि शामिल हुए। सुखबीर मलिक ने आर्य समाज के इस उत्सव में



शामिल होकर आशीर्वाद प्राप्त किया आर्य समाज सुरेश मलिक आर्य रामनारायण रावल नरेंद्र नाथ जी व अन्य गणमान्य पदाधिकारी द्वारा उन्हें पुष्पमाला और एक हवन कुंड भेंट किया गया। सुखबीर मलिक ने महर्षि दयानंद की कामों को अपने जीवन में उतारने के लिए चर्चा की।

इस कार्यक्रम के दौरान आर्य समाज द्वारा बताया गया महर्षि स्वामी दयानंद जन्मोत्सव 4 मार्च से शुरू होकर 7 मार्च तक चलेगा इसमें प्रभात फेरी सुबह 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आर्य समाज हुडा पानीपत में आयोजित की जाएगी

प्रसिद्ध भजन गायक सविता आर्य जो( अंबाला से है ) के भजनों ने समां बांध दिया। सुखबीर मलिक ने भजन संध्या और यज्ञ में भाग लिया इस मौके पर आर्य समाज की तरफ से भी आत्म प्रकाश बरेजा

निर्मला वस्तु अजय गर्ग ,बेला भाटिया नवीन गाबा आत्म प्रकाश बरेजा शारदा बरेजा राजकुमार त्यागी आदि गण मान्य व्यक्ति उपस्थित थे आम आदमी पार्टी की तरफ से राजकुमार मुंडे होशियार सिंह और मुकेश शर्मा और संदीप मनचंदा उपस्थित थे।

## युवती को बंधक बनाकर गैंगरेप, तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथलः कैथल** में रह रही गांव खेड़ी लांबा की एक 23 वर्षीय युवती को तीन लोगों ने बंधक बनाकर उसके साथ गैंग रेप किया। तीनों ने डरा धमका कर उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाए और किसी को बताने पर जान से मारने की भी धमकी दी। घटना 5 महीने पहले की बताई गई है। पुलिस ने इस मामले में बुधवार को तीनों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि इस समय वह शहर की एक कॉलोनी में रहती है। वर्ष 2023 में वह अपने किसी काम से लघु सचिवालय में गई थी। वहां उसकी जान-पहचान कोलायत के गांव हरिपुरा के रहने वाले सुखदेव नाम के व्यक्ति से हो गई। जो एक वकील के पास कार्य करता है। उनकी आपस में बात होने लगी। सुखदेव ने उसकी जान-पहचान जितेंद्र नामक युवक से करवा दी। उसके बाद वह शहर में हिसार के गांव भेरियां निवासी जितेंद्र के साथ लिव इन में रहने लगी। पांच अक्टूबर 2023 को आरोपी सुखदेव, जितेंद्र व उसके गांव का लड़का जुम्मा उसे सनसिटी के एक फ्लैट में ले गए। वहां पर तीनों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपियों ने उसे बंधक बना लिया व उसे जान से मारने का भय दिखाकर उसके साथ अप्राकृतिक संबंध भी बनाए। किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। जांच अधिकारी सुदेश रानी ने बताया कि पुलिस ने तीनों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# पांच हजार महिलाओं को दिया जाएगा ड्रोन चलाने का कौशल प्रशिक्षण: राजेश सपरा

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर**

देश में लखपति दीदी सम्मेलन आयाजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को संबोधित किया। प्रदेश में बुधवार को खंड, जिला व राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। गुरु नानक कन्या महाविद्यालय यमुनानगर के सभागार में भी आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा मुख्यातिथि तथा शक्ति वंदन कार्यक्रम की जिला संयोजक रोजी आनंद मालिक शामिल रहीं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्ग दर्शन में महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबन के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। सरकार द्वारा पूरे देश में स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के तहत प्रदेश की पांच हजार महिलाओं को ड्रोन चलाने का कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, ताकि वह प्रति वर्ष एक लाख रुपए से अधिक कमा सकें। समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक समूह सदस्यों द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेचने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा बस-स्टैंडस पर दुकान उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

## सीएम वर्चुअल माध्यम से 24 परियोजनाओं की सौगात देंगे

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः** मुख्यमंत्री मनोहरलाल वीरवार को वर्चुअल माध्यम से जिला को 115 करोड़ 58 लाख 86 हजार रुपए की अनुमानित लागत की 24 विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। जिसके लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला सचिवालय के द्वितीय तल के सभागार में वीरवार को प्रातः 11 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इन परियोजनाओं में हथवाला यमुना पुल, अतौलापुर से छाजपुर खुर्द तक नई सडक, अतौलापुर से जलालपुर तक नई सडक, गन्नौर-शाहपुर सडक का नवीनीकरण, भैसवाल अप्रोच सडक पर कंक्रीट ब्लॉक का काम, रजापुर से ददलाना सडक का नवीनीकरण, शिमला-मौलाना से चंदौली तक सडक का नवीनीकरण, बापौली, शिमला गुजरान, गोयलाकला, मतनौली मौजूद रहे।

# माता-पिता को अकेला छोड़कर मत जाएं

**समालखा ( कुलदीप सिंह ) चलो थियेटर** उत्सव के पांचवें दिन संध्या छाया नाटक का मंचन किया गया। चंडीगढ़ की टीम ने इस नाटक का मंचन करते हुए संदेश दिया अपने माता-पिता को अकेले छोड़कर न जाएं। विदेश में खूब पढ़ें लेकिन लौटकर अपने घर आ जाएं। क्योंकि परिवार साथ है तभी खुशियां हैं।

राास कला मंच की ओर से पाइट कॉलेज में चलो थियेटर उत्सव मनाया जा रहा है। हरियाणा कला परिषद, संस्कृति मंत्रालय एवं गीता सरोवर पोर्टिको का इसमें सहयोग है।

संध्या छाया नाटक का निर्देशन थिएटर फॉर थिएटर के निर्देशक एवं चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के चेयरमैन सुदेश शर्मा ने किया। महाधु ने अमनदीप सिंह, दीनू और विनय का किरदार

**नाटक का संदेश**

**8 अपने माता-पिता को अकेले छोड़कर न जाएं। विदेश में खूब पढ़ें लेकिन लौटकर अपने घर आ जाए**

नवदीप बाजवा, रवींद्र ठाकुर का किरदार श्याम देश पांडेय ने निभाया। सुदेश शर्मा और मधुबाला में मंचन में दिखाया कि उनके दोनों बेटे बाहर चले गए हैं। एक बेटा अमेरिका है तो दूसरा बेटा आर्मी में है। अमेरिका में गया बेटा वहीं शादी कर लेता है। माता-पिता को खबर तक नहीं देता। घर लौटने से इन्कार कर देता है। छोटा बेटा जंग में शहीद हो जाता है। रोते हुए पिता जब बड़े बेटे से कहते हैं कि तू यहां रह जा, तब वो कहता है कि यह देश मक्कारों का है। तब पिता चिल्ला उठते हैं। मां उसे समझाती है लेकिन बेटा अमेरिका चला जाता है। दोनों अपनी जिंदगी समाप्त करने लगते हैं, तभी उनका घरेलू नौकर नन्ही बच्ची को लेकर आ जाता है। उसी बच्ची की रोशनी में खुद को समेट लेते हैं दोनों। दर्शकों की आंखों में आंसू ले आता ये नाटक सोचने पर विवश करता है कि आखिर हम इतने स्वार्थी क्यों होते जा रहे हैं। इस अवसर पर रास कला मंच के निदेशक रवि मोहन, पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, धनसौली राजकीय स्कूल की प्रिंसिपल मीनू चौधरी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, पाइट एनएफएल की प्रिंसिपल रेखा बजाज मौजूद रहीं।

## महिलाएं हैं परिवार की धुरी इनका आत्मनिर्भर होना जरूरी: निर्मल चौधरी

**सोनीपतः विधायक** निर्मल चौधरी ने बुधवार को गन्नौर में कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी है, इसलिए परिवार व देश के विकास के लिए महिलाओं का स्वावलंबी और आत्मनिर्भर होना जरूरी है। केन्द्र व प्रदेश सरकारें महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर व आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही हैं, जिनका लाभ लेकर आज देश की बहनें हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं। खंड स्तरीय लखपति दीदी महा सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए गन्नौर से विधायक निर्मल चौधरी ने वर्चुवल माध्यम से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का संबोधन सुना।

# युवक की हत्या करने मामले में नाबालिग आरोपी गिरफ्तार

## पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया

**कमाल हुसैन**

**पानीपतः सीआईए** श्री पुलिस टीम ने जौरासी रोड पर गणेश कॉलोनी में बागवाला मोहल्ला निवासी रविंद्र उर्फ बिल्लू (20) की हत्या मामले में आठवें आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान नाबालिग के रूप में हुई।

सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ के बाद पुलिस ने मंगलवार को नाबालिग आरोपी को जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया जहा से उसे बाल सुधार गृह मधुबन भेजा गया। मामलें में पहले पकड़े जा चुके 7 आरोपी मोहित निवासी महावटी, राहुल व रोहित निवासी डांग खुर्द, मोहित व हरिश निवासी बलियाली व नवीन



निवासी सांगवान भिवानी, रोहित उर्फ मंगू निवासी नैना तातारपुर हाल कुमासपुर सोनीपत से वारदात में प्रयुक्त ईट बरामद कर रिमांड आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजा जा चुका है। समालखा चौकी इंचार्ज एएसआई वीरेंद्र ने बताया कि समालखा चौकी में धर्मबीर पुत्र रामकुमार निवासी बागवाला मोहल्ला समालखा ने शिकायत देकर बताया था कि उसका छोटा लड़का रविंद्र उर्फ बिल्लु 20 उसके साथ सब्जी की रेहड़ी पर काम करता है। बेटे से बाग वाला मोहल्ला निवासी मोना, चुलकाना निवासी शिवम उर्फ शुभम, गणेश कालोनी निवासी दिपांशु व भिवानी निवासी मोहित रंजिश रखते थे। पहले भी कई बार रहेड़ी पर आकर धमकी देकर गए थे। 9 फरवरी को रविंद्र को मोना घर से बुलाकर ले गया था। देर रात उन्हें सूचना मिली रविंद्र की जोरासी रोड पर गणेश कालोनी में चोट मारकर हत्या कर दी गई है। वह मौके पर गया तो मौना की बाइक टुटी पड़ी थी। आसपास लगे सीसीटीवी केमरा चैक किये तो दिपांशु उर्फ काला, के मकान में शिवम उर्फ शुभम, मोहित व इनका दोस्त, मंगू, वंशु व तीन अन्य लड़के रात के समय रूके थे।

# ऑर्किड्स स्कूल के छात्र सार्थक आर्य ने स्वर्ण पदक जीता

## ऑर्किड्स स्कूल सोनीपत के छात्र सार्थक आर्य ने विश्व टेबल टेनिस यूथ कंटेंडर अल्जीरिया 2024 में स्वर्ण पदक जीता

**कमाल हुसैन**

**पानीपत** , ऑर्किड द इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत के एक युवा छात्र की उल्लेखनीय उपलब्धि ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को वैश्विक पहचान दिलाई है। 9वीं कक्षा के छात्र सार्थक आर्य ने विश्व टेबल टेनिस यूथ कंटेंडर अल्जीरिया में अंडर 15 एकल वर्ग में स्वर्ण पदक, ला कूपोल डी अल्जीरिया एरिना अल्जीयर्स में अंडर 15 मिश्रित युगल वर्ग में स्वर्ण पदक और रजत पदक जीता। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर ट्यूनीशिया में, टेबल टेनिस में व15 मिश्रित युगल वर्ग में, जो सैले ओम्निस्पोर्ट डी रेड्स,



रेड्स, ट्यूनीशिया में हुआ था। गौरव के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, सार्थक ने अटूट दृढ़ संकल्प और असाधारण प्रतिभा के माध्यम से युगल, मिश्रित युगल और एकल श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की और अपनी यात्रा में विजय प्राप्त की। उनकी उपलब्धियों की परिणति 'देश का प्रतिनिधित्व करने वाले चार उत्कृष्ट व15 लड़कों में से एक' के रूप में उनके चयन के रूप में हुई। वह व15 में राष्ट्रीय चैंपियन भी हैं। सार्थक आर्य की उपलब्धि के बारे में बोलते हुए, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल-सोनीपत कैंपस की प्रिंसिपल रोमिता शर्मा ने कहा, ऑर्किड्स की ओर से हम सार्थक को इस अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। सार्थक के इस उपलब्धि से छात्रों को न केवल शैक्षणिक रूप से बल्कि शैक्षणिक गतिविधियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित मिलेगा। उन्होंने कहा हमारा पाठ्यक्रम प्रत्येक छात्र में एक सर्वांगीण भावना पैदा करने पर केंद्रित है। सार्थक आर्य की उल्लेखनीय यात्रा कई अन्य छात्रों को खेल अपनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रेरित करेगी।अपनी उपलब्धि से उत्साहित सार्थक आर्य ने कहा, अल्जीरिया और ट्यूनीशिया में विश्व टेबल टेनिस यूथ कंटेंडर स्पधाओं में सफलता प्राप्त करने पर मैं अविश्वसनीय रूप से सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहा हूं। वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। मैं शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों दोनों में मुझे अटूट समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, सोनीपत, मेरे कोच, शिक्षकों और प्रिंसिपल के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं।

# पूरा देश करता है प्रधानमंत्री नरेंद्र का सम्मान : बाबा बिंदल

**सोनीपत/संजीव कौशिक।।**

**भाजपा लघु** उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेशाध्यक्ष बाबा अमित बिंदल ने बुधवार को सोनीपत लोकसभा के गोहाना और खरखौदा विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम का आयोजन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्णिम 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों की पुस्तिका वितरित की। कार्यक्रम की शुरूआत गोहाना विधानसभा से की गई। जहां पर सुबह के समय परशुराम चौक से पुस्तिका वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। भाजपा नेता बाबा अमित बिंदल के नेतृत्व में गोहाना के प्रमुख चौक-चौराहों से लेकर बाजारों तक में पुस्तिका का वितरण किया गया।



इसके उपरांत दोपहर बाद खरखौदा विधानसभा में शिव मंदिर बिजली बोर्ड के सामने से पुस्तिका वितरित की गई। इस दौरान भाजपा नेता बाबा अमित बिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश का गौरव हैं। विपक्ष के लोग नरेंद्र मोदी पर परिवार को लेकर टिप्पणी करते हैं तो पूरा देश नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा हो जाता है और नरेंद्र मोदी को अपना परिवार बताता है। इससे स्पष्ट है कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कितना प्यार करता है और उनका सम्मान करता है।

# 'मेरा कर्तव्य है कि मैं सरकार के सामने मुद्दे उजागर करूं...'

## पदभार संभालने के पहले दिन से ही आज तक मैने 650 दिनों में दिल्ली के विभिन्न इलाकों में 1600 किमी से अधिक पैदल चलकर स्थिति का जायजा लिया: एलजी

**टकराव**

**8 शाहदरा स्थित कलंदर कॉलोनी जा कर वहां की नर्क से भी बदतर बदहाली देखी: एलजी**





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना ने एक बार फिर से सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए एक्स पर एक पोस्ट साझा की है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'प्रिय अरविंद केजरीवाल दिल्ली का उपराज्यपाल होने के नाते ये मेरा संवैधानिक दायित्व और कर्तव्य है कि मैं अपनी सरकार के मुख्यमंत्री के समक्ष जनता के मुद्दों को उजागर करूं तथा दिल्ली के लोगों द्वारा झेली जा रही समस्याओं की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करूं।' उपराज्यपाल ने लिखा, 'यह कुछ नया नहीं है। पदभार संभालने के पहले दिन से ही आज तक मैने 650 दिनों में दिल्ली के विभिन्न इलाकों में 1600 किमी से अधिक पैदल चलकर स्थिति का जायजा लिया और हमेशा आपको समस्याओं से अवगत कराता रहा। ऐसा मैं पिछले डेढ़ वर्षों से करता रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा। कल शाम इसी सिलसिले में उत्तर-पूर्वी दिल्ली के शाहदरा स्थित कलंदर कॉलोनी जा कर वहां की नर्क से भी बदतर बदहाली देखी। सड़क के नाम पर गड्ढे, जाम पड़ी नालियां, कचरे के ढेर और बदबू के बीच रह रहे लोगों की दुर्दशा को शब्दों में बयां कर पाना संभव नहीं है।' उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने लिखा, 'स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां लगभग 4 हजार घरों में 35-40 हजार लोग पाशविक जिंदगी जीते हैं। इस झुग्गी बस्ती में बुनियादी जनसुविधाएं देना डीयूएसआईबी की जिम्मेदारी है।


### 'मैं आपका शुक्रगुजार हूं कि हमारी कमी बतायीं...'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बीच एक जुबानी जंग कोई नई बात नहीं है। दोनों के बीच मंगलवार को एक बार फिर से ऐसा ही नजारा देखने को मिला। उपराज्यपाल ने अपने एक्स अकाउंट पर गंदगी और खस्ताहाल सड़कों के फोटो साझा करते हुए दिल्ली सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा है, 'स्थानीय निवासियों के अनुरोध पर कल संगम विहार गया था। नौ साल के शिगूफों के बावजूद इलाके में रह रहे 20 लाख से ज्यादा लोग मूलभूत जनसुविधाओं से वंचित, नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। न सड़कें हैं, न सीवर, न कूड़े की सफाई'। इस पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी पलटवार किया है। उन्होंने कमियां बताने पर एलजी का धन्यवाद किया है। उपराज्यपाल ने आगे लिखा है कि 'बेतरतीब लटकती बिजली की तारें खतरनाक हैं और उबड़-खाबड़ सड़क पर मेरे सामने ही रिक्शा पलटा और एक महिला घायल हुई। उफनती नालिया, कचरे के ढेर और सीवर के बदबूदार पानी से भरी गलियां, भारत की राजधानी में होंगी, देश इसकी कल्पना नहीं कर सकता। सम्बंधित सभी विभाग- आई एंड एफसी, जल बोर्ड, शहरी विकास, डीएसआईआईडीसी पूर्णत: दिल्ली सरकार के अधीन हैं और एमसीडी भी आपके तहत ही है। ऐसी ही स्थिति मैने किराड़ी और बुराड़ी में भी देखी।

### सीएम ने किया पलटवार

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लिखा है, 'मैं आपका शुक्रगुजार हूं कि आपने हमारी कमियां बतायीं। इसके पहले आपने किराड़ी और बुराडी की कमियों को भी उजागर किया था। मैं अभी मुख्य सचिव को आदेश दे रहा हूं कि वो सात दिन के अंदर इन सभी इलाकों की इन सभी कमियों को दूर करें। जो काम आप कर रहे हैं, वो काम विपक्ष को करना चाहिए था। सत्ता पक्ष की कमियां निकालना विपक्ष का काम है। दुर्भाग्यवश, आज विपक्ष यानि भाजपा के सातों सांसद राजनीति से संन्यास लेने में व्यस्त हैं और आठों विधायक गहरी निद्रा में सोये हैं। यही कारण है कि दिल्ली की सत्ता पिछले 26 साल से भाजपा से दूर है। इसलिए, मजबूरीवश, एलजी के संवैधानिक पद पर होते हुए भी विपक्ष की भूमिका आपको निभानी पड़ रही है। जो कमियां आपने बतायी हैं, जिन अधिकारियों को ये काम करना था और उन्होंने नहीं किया, उनके खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन होना चाहिए।

# पीएम मोदी द्वारका एक्सप्रेस-वे का करेंगे उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम: लोकसभा चुनाव 2024** के ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरु द्रोण की धरती से गुरुग्राम के क्षेत्र में तैयार हो चुके द्वारका एक्सप्रेसवे का उद्घाटन करेंगे। आगामी 11 मार्च को प्रधानमंत्री का दौरा तय हो चुका है। हालांकि उद्घाटन की तैयारियों एनएचएआई की ओर से पिछले कई दिनों से की जा रही हैं। उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री इस एक्सप्रेस-वे पर रोड शो भी करेंगे। हरियाणा क्षेत्र में द्वारका एक्सप्रेसवे की लंबाई 18.9 किलोमीटर है। दिल्ली क्षेत्र में 10.1 किलोमीटर है। द्वारका एक्सप्रेसवे करीब नौ हजार करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार हुआ है। गुरुग्राम क्षेत्र में द्वारका एक्सप्रेसवे से बहादुरगढ़, झज्जर, रेवाड़ी जाने के लिए रास्ते निकाले गए हैं। देश में

**नोटिस पर जवाब**

**8 एक्सप्रेस-वे पर रोड शो भी करेंगे। हरियाणा क्षेत्र में द्वारका एक्सप्रेसवे की लंबाई 18.9 किलोमीटर है**

अपनी तरह के पहले इस एलिवेटेड 8 लेन एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेसवे का गुरुग्राम का हिस्सा बनकर पूरी तरह से तैयार हो चुका है। दिन-रात फिनिशिंग में कर्मचारी जुटे हुए हैं। एक्सप्रेसवे के आसपास लोगों द्वारा बनाई गई झोंपडियों, अस्थायी दुकानों को हटाया जा रहा है। यहां एक्सप्रेसवे किनारे सेक्टर-36 में बनी एवीएल36 सोसायटी के बाहर दर्जनभर ऐसे निमार्णों को जेसीबी से ढहा दिया गया।

# मिट्टी का तेल डालकर बहू को जलाने पर 70 वर्षीय सास को उम्रकैद

**फैसला**

**8 इस मामले में आरोपित मृतका के पति अनिल और ससुर रतन लाल की कुछ साल पहले ही मौत हो चुकी है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बारह साल पहले मिट्टी का तेल डालकर बहू को जलाने पर 70 वर्षीय सास को कड़कड़डूमा कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में आरोपित मृतका के पति अनिल और ससुर रतन लाल की कुछ साल पहले ही मौत हो चुकी है।मौजपुर आदर्श मौहल्ला गली नंबर-15 में रहने वाली संतोष (30) की 20 नवंबर 2011 को जला दिया गया था। 90 प्रतिशत झुलसी हालात में उनको जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**अस्पताल में तोड़ा था दम:** इस हालत में संतोष ने बयान दिया था कि उनका पति अनिल से आठ-10 से झगड़ा चल रहा था। इसके चलते सास कृष्णा देवी ने उनके पति अनिल और ससुर रतन लाल के सामने मिट्टी का तेल छिड़क कर उन्हें जला दिया। घटना के सात दिन बाद संतोष ने उपचार के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया था। केस के विचाराधीन रहने के दौरान जून 2016 में आरोपित ससुर रतन लाल की मौत हो गई थी। अप्रैल 2021 में आरोपित पति अनिल का निधन हो गया था।

# कैब चालक की गोली लगने से मौत, हत्या या आत्महत्या

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दक्षिण दिल्ली के नेब सराय इलाके में मंगलवार रात को कैब चालक की गोली मारकर हत्या करने का मामला सामने आ रहा है। हालांकि इस मामले में पुलिस का कहना है कि मृतक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। मृतक की पहचान भरत सचदेवा के रूप में हुई है।

**घरवालों ने किया ये दावा:** भरत के घरवालों का आरोप है कि मृतक को उसके दोस्त ने अपने घर बुलाकर हत्या को अंजाम दिया है। परिवार की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि शुरूआती जांच के बाद पुलिस आयुक्त अंकित चौहान का कहना है कि युवक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है।



**जांच जारी**

**8 सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है**

# डॉक्टरों का चमत्कार! आदमी को लगा दिए महिला के दोनों हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में डॉक्टरों के करिश्मे से एक शख्स को नई जिंदगी मिल गई है। ट्रेन हादसे में दोनों हाथ गंवाने वाले व्यक्ति को फिर से दोनों हाथ मिल गए हैं। हाथ ट्रांसप्लांट हो जाने पर लगभग छह सप्ताह अस्पताल में बिताने के बाद शख्स को गुरुवार को अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

**पेशे से पेंटर है शख्स:** दिल्ली के नांगलोई के रहने वाले राजकुमार पेशे से पेंटर हैं। वह अपनी साइकिल पर अपने घर के पास रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, इसी बीच वह ट्रैक पर गिर गए और ट्रेन के नीचे आ गए। इस हादसे में उनके दोनों हाथ चले गए थे। इसके बाद राज कुमार अपनी रोजमर्रा की गतिविधियों के लिए दूसरों पर निर्भर हो गए। परिवार की हालात दिन-ब-दिन खराब होती चली गई। चिकित्सा सुविधा में प्लास्टिक और कॉस्मेटिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. महेश मंगल ने कहा कि उनके पास एकमात्र विकल्प या तो प्रोस्थेटिक्स का उपयोग या हाथ ट्रांसप्लांट था। इस पर पेंटर राजकुमार ने प्रोस्थेटिक्स का उपयोग करना शुरू कर दिया, लेकिन उनका प्रोस्थेटिक ट्रायल असफल रहा। इसके बाद उनके पास ट्रांसप्लांट ही एक मात्र विकल्प बचा।

**जनवरी में जगी उम्मीद की किरण:** हालांकि, उस समय उत्तर भारत के किसी भी अस्पताल में हाथ ट्रांसप्लांट करने की अनुमति नहीं थी।



# 'पत्नी से घरेलू काम करने की अपेक्षा करना क्रूरता नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली हाई कोर्ट ने माना है कि एक पति द्वारा अपनी पत्नी से घरेलू काम करने की अपेक्षा करना क्रूरता नहीं कहा जा सकता है। अदालत ने कहा कि यह पहले से ही माना गया है कि यदि एक महिला को घरेलू काम करने के लिए कहा जाता है, तो इसे नौकरानी के काम के बराबर नहीं किया जा सकता है। कुछ स्तरों में पति वित्तीय दायित्वों को वहन करता है और पत्नी घर की जिम्मेदारी को स्वीकार करती है।

**2007 में हुई थी शादी:** न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा की पीठ ने उक्त टिप्पणी एक व्यक्ति की अपील याचिका पर की। अदालत ने साथ ही क्रूरता के आधार पर तलाक देने से इनकार करने के पारिवारिक अदालत के निर्णय को खारिज कर दिया। अदालत ने पत्नी द्वारा क्रूरता के आधार पर पति को तलाक दे दिया। दोनों पक्षों की शादी वर्ष 2007 में हुई और वर्ष 2008 में एक बेटे का जन्म हुआ। पति ने दावा किया कि उसके और उसके परिवार के सदस्यों के प्रति पत्नी के झगड़ालू और समझौता न करने वाले आचरण के कारण शुरू से ही संबंध विवादित रहा। पति की अपील को स्वीकार करते हुए पीठ ने कहा कि पति पत्नी की इच्छाओं के आगे झुक गया और अपने वैवाहिक जीवन को बचाने के लिए एक अलग आवास की व्यवस्था की। अदालत ने कहा कि भले ही उसने आरोप लगाया कि जब वह उक्त आवास में रहती थी, तो पति ज्यादातर समय बाहर रहता था और इसलिए, वह अपने माता-पिता के साथ रहने के लिए बाध्य थी।




**टिप्पणी**

**8 यदि एक महिला को घरेलू काम करने के लिए कहा जाता है, तो इसे नौकरानी के काम के बराबर नहीं किया जा सकता**

# किसानों के दिल्ली कूच को लेकर यूपी गेट पर पुलिस बल मुस्तैद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** हरियाणा से दिल्ली आने-जाने वाले हों या यूपी से दिल्ली यात्रा करने वाले हों सभी को समय लेकर ही निकलना पड़ेगा क्योंकि उन्हें जाम मिलेगा। यह कहना है दिल्ली पुलिस की एडवाइजरी का, जिसमें बताया गया है कि किसानों ने दिल्ली कूच का एलान कर दिया है, ऐसे में दिल्ली की तमाम सीमाओं पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**यूपी गेट पर बढ़ी सुरक्षा, धीमी पड़ी वाहनों की रफ्तार:** किसानों के दिल्ली कूच को लेकर यूपी गेट पर पुलिस बल तैनात है। एनएच नौ की सर्विस लेन अप और डाउन बंद हैं। एनएच नौ और दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे से होकर वाहन दिल्ली आ जा रहे हैं। बुधवार को सुबह वाहनों का दबाव बढ़ने पर जाम लग गया। यूपी गेट पार कर दिल्ली जाने में समय लगा। इससे लोग देरी से गंतव्य को पहुंचे। हालांकि अभी हालात सामान्य हैं।

**रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर**

**जाम से परेशानी**

**8 जाम का करना पड़ेगा सामना**
**8 किसानों के दिल्ली कूच पर पुलिस की सलाह**



**रहेगी पुलिस की पैनी नजर:** किसानों के दिल्ली कूच करने के एलान के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने एक बार फिर राजधानी में चौकसी बढ़ा दी है। राजधानी में धारा-144 पहले से लगी हुई है। किसानों के कुछ गुटों ने छह मार्च को किसानों को जंतर-मंतर पर पहुंचने की अपील की है, जिसके मद्देनजर राजधानी की सीमाओं पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सीमाओं पर तैनात पुलिस के जवानों व अर्द्ध सैनिक बलों को अलर्ट रहने को कहा गया है।

**पड़ोसी राज्यों की पुलिस के संपर्क में है दिल्ली पुलिस:** दिल्ली पुलिस पड़ोसी राज्यों के पुलिस अधिकारियों के संपर्क में है। जैसे ही उन्हें किसानों को दिल्ली की तरफ आने की सूचना मिलेगी, सीमाओं को तुरंत बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया जाएगा। विशेष आयुक्त कानून एवं व्यवस्था रवींद्र सिंह यादव का कहना है कि जंतर-मंतर पर मजबूत बैरिकेडिंग कर और अधिक संख्या में पुलिस की तैनाती कर दी गई है। पुलिस को शक है कि सीमाओं पर बैरिकेडिंग व चौकसी के कारण किसान रेल, बस व मेट्रो से जंतर मंतर पर आने की कोशिश कर सकते हैं।

**सभी रेलवे स्टेशन, बस अड्डे समेत तमाम जगह पर बढ़ी चौकसी:** इस कारण दिल्ली के सभी रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों व मेट्रो स्टेशनों पर बुधवार को पुलिस की कड़ी चौकसी रहेगी। इन जगहों से जो भी जंतर मंतर जाने की कोशिश करेगा, उसे वहीं पर हिरासत में ले लिया जाएगा। 10 मार्च को किसानों ने रेल रोकने का एलान किया है और 14 मार्च को रामलीला मैदान में आने का निर्णय लिया है।

# भाजपा के निलंबित विधायकों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत, बहाल हुए

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बजट सत्र की शुरूआत में उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अभिभाषण को बाधित करने के लिए सात भाजपा विधायकों को निलंबित करने के आदेश को दिल्ली हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया। 27 फरवरी को निर्णय सुरक्षित रखते हुए न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने सभी पक्षों को दो दिन के अंदर संक्षिप्त लिखित बयान दाखिल करने निर्देश दिया था।

**विधायकों ने हाई कोर्ट में दी थी चुनौती:** भाजपा विधायकों ने निलंबन को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। आरोप है कि भाजपा विधायकों ने उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान व्यवधान उत्पन्न किया था। खास बात है कि विधायकों ने तर्क दिया था कि विशेषाधिकार समिति के समक्ष कार्यवाही के समापन तक उनका निलंबन लागू नियमों का उल्लंघन था। ध्यान देने वाली बात है कि भाजपा विधायकों ने 15 फरवरी को उपराज्यपाल को अभिभाषण के दौरान कई बार रोका था। इसके बाद आप विधायक दिलीप पांडे ने उनके निलंबन के लिए सदन में एक प्रस्ताव पेश किया था। प्रस्ताव को अध्यक्ष राम निवास गोयल ने स्वीकार कर लिया, जिन्होंने इस मुद्दे को विशेषाधिकार समिति को भी भेजा था।

**बढ़ाया गया था दिल्ली का बजट सत्र:** विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी को छोड़कर दिल्ली के सभी भाजपा विधायकों को सदन की कार्यवाही में भाग लेने से रोक दिया गया था। इसके अलावा बजट को अंतिम रूप देने में देरी के कारण सत्र को मार्च के पहले सप्ताह तक बढ़ा गया था।

# दिल्ली में चलती कार से स्टंटबाजी करना पड़ा महंगा




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** इन दिनों सोशल मीडिया फॉलोअर्स जुटाने के लिए सड़क पर चलती कार से खतरनाक स्टंटबाजी करने का एक ट्रेंड सा चल गया है। आए दिन ऐसे वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आते रहते हैं। ताजा मामला राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का है। जहां नजफगढ़-राजौरी गार्डन रोड पर चलती कार का गेट खोलकर स्टंट किया गया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दिल्ली पुलिस ने तुरंत एक्शन लेते हुए कार जब्त कर ली है।

**पहचान छिपाने के लिए हटाई नंबर प्लेट:** आरोपी चालक ने स्टंटबाजी के दौरान पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए वाहन की नंबर प्लेट हटाकर गाड़ी की पहचान छिपाने की कोशिश की थी, लेकिन दिल्ली पुलिस की टीम ने थाना राजौरी गार्डन से उस एसयूवी कार को जब्त कर लिया है। बता दें कि इस संबंध में पुलिस को आरडब्ल्यूए (रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन) राजौरी गार्डन द्वारा एक शिकायत दी गई थी, जिसमें कुछ वाहनों द्वारा लापरवाही से गाड़ी चलाने और स्टंट करने की बात कही गई थी। पुलिस ने इस शिकायत का संज्ञान लिया।

**स्टंट**

**8 जहां नजफगढ़-राजौरी गार्डन रोड पर चलती कार का गेट खोलकर स्टंट किया गया है**

# २महिला सब इंस्पेक्टर से छेड़खानी, कार्रवाई नहीं कर रहा पुलिस विभाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राजधानी में महिला अपराध पर नियंत्रण पाने के सरकार व पुलिस दोनों स्तर पर हमेशा से बड़े-बड़े दावे किए जाते रहे हैं, लेकिन पर्दे के पीछे की सच्चाई कुछ और बयां करती है। दक्षिण जिला के मैदानगढ़ी थाने के एसएचओ द्वारा एक महिला सब इंस्पेक्टर से छेड़खानी करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

**घटना के बाद से मानसिक सदमे में है पीड़िता:** पहले तो पीड़िता आला अधिकारियों को लिखित शिकायत कर न्याय के लिए करीब 20 दिनों तक उनके कार्यालयों के चक्कर काटती रही। जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो पीड़िता ने तंग आकर बीते सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 112 और महिला आयोग के हेल्प लाइन नंबर 181 पर भी कॉल कर शिकायत दर्ज करा दी। घटना के बाद से पीड़िता मानसिक सदमे में है और उपचार ले रही हैं।

पुलिस के मुताबिक मयूर विहार में रहने वाली महिला सब इंस्पेक्टर की तैनाती पहले जीटीबी एन्क्लेव थाने में थी। वहां तैनाती के दौरान एक हवलदार द्वारा उनके साथ बार-बार आपत्तिजनक हरकत करने व छेड़खानी करने पर सब इंस्पेक्टर ने आला अधिकारियों से शिकायत कर दी थी। शिकायत पर हवलदार को निलंबित कर उसके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की गई और पीड़िता का तबादला दक्षिण जिले के डीसीपी कार्यालय में कर दिया गया था। जिसके बाद महिला सब इंस्पेक्टर वहां ड्यूटी करने लगी थी। एक माह पूर्व दक्षिण जिले के डीसीपी अंकित चौहान द्वारा नए एसएचओ को मीटिंग के लिए हौजखास आफिस बुलाने पर वहां मैदानगढ़ी के एसएचओ भी बैठक में शामिल हुए थे। डीसीपी आफिस में एसएचओ ने महिला सब इंस्पेक्टर को देखा तो एक बैचमेट से उनका नाम व नंबर प्राप्त कर लिया। बाद में एसएचओ ने अधिकारियों को लिखित में आवेदन कर पीड़िता का अपने थाने में तबादला करवा लिया।

**परिचय के बहाने अपने कमरे में बुलाया:** पीड़िता का आरोप है कि जब वह थाने में तैनाती लेने गईं तब उस समय एसएचओ थाने में नहीं थे। जिससे वह वेटिंग एरिया में इंतजार करने लगीं। थाने आते ही एसएचओ ने उन्हें बातचीत व परिचय के बहाने अपने कमरे में बुला लिया और बहुत सुंदर होने आदि आपत्तिजनक बातें बोलकर उनकी खूब तारीफ की। रात में एसएचओ ने पीड़िता को अपनी गाड़ी से उन्हें कुतुबमीनार मेट्रो स्टेशन छोड़ दिया। गाड़ी से उतरने के दौरान दरवाजा खोलने के बहाने एसएओ ने पीड़िता से शारीरिक छेड़खानी की। दूसरे दिन पीड़िता को एक कॉल पर सफदरजंग भेज दिया गया। उनके कॉल पर जाने के कुछ देर बाद एसएचओ ने महिला सब इंस्पेक्टर को कॉल कर एक जगह आने को कहा। एसएचओ की मंशा भांप महिला सब इंस्पेक्टर ने उनके पास जाने से मना कर दिया। तीसरे दिन सब इंस्पेक्टर को फिर अपने कमरे में बुलाकर एसएचओ ने आपत्तिजनक बातें कहीं।

**मामला गंभीर**

**8 मैदानगढ़ी थाने के एसएचओ द्वारा एक महिला सब इंस्पेक्टर से छेड़खानी करने पर कोई कार्रवाई नहीं की गई**



# 'गरीब कल्याण हेतु 175 से ज्यादा योजनए शुरू की गई'

## कार्यकर्ताओं ने मोदी का सन्देश घर घर लेकर जाना है और चुनाव में कमल खिलने तक चैन से नहीं बैठना



**सोनीपत/संजीव कौशिक**

पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा नेत्री कविता जैन ने कहा है कि भाजपा के 10 वर्ष के कार्यकाल में गरीब कल्याण हेतु 175 से ज्यादा योजनए शुरू की गई, एक भी योजना का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाप-दादा या खानदान के नाम पर नहीं है जबकि कांग्रेस की सरकार में जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गाँधी, राजीव गाँधी से बाहर नहीं निकलती थी।

उन्होंने सैनी भवन में आयोजित वार्ड नंबर 1 की शक्ति केंद्र कार्यकर्ताओं की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है देश को आगे बढ़ाना जबकि विपक्ष का लक्ष्य है येन केन प्रकारेण मोदी हटाना। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम का जन्म हुआ रावण को मारने के लिए, भगवान कृष्ण का जन्म हुआ कंस को मारने के लिए और मोदी का जन्म हुआ है कांग्रेस को खत्म करने के लिए, यह 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणामों से साफ हो जायेगा।

**मांग**

**8 प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य है देश को आगे बढ़ाना जबकि विपक्ष का लक्ष्य है येन केन प्रकारेण मोदी हटाना**

कविता जैन ने कार्यकताओं से मछली की आंख की तरह अपना शक्ति केंद्र और अपना बूथ जिताने की रणनीति बनाने का आह्वान किया ताकि एन०डी०ए० 400 पार का लक्ष्य पूरा किया जा सके। जिलाध्यक्ष जसबीर डोडवा ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने मोदी का सन्देश घर घर लेकर जाना है और चुनाव में कमल खिलने तक चैन से नहीं बैठना। विधानसभा संयोजक पार्षद हरी सैनी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पहले से ज्यादा मतों से जिताने का लक्ष्य लेकर चले हैं जिसे कार्यकताओं ने पूरा करना है।

बैठक में मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र मदान, प्रभारी वीरेंद्र भनवाला, संजय कुमार, रजत जैन, महेश शर्मा, अखिल सैनी, सेवाराम सैनी, सुरेश सैनी, गौरव प्रजापत, मनोहर लाल आहूजा, जगमोहन सैनी, प्रेम चाँद, अतर सिंह प्रजापत, ज्ञानीराम सैनी, नरेश सैनी, बलबीर, राजबीर, रोकी, संजय आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सोनीपत का मीत सेना में बना लेफ्टिनेंट

## डीआरओ के पद से सेवानिवृत्त पिता सुरेश कुमार व मां सुरेश लाडले की उपलब्धि से फूले नहीं समा रहे

**सफलता**

**8 अपने चौथे प्रयास में मीत ने सफलता हासिल की। लाडले के लेफ्टिनेंट बनने पर माता-पिता फूले नहीं समां रहे**



**सोनीपत।/संजीव कौशिक।**

**लक्ष्य** निर्धारित कर उसे पाने के लिए कड़ी मेहनत की जाए तो कोई भी रुकावट आपको मंजिल तक पहुंचने से नहीं रोक सकती। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है सोनीपत के न्यू कोर्ट निवासी मीत ने, जिन्होंने तीन बार असफल रहने पर भी हार नहीं मानी और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रयासरत रहे। अपने चौथे प्रयास में मीत ने सफलता हासिल की। लाडले के लेफ्टिनेंट बनने पर माता-पिता फूले नहीं समा रहे। मीत 28 मार्च को चेन्नई में ज्वाइन करेंगे।

मूलरूप से जींद के गांव हाट फिलहाल सोनीपत के न्यू कोर्ट निवासी सेवानिवृत्त डीआरओ सुरेश कुमार ने बताया कि मीत उनके तीन बच्चों में सबसे छोटा है। मीत बचपन से ही सेना में जाना चाहता था। उसने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई लिटल एंजल्स स्कूल से की। उसके बाद साल 2018 में आईटी यूनिवर्सिटी दिल्ली से फर्स्ट डिवीजन से बीटेक किया। हाल समय में दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल से पर्यावरण में एमटेक कर रहे हैं। यह उनका अंतिम सेमेस्टर है।

**खुशी बयां नहीं कर सकते :** माता-पिता डीआरओ के पद से सेवानिवृत्त पिता सुरेश कुमार व गृहिणी मां सुरेश ने बताया कि मीत के लेफ्टिनेंट बनने की खुशी शब्दों में बयां नहीं कर सकते। पिता सुरेश कुमार ने बताया कि बेटे ने बचपन से जो सपना देखा था, उसे पाने के लिए हमेशा मेहनत की। विशेष बात यह है कि मीत ने इस उपलब्धि को प्राप्त करने के लिए कोई कोचिंग नहीं ली। सेल्फ स्टडी से ही इस मुकाम हो हासिल किया है। इसके लिए शरीर का पूरा ध्यान रखा। रोजाना सुबह-शाम व्यायाम, साधा भोजन और रात के करीब दो बजे तक पढाई करना मीत की दिनचर्या थी।

## न्यूज फ्लैश

### 17 मार्च को अधिवेशन में सोनीपत ब्राह्मण समाज बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेगा-पं मुकेश



**सोनीपत: आज ब्राह्मण** उत्थान परिषद के कार्यालय मुरथल रोड सोनीपत पर आगामी 17 मार्च को करनाल में ब्राह्मण समाज की राजनैतिक हिस्सेदारी को लेकर होने वाले ब्राह्मण अधिवेशन का निमंत्रण देने पहुंचे ब्राह्मण खाप हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पं अशोक शर्मा सिरसल। ब्राह्मण उत्थान परिषद के अध्यक्ष पं मुकेश शर्मा व संस्था के सदस्यों ने उनका सोनीपत पहुंचने पर स्वागत किया और आश्वस्त किया कि 17 मार्च को अधिवेशन में सोनीपत ब्राह्मण समाज बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लेगा। इस मौके पर पं राजेंद्र गौतम,पं रामनिवास जमदग्नि, डॉ इंद्र शर्मा, एडवोकेट रविंद्र शर्मा, दीपक कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### लैंक्सेस इंडियाने गुजरात में रेनोडीवञ उत्पादन प्लांट का विस्तार पूरा किया

**नई दिल्ली: स्पेशियलटी के**मिकल्स कंपनी लैंक्सेस ने 1 फरवरी 2024 को झागड़िया, गुजरात में रेनोडीवञ की उत्पादन लाइन के संचालन और विस्तार का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस नए संयंत्र के साथ कंपनी की रीन केमी बिजनेस यूनिट की उत्पादन क्षमता उल्लेखनीय ढंग से बढ़ गई है। यह भारतीय उपमहाद्वीप और एशियाई टायर और रबर मार्केट की बढ़ती मांग को पूरा करने में सक्षम होगा। नई उत्पादन यूनिट में आधुनिक उपकरणों और तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। इससे लैंक्सेस उच?च गुणवत?ता के टेव?नोलॉजी टायर रिलीज एजेंट्स का उत?पादन ज?यादा दक्षतापूर्वक कर पाएगा। लैंक्सेस का इसी तरह का एक दूसरा प्लांट अर्जेंटीना में भी है। हाई-परफॉर्मेंस टायर्स और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स का उत्पादन पूरी तरह से प्रभावी रिलीज एजेंट्स के इस्तेमाल पर निर्भर करता है। टायरों और मोल्डेड इलास्टोमर प्रॉडक्ट्स के उत्पादन के लिए निर्माण की प्रक्रिया में सावधानी और स्क्रैप की कम दरें काफी महत्वपूर्ण है। रेनोडीवञ रिलीज एजेंट्स पूरी तरह से पानी पर आधारित, घुलनशील विशेषताओं* और वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों (वीओसी) से मुक्त है। इस तरह, यह पर्यावरण के अनुकूल है। लैंक्सेस रीन केमी बिजनेस यूनिट प्रोसेस चेन के हर चरण में सोल्यूशंस के साथ मार्केट की समझ, उत्पादन के ज्ञान के साथ उपभोक्ताओं की हर तरह से मदद के लिए संपूर्ण सेवाएं मुहैया कराती हैं। लैंक्सेस एजी के सीईओ और बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन मैथियास जैशर्ट ने कंपनी में हो रही नई विकास गतिविधियों पर कहा, ह्लभारत हमारे लिए महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यह रणनीतिक उपलब्धि क्षेत्र के हमारे मूल्यवान उपभोक्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता की झलक देती है। इस नए प्लांट से न केवल कंपनी की उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, बल्कि इससे भारतीय मार्केट की असीम क्षमता में हमारा भरोसा भी दिखेगा। रीन केमी बिजनेस यूनिट के ग्लोबल हेड डॉ. जेंस हेंड्रिक फिशर ने कहा, ह्लझागड़िया साइट पर हमारी रेनोडीवञ प्रोडव?शन लाइन का विस्तार लैंक्सेस इंडिया की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। रबर इंडस्ट्री के विश्वसनीय भागीदार के रूप में यह हमारी स्थिति को मजबूत करता है और नवाचार और स्थिरता के लिए हमारी प्रतिबद्धता का समर्थन करता है। मैं अपनी पूरी टीम को कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

### नेक्सस अमृतसर मॉल ने अपनी 14वीं वर्षगांठ पर आयोजित किये समारोह

**अमृतसर: नेक्सस अ**मृतसर मॉल की 14वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर कम्युनिटी इंगेजमेंट के साथ साथ रिटेल एक्सीलेंस का उत्तम समावेश देखने को मिला।

इस शुभ अवसर पर मॉल परिसर में सुबह सुखमनी साहिब पाठ आयोजित किया गया जिसके बाद कीर्तिन और गुरु का लंगर में व्यापक संख्या में विजिटर्स और संगत जुटी। इसके बाद इम्पलोई सर्टिफिकेशन सेरेमनी में मॉल कर्मचारियों को उनकी 14 साल की कर्तव्यनिष्ठा के लिये सम्मानित किया गया । विभिन्न केटेगरियों में रिटेल रेनासेंस अवाड्र्स में सभी की उत्कृष्टता का आभार प्रकट किया गया। मालॅ का यह उत्सव न केवल बेहतरीन शापिंग एक्सपीरियंस के लिये नेक्सस अमृतसर माल की प्रतिबद्धता को दशार्ना था बल्कि समुदाय के साथ मॉल के गहरे संबंध और रिटेल के हर पहलू में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के समर्पण को भी प्रदर्शित करना था।

# 'अपने इष्ट के प्रति भक्त की आस्था को प्रभु ही समझ सकते हैं'

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**भक्त के** भाव को, अपने इष्ट के प्रति भक्त की आस्था को केवल प्रभु ही समझ सकते है

इसीलिए जीव को अपना दुख संसार के सामने नहीं केवल प्रभु के सामने ही प्रकट करना

चाहिये। प्रभु पालनहार है, वे शरण में आये भक्त के सारे दुखों को हर लेते है।

आज श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा महोत्सव के चतुर्थ दिवस की कथा पर यह अध्यात्मिक

उद्गार व्यक्त करते हुए परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज जी ने कहा कि भगवान का परम भक्त प्रहलाद, जिसे कि पिता हिरण्यकशिपु के द्वारा अति भयंकर कष्ट दिये गये। यहाँ तक कि श्री प्रहलाद जी को विष



पिलाया गया. हाथी से कुचलवाया गया. अग्नि में जलाया गया। तरह-तरह की यातनाए दी गई परन्तु श्री प्रहलाद जी हर जगह अपने प्रभु का ही दर्शन करते थे। इसलिए उन्हें कहीं भी किसी भी प्रकार की पीडा का एहसास नहीं हुआ। उन्हें विश्वास था कि हमारे प्रभु सदा-सर्वदा सर्वत्र विराजमान रहते है। तो प्रभु श्रीनृसिंह भगवान भक्त के विश्वास को पूर्ण करते हुए खम्भ से प्रगट होकर यह दिखा दिया कि भक्त की इच्छा एवं विश्वास को पूर्ण करने के लिये वह कहीं भी किसी भी समय प्रगट हो सकते है। आचार्य श्री ने कहा कि जीव को किसी की निन्दा स्तुति करने के बजाय भगवान की ही चर्चा करनी एवं सुननी चाहिये। प्रभु चरित्रों को श्रवण करने से भगवान का चिन्तन करने से की कृपा निश्चित रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि विशाल पेड़ जिस प्रकार छोटी सी कुल्हाड़ी से कट जाता है उसी प्रकार प्रभु के चरण कमल का स्मरण करने से जीव के सारे पाप कट जाते है। इसके लिये उसे प्रभु की शरण में आना होगा। प्रभु की हर इच्छा, प्रत्येक लीला को प्रसन्नता से स्वीकार करने वाला ही सच्चा भक्त होता है। भक्त को अपने आदर सत्कार या सम्मान की कामना नहीं होती। वह तो हर कार्य प्रभु की सेवा समझकर करता है और ऐसी भावना को ही प्रभु स्वीकार करते हैं वह तो केवल भाव के भूखें हैं क्योंकि परमात्मा

न तो साकार है न निराकार है।

# तेज रफ्तार कार ने किशोर को चपेट में लिया, अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय** राज मार्ग संख्या-44 पर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जीटी रोड पर केएफसी के सामने तेज रफ्तार कार चालक ने बुलेट चालक व लघु शंका के लिए कार से उतरे किशोर को चपेट में ले लिया। हादसे में किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर दिल्ली के अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची कुंडली थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

घंटाघर दिल्ली निवासी अजय वशिष्ट ने बताया कि उसके पास दो बच्चे थे। वह देर रात पत्नी ध्रीती वशिष्ठ, बेटी सुकृति वशिष्ठ व 11 साल के बेटे यश वशिष्ठ के साथ अपनी कार से मुरथल खाना खाने के लिए आ रहे थे। जब वे कुंडली के पास पहुंचे तो बेटे यश वशिष्ठ ने लघुशंका करने के लिए कार को रूकवा लिया। उसका बेटा लघुशंका के बाद वापिस कार में बैठ रहा था। इस बीच एक तेज रफ्तार सेंट्रो कार ने पहले एक बुलेट बाइक को टक्कर मारी और उसके बाद उसके बेटे को चपेट में ले लिया।

# ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के लिए तैयार कर लीजिए अपना स्टाईल

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत :** ब्लेंडर्स प्राईड ग्लासवेयर सदैव फैशन में नैक्स्ट पेश करने में अग्रणी रहा है। यह ऐसे अनुभव लेकर आता है, जिन्होंने पूरी पीढ़ी के स्टाईल को आकार दिया है। अब यह ब्रांड ब्लेंडर्स प्राईड फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल के साथ आगे बढ़ रहा है, और फैशन को रनवे के दायरे से बढ़ाकर भारत के पहले फैशन फेस्टिवल तक ले जा रहा है।फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल की कल्पना स्टाईल की विकसित होती हुई दुनिया को पेश करने के ब्रांड के मंत्र के अनुरूप की गई है। इसमें भारत के सर्वश्रेष्ठ डिजाईनर्स और स्टाईलिश सेलिब्रिटीज फैशन का बेहतरीन प्रदर्शन करते हैं। अब एक नए अवतार में फैशन नैक्स्ट फेस्टिवल ब्रांड की स्टाइलिश दुनिया को नए शहरों के ग्राहकों तक ले जा रहा है, जिसकी शुरूआत पुणे से हुई है, और समापन मार्च, 2024 में भुवनेश्वर में हो रहा है। इस ब्रांड ने कुछ सबसे लोकप्रिय और चर्चित लाईफस्टाईल ब्रांड्स के साथ गठबंधन किया है, जो कई दिलचस्प अनुभव तैयार कर रहे हैं। इसका मिशन साफ है कि यह युवा और विकसित होते हुए भारत की पनपती भावनाओं को आधुनिक फैशन के अनुभवों से जोड़ना है।

# शादी में गए परिवार के घर का ताला तोड़कर लाखों के आभूषण किए चोरी

## मूलरूप से बड़वासनी फिलहाल पटेल नगर निवासी युवक के घर को बनाया निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत**

**सिविल** लाइन थाना क्षेत्र के पटेल नगर में घर का ताला तोड़कर लाखों रुपये कीमत के आभूषण व लाखों रुपये की नकदी के चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली रही है। ताकि चोरों का कोई सुराग हाथ लग सके। गांव बड़वासनी हाल में पटेल नगर निवासी दीपक ने बताया कि गत 26 फरवरी को वह परिवार के सदस्यों के साथ घर पर ताला लगाकर गांव बड़वासनी में शादी समारोह में शिरकत करने के लिए गया था। गत 3 मार्च को घर पर वापिस आए तो घर के मैन गेट का ताला टूटा हुआ मिला। मकान के अंदर जाकर देखा तो तीनों कमरों के ताले टूटे हुए पाए गए। कमरों में रखे बेडो का सारा सामान बिखरा हुआ था। सामान को चैक किया तो घर से चोर चूड़ी सोने, आठ से दस जोड़ी चुटकी, तीन जोड़ी पाजेब चांदी व दस माला नोटक की जिसमें करीब 1 लाख 10 हजार रुपये के नोट लगा रखे थे। उक्त सामान गायब मिला। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मुआयना कर पीड़ित के बयान पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# ज्योति शर्मा ने उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया को इस्तीफा सौंपा

**कमाल हुसैन**

**पानीपत:** जिला परिषद की चेयरपर्सन ज्योति शर्मा ने बुधवार को उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इससे पूर्व उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक आयोजित की गई थी लेकिन उन्होंने इस प्रक्रिया से पहले ही अपना इस्तीफा सौंपा। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को ज्योति शर्मा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव को लेकर बैठक बुलाई गई थी जिसमें 13 अन्य पार्षद भी शामिल हुए थे। उक्त सभी 13 पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में अपना पक्ष रखा।

# केमिकल से भरा टैंकर आगे चल रहे ट्राला में टकराया

## नेशनल हाईवे-44 पर बहालगढ़ फ्लाईओवर से उतरते समय हुआ हादसा, चालक गंभीर रूप से हुआ घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर बहालगढ़ फ्लाई ओवर पर केमिकल (सोडियम हाइड्रॉक्साइड) से भरा टैंकर आगे रेत से भरे ट्राला में जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि केमिकल से भरे टैंकर में आग लग गई। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को क्षतिग्रस्त ट्रक के केबिन से बाहर निकाला गया। उसके उस अस्पताल में लाया गया। जहां से उसकी हालत गंभीर होने के चलते पीजीआई रेफर कर दिया। हालंकि चालक की पहचान नहीं हो सकी है। सूचना के बाद

**जांच जारी**

**8 पानीपत की तरफ से चालक अपने टैंकर में केमिकल लेकर दिल्ली की तरफ जा रहा था**

अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। टैंकर में केमिकल का रिसाव होने के चलते उस पर लगातार पानी की बौछार की गई और बाद में हाईवे से हटाकर एक तरफ खड़ा किया गया। इस दौरान पानीपत-दिल्ली लेन फ्लाईओवर पर बंद किए जाने के चलते सर्विस रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। करीब छह घंटे बाद पुलिस व वाहन चालकों को राहत मिल सकी।

बता दें कि पानीपत की तरफ से चालक अपने टैंकर में केमिकल लेकर दिल्ली की तरफ जा रहा था। मंगलवार सुबह करीब पौने सात बजे टैंकर आगे रेत से भरे ट्राला में जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और टैंकर में आग लग गई। चालक को बाहर निकाला गया। उसे नागरिक अस्पताल में पहुंचाया, जहां से पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। टैंकर की वाल्व खराब होने से केमिकल का रिसाव शुरू हो गया। आग लगने का पता लगते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू कर दिया। अग्निशमन विभाग की टीम ने कुछ देर में आग पर काबू पा लिया, लेकिन टैंकर से केमिकल का रिसाव जारी रहने के चलते उस पर पानी की बौछार की जाती रही। करीब साढ़े तीन घंटे तक पानी की बौछार की गई। उसके बाद क्रेन की मदद से टैंकर को हाईवे से हटाया जा सका। जिसके बाद फ्लाईओवर को खोला गया।

# अनाधिकृत लाल व नीली बत्ती लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चलेगा अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिला** यातायात पुलिस वाहन मालिकों द्वारा अपने वाहनों में अवैध रूप से लगाई गई लाल व नीली बत्तियां व हूटर के खिलाफ आगामी 11 मार्च से कड़ी कार्यवाही करते हुए एक अभियान चलाने जा रही है। यातायात मनबीर सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि हाईवे अथवा शहर में गाडी मालिकों, सरकारी कर्मचारियों व अधिकारीयों द्वारा अवैध रूप से लाल-नीली बत्ती व हूटर के प्रयोग की शिकायतें प्राप्त हो रही है। सोनीपत पुलिस इसपर पूर्णतया विराम लगाएगी। अगर

**अवैध**

**8 कर्मचारियों व अधिकारीयों द्वारा अवैध रूप से लाल-नीली बत्ती व हूटर के प्रयोग की शिकायतें प्राप्त हो रही है।**

कोई भी सरकारी अधिकारी अथवा कर्मचारी या कोई आम जन मानस ऐसी लाइटो का प्रयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए उसके वाहन का चालान कर उसपर भारी जुमार्ना लगाया जाएगा ।

# अस्पताल में भर्ती मरीजों के नहीं हो पा रहे एक्सरे

## चिक्तिसक पर आरोप, दूसरे अस्पताल में नहीं किया जा रहा रेफर

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: नागरिक अस्पताल** में बार-बार खराब हो रही डिजिटल एक्स रे मशीन के कारण मरीजों को निराशा हो रही है। शुक्रवार को फिर से खराब हुई मशीन चार दिन बाद भी ठीक नहीं हो सकी। जिसके चलते मरीजों को निराश होकर लौटना पड़ा। उनका कहना था कि अस्पताल प्रशासन की ओर से मशीन को ठीक कराने के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। जिसकी वजह से यह मशीन बार-बार बंद हो रही है। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन व चिकित्सक ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। एक्सरे न होने के कारण घायल का प्लास्टर तक नहीं किया जा रहा है।

बता दें कि नागरिक अस्पताल में रोजाना 80 से 100 मरीजों के एक्स-रे होते है। वर्ष 2007 में लगाई गई एक्स-रे मशीन काफी पूरानी हो चुकी है। जोकि बार-बार खराब हो रही है। अस्पताल में एक्स रे न होने के कारण मरीजों का इलाज भी प्रभावित रहा। जिससे मरीजों को बाहर पैसे देकर एक्स-रे करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। डिजिटल एक्स-रे मशीन

**मशीन खराब**

**8 एक्स-रे मशीन ठीक कराई गई और न ही घायलों को बड़े अस्पताल में रेफर किया गया**

की वारंटी तक खत्म हो चुकी है। इसके बावजूद नई मशीन नहीं मंगवाई जा रही है। अस्पताल प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। प्रबंधन की तरफ से एक्सरे विभाग के गेट पर मशीन खराब होने का नोटिस चस्पाया दिया जाता है। वहीं मंगलवार को कुछ मरीजों ने मीडियाकर्मियों और आम आदमी पार्टी के नेताओं को अस्पताल में बुला लिया और अपनी व्यथा बताई। मरीज विजय कुमार व मुकेश ने बताया कि वे चार दिन से अस्पताल में भर्ती है। अस्पताल में एक्स रे मशीन खराब है, जिसके कारण उनका सही से इलाज नहीं हो पाया है। पैर की हड्डी में फ्रैक्चर है, लेकिन एक्स रे नहीं होने से प्लास्टर भी नहीं किया गया है। डाक्टर उन्हें दूसरे अस्पताल में भी रेफर नहीं कर रहे हैं, जिसके चलते वे दर्द से पीड़ित है।

**अस्पताल में पहुंचे आप नेता ने लगाया प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप:** अस्पताल में पहुंचे आप नेता विमल किशोर ने बताया कि नागरिक अस्पताल में पिछले एक सप्ताह से एक्स रे मशीन खराब है। जिसके कारण घायलों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत के बावजूद भी न तो एक्स-रे मशीन ठीक कराई गई और न ही घायलों को बड़े अस्पताल में रेफर किया गया।

# कृषि उपनिदेशक कार्यालय में अधिकारियों की हुई बैठक

**सोनीपत**

**जिला** कृषि विभाग ने मंगलवार को फसल खराबे को लेकर कृषि उपनिदेशक ने कार्यालय में अधिकारियों की बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कृषि उपनिदेशक डॉ पवन शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित करे, ताकि किसानों को क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल पंजीकरण करने में किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसान 15 मार्च तक मुआवजे के लिए अपना पंजीकरण क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अवश्य करे।

> जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुई ओलावृष्टि की वजह से फसलों में हुए नुकसान का सर्वे करवाया गया है। सर्वे में 93 हजार 732 एकड़ भूमि में नुकसान की बात सामने आई है। रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई है। अधिकारियों के साथ बैठक करके किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा और क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाने के लिए जागरूक करने के निर्देश जारी किए है। किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे है।
>
> डा. पवन शर्मा, कृषि उपनिदेशक, सोनीपत।

बता दें कि जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू नहीं है। मौसम की वजह से फसलों में होने वाले नुकसान से किसानों को सुरक्षित रखने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा लागू की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सोनीपत जिले में लागू नही है। गत खरीफ सीजन के बाद मौजूद रबी सीजन के लिए भी सोनीपत जिले में कोई कम्पनी योजना के तहत नही जुड़ी, जिसके चलते किसानों

# भाजपा ने दिया दुकानदारों का भरोसा, टूटने नहीं देंगे दुकान: सचदेवा









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आजादपुर सब्जी मंडी में व्यापारियों के साथ संवाद किया और व्यापारियों की समस्याओं और उसके समाधान पर विस्तृत चर्चा की। व्यापारियों से आजादपुर की दशकों पुरानी 175 दुकानों को नोटिस मिलने की शिकायत पर वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा की हम आजादपुर में नोटिस मिले 175 दुकानदारों से वादा करते हैं की दुकानें टूटने नही देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा से व्यापारियों के हितों का ध्यान रखा है, इसी वजह से व्यापारियों का लंबा साथ भाजपा के साथ रहा है।

मोदी सरकार ने व्यापारियों के लिये व्यापार प्रमोशन के नये अवसर उत्पन्न किये हैं। आज के इस आयोजन में आजदपुर मंडी के प्रमुख व्यपारी व भाजपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार भाटिया की एक पहल पर हुआ। राजकुमार भाटिया लंबे अरसे से दिल्ली की मंडियों के मुद्दे बुलंद करते रहे हैं। आजादपुर मंडी क्षेत्र आदर्श नगर विधानसभा के अंतर्गत है जहां से भाटिया भाजपा के प्रत्याशी रहें हैं और दिल्ली में उनकी जीत से न्यूनतम अंतर से रही। सचदेवा ने कहा कि आर्थिक सुधार के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का ही नतीजा है कि आज ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से भारत में एक क्रांतिकारी बदलाव देखा जा सकता है। इस मौके पर भारी संख्या में व्यापारीगण मौजूद रहे।

## पुलिसकर्मी की हत्या के चार दोषियों ने कोर्ट में दाखिल किया आमदनी का ब्यौरा

**नई दिल्ली।** जीबी रोड पर 2012 में एक वेश्यालय के सामने पुलिसकर्मी की चाकू घोपकर हत्या करने और दो को घायल करने के मामले में दोषी करार दिए गए चार लोगों ने अपनी आमदनी का ब्यौरा तीस हजारी कोर्ट में दाखिल किया। एडिशनल सेशंस जज वींरेंद्र कुमार खर्ता ने दोषियों की सजा की अवधि के मामले पर 8 अप्रैल को अगली सुनवाई करने का आदेश दिया। आज सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने इस मामले में हुए खर्चे का भी ब्यौरा कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दिल्ली विधिक सहायता प्राधिकार को दोषियों की ओर से दाखिल उनकी आमदनी और उनकी जिम्मेदारी का वेरिफिकेशन करने और उनके पूर्व के आपराधिक इतिहास का विस्तृत विवरण देने का निर्देश दिया। कोर्ट ने इस मामले में मारे गए कांस्टेबल बिजेंद्र सिंह के उत्तराधिकारियों को कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया, ताकि परिजनों को दिए जाने वाले मुआवजे का आकलन किया जा सके। कोर्ट ने 2 मार्च को आशीष बहुगुणा, सूरज, मनोज और अक्षय को इस मामले में दोषी करार दिया था। कोर्ट ने कहा था कि घायल कांस्टेबल संदीप और इरशाद और शिकायतकर्ता हेड कांस्टेबल बलजीत के बयान भरोसे के लायक हैं, जिससे साबित होता है कि आरोपित ही दोषी हैं। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में 6 दिसंबर, 2012 को चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 20 जुलाई, 2013 को चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। घटना 10 और 11 सितंबर 2012 की दरम्यानी रात के 12 और सवा बारह बजे के बीच की है। उस रात जीबी रोड पर एक वेश्यालय के सामने चारों आरोपितों ने कांस्टेबल बिजेंद्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया। बिजेंद्र के अलावा दो आरोपितों ने कांस्टेबल संदीप और इरशाद पर भी चाकुओं से वार कर घायल कर दिया।

## मॉडल टाउन: पूर्व सिविल लाइन जोन चेयरमैन राज खुराना की हुई घर वापसी







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: मॉडल टाउन विधानसभा** क्षेत्र स्थित गुजरावालां टाउन में रहने वाले व पूर्व निगम पार्षद राज खुराना एक बार फिर भाजपा परिवार मे शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली प्रदेश कार्यालय में किया गया। इस दौरान दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने राज खुराना को पार्टी में पुनः शामिल करते हुए उनका स्वागत किया।

**कई लोग रहे मौजूद:** इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ भाजपा की ज्वाइनिंग कमेटी की को-कन्विनर व पूर्व महापौर आरती मेहरा, महामंत्री हर्ष मल्होत्रा, चांदनी चौक सभा से चुनाव प्रभारी अशोक गोयल देवराह, चांदनी चौक जिला से जिला अध्यक्ष सरकार कुलदीप सिंह सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ-साथ सैंकड़ों कार्यकर्ता भी मोजूद रहे। इस मौके पर राज खुराना ने कहा कि भाजपा पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास कर रही है, जिससे देश विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा ने हमेशा ही देशहित में रहते हुए राजनीति की है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के लिए देश की जनता भी मोदी के परिवार का ही अभिन्न अंग है वोट बैंक नही है।

**सातों सीटों पर खिलेगा कमल:** खुराना ने बताया कि पहले की तरह इस बार भी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर पुनः कमल ही खिलेगा। वहीं उन्होंने कहा कि चांदनी चौक सभा सीट से प्रवीण खंडेलवाल को टिकट मिलने पर बधाई देते हुए कहा है कि चांदनी चौक लोकसभा सीट को जीताने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ता भरसक रूप से मेहनत कर रहे हैं।

# केवल पार्क: संगीतमय श्रीरामकथा का भक्तों ने किया रसपान









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले केवल पार्क में संगीतमय श्रीरामकथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है और इसी के साथ ही कथा का पांचवा दिवस में भी भक्तों की भीड़ से पांडाल खचाखच भरा हुई दिखाई दिया।

**प्रभु कृपा कथा समिति कर रही है कार्यक्रम का आयोजन:** कथा का आयोजन प्रभु कृपा कथा समिति, आदर्श नगर के द्वारा किया जा रहा है। यह कथा 2 मार्च से शुरू हुई है और 10 मार्च तक चलेगी, इसी के साथ ही कथा का आज पांचवां दिवस भी पूरा हो गया है। जानकारी के लिए बतादें कि कथा का आयोजन पिछले 11 वर्षो से नियमित हो रहा है।

**इस बार हुआ 11वीं कथा का आयोजन:** समिति के महासचिव गोपाल खनेजा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभु कृपा कथा समिति के द्वारा यह 11वीं कथा का आयोजन किया जा रहा है। मैं कथा में आये हुए सभी भक्तों का धन्यवाद करता हूं।

**जीवन में उतारें प्रभु के विचार:** परम श्रद्धेय हिमेश शास्त्री जी महाराज के द्वारा प्रभु श्रीराम लीला का वर्णन संगीतमयबद्व तरीके से किया जा रहा है। शास्त्री जी ने भक्तों से कहा कि कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारें क्योंकि सत्य से बड़ी ताकत इस दुनिया में दुसरी कोई नही है।



**प्रकाशचंद अग्रवाल, संयोजक व प्रसिद्ध समाजसेवी:** यदि स्वयं को सुख भोगने की इच्छा रखते हो तो पहले दूसरों को सुख देना सीखें, क्योंकि हम जो दूसरों को देते है वह दोगुना होकर हमारें पास लौटकर आ जाता है, वहीं उन्होंने कथा में आये हुए सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी श्रद्धालुओं ने अपना कीमती समय दिया उसके लिए सभी लोगों का तहे दिल से आभार।



**रामकरण कंसल, संरक्षक:** प्रभु कृपा कथा समिति आदर्श नगर के द्वारा केवल पार्क रामलीला ग्राउंड में भव्य रूप में श्रीरामकथा का आयोजन किया जा रहा है। भगवान श्रीराम की कृपा सदा ऐसे ही हम पर बरसती रहें और हम समय-समय पर श्रीराम कथा का आयोजन ऐसे ही करवाते रहें।

## लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने लैंड फॉर जॉब मामले में बुधवार को दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में तीसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। सीबीआई ने पूरक चार्जशीट में भोला यादव और को नौकरी पाने वाले दो अभ्यर्थियों अशोक कुमार और बबीता को भी आरोपित बनाया है। इस मामले पर राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 14 मार्च को सुनवाई तय की है। सीबीआई की पूरक चार्जशीट में कहा गया है कि भोला यादव लालू यादव के सचिव रह चुके हैं और वही सभी काम देखते थे। भोला यादव ही अफसरों को निर्देश देते थे। सीबीआई ने इस संबंध में भोला यादव के कंप्यूटर से दस्तावेज हासिल किए हैं। इससे पहले 27 फरवरी को सीबीआई ने कोर्ट से कहा था कि वो इस मामले में दस दिनों के अंदर पूरक चार्जशीट दाखिल करेगी। सीबीआई ने इस मामले में भोला यादव और हृदयानंद चौधरी को गिरफ्तार किया था। भोला यादव 2004 से 2009 तक लालू यादव के ओएसडी रहे थे। लैंड फॉर जॉब घोटाला लालू यादव के रेल मंत्री रहने के दौरान का है। भोला यादव को ही इस घोटाले का मास्टरमाइंड माना जा रहा है। आरोप है कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते नौकरी के बदले जमीन देने के लिए कहा जाता था। नौकरी के बदले जमीन देने के काम को अंजाम देने का काम भोला यादव को सौंपा गया था।

## मॉडल टाउन में निकाली गई नारी शक्ति वंदन यात्रा, गूंजे 'भारत माता की जय' के नारे



के
बाद





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जैसे ही चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा की ओर से उम्मीदवार के नाम की घोषणा हुई है, तभी से चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए मैदान में उतर गए हैं। सिलसिलेवार ढंग से एक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित लालबाग पेट्रोल पंप पर एकत्र होकर सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन यात्रा निकाली। यह नारी शक्ति वंदन यात्रा भारतीय जनता पार्टी के बैनर तले निकाली गई तथा इस कार्यक्रम की संयोजिका मनी असड़ी बहल रही।

**सैंकड़ों कार्यकर्ता रहे मोजूद:** इस दौरान कार्यक्रम में चांदनी चौक सभा से महिला मोर्चा अध्यक्ष गीता सक्सेना, वार्ड-67 से निगम पार्षद सुशील कुमार जोंटी, वार्ड नंबर-68 से निगम पार्षद विकेश सेठी और वार्ड नंबर-69 से निगम पार्षद रेनू अग्रवाल रही। इसके साथ ही वार्ड नंबर-68 से मंडल अध्यक्ष सुभाष असड़ी, वार्ड नंबर-67 से मंडल अध्यक्ष विरपाल और वार्ड नंबर-69 से मंडल अध्यक्ष बदलू राम कनौजिया मौजूद रहे भी रहे।

तो वहीं महिला मोर्चा की तरफ से रश्मि बजाज मंत्री चांदनी चौक जिला, शेफाली तनेजा मनचंदा, मॉडल टाउन से वीना बहल महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष, श्वेता जैन, कविता ठाकुर, संजना, मौसम पुनिया, विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुप्ता, हरीश असड़ी, संगम पार्क मंडल महामंत्री संतोष उपाध्याय, कमला कोचर सहित पार्टी के अन्य लोगों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर कार्यक्रम की संयोजिका मनी असड़ी बहल ने कार्यक्रम में सम्मिलित हुई सभी महिलाओं का आभार व्यक्त किया।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर ब्रह्माकुमारी नरेला शाखा द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों ने दी सुमधुर प्रस्तुति









**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में बवाना रोड स्थित रामकुटी मंदिर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय नरेला मंडी द्वारा महाशिवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिनेश भारद्वाज निगम पार्षद बांकनेर,महेंद्र सिंह भंडारी सेकंड इन कमांड आइटीबीपी नरेला, अति विशिष्ट अतिथियों में बीके जयप्रकाश, प्रदीप ठोलेदार, राजकुमार गोयल, बीके मीना दीदी, बीके दीनदयाल, सत्य प्रकाश भारद्वाज, एसपी जून, अरुण आर्य, शंकर दास, रामेश्वर, सोमदत्त, बंटी, बीके सुमित्रा बहन का बहनों द्वारा तिलक लगाकर गुलदस्ता भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात पश्चात छोटे बच्चों ने स्वागत गीत व शिव बाबा के सुंदर गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस दौरान वक्ताओं ने महाशिवरात्रि के आध्यात्मिक रहस्य को समझाया। मुख्य अतिथि निगम पार्षद दिनेश भारद्वाज ने अपने संबोधन में कहा कि राजयोग घर ग्रहस्थ जीवन में रहते हुए भी सीख जा सकता है। राजयोग के बल से हमारे घर का वातावरण शुद्ध होता है एवं घर में सुख शांति आती है। वही ब्रह्मकुमारी बहनों ने कहा कि कलयुग के अंत और सतयुग के प्रारंभ में प्रजापिता ब्रह्मा आकर हमें दिव्य बुद्धि प्रदान करते हैं। इस बुद्धि के बल से हम अपने जीवन में सुख शांति उत्पन्न कर सकते हैं। शिव परमात्मा हम आत्माओं के पिता हैं वह शांति आनंद के सागर हैं। इस दौरान ब्रह्माकुमारी नरेला मंडी सेंटर इंचार्ज बीके दुर्गा बहन ने मुख्य अतिथि अति विशिष्ट अतिथियों के साथ के काटकर, शिव ध्वजारोहण किया और शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में राजकुमार गोयल, एसपी जून, अरुण आर्य, सत्य प्रकाश भारद्वाज, शंकर दास, भीम, रामेश्वर, सोमदत्त, बंटी,बीके सुमित्रा बहन, बीके मीना दीदी, बीके दीनदयाल सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# महिलाओं की सुरक्षा-सशक्तिकरण मोदी की गारंटी है : नरेंद्र

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करनाल में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन में की शिरकत, हरियाणा में 3 लाख लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य : मनोहर लाल, 5 हजार महिलाओं को दिया जाएगा ड्रोन का प्रशिक्षण, महिलाएं, बहनें कोई भी बात मुझ तक पहुंचाएं, आपका भाई मनोहर लाल हमेशा आपके लिए तैयार

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ने देशभर में 3 करोड़ महिलाओं-बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। गांव-गांव में जब लखपति दीदी बनेगी तो गांव की तस्वीर और तकदीर बदल जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा-सशक्तिकरण मोदी की गारंटी है।

आज जिला करनाल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन को वर्चुअली संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा कि देशभर में एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने में सफल हो चुके हैं। इतना ही नहीं, मुद्रा योजना के तहत बिना गारंटी के ऋण लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में भी महिलाएं आगे हैं। उन्होंने कहा कि नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत भी महिलाओं को ड्रोन पायलट की



ट्रेनिंग दी जा रही है और उन्हें ड्रोन भी दिये जाएंगे। इसका उपयोग कृषि क्षेत्र में होगा, जिससे न केवल कृषि आधुनिक होगी तो वहीं बहनों को अतिरिक्त आय भी होगी।

उन्होंने कहा कि हमने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान चलाया, जिससे लाखों बेटियों का जीवन हमने बचाया है। महिलाओं के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। विकसित भारत बनाने के लिए नारी शक्ति को ज्यादा से ज्यादा अवसर देना जरूरी है और इस दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है।

**5 हजार महिलाओं को दिया जाएगा ड्रोन का प्रशिक्षण : मनोहर लाल**

राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि आज का दिन बड़ा सौभाग्यशाली है, जब देश की आधी आबादी अर्थात महिलाओं के कल्याण हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार की योजनाएं बनाई है, ऐसा विचार कभी किसी के मन में नहीं आया था और आज लखपति दीदी महासम्मेलन के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन अपने आप में अनूठा कार्यक्रम है। उन्होंने लखपति दीदी योजना के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

**महिलाओं को छोटे उद्योग स्थापित करने के लिए गारंटी फ्री ऋण के लिए 200 करोड़ रुपये का वेंचर कैपिटल फंड का किया प्रावधान**

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आज महिलाएं छोटे उद्योग स्थापित करने में आगे बढ़ रही हैं और इसके लिए उन्हें ऋण लेने की आवश्यकता पड़ती है, जिसके लिए उन्हें गारंटी देनी पड़ती है। इससे राहत देने के लिए इस बार के बजट में वेंचर कैपिटल फंड के रूप में 200 करोड़ रुपये केवल गारंटी उपलब्ध करवाने के लिए प्रावधान किया गया है, ताकि महिलाओं को ऋण के लिए गारंटी न देनी पड़े। इतना ही नहीं, स्वयं सहायता समूहों को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण भी उपलब्ध करवाया जा रहा है।

मनोहर लाल ने कहा कि कृषि प्रधान प्रदेश होने के नाते यहां किसानों को ड्रोन की बहुत बड़ी आवश्यकता पडने वाली है। अभी तक किसान अपने कधे पर मशीनें लगा कर खेतों में यूरिया का छिडकाव करता है। अब नैनो यूरिया यानि लिक्विड यूरिया के छिडकाव के लिए ड्रोन की बहुत बड़ी मांग बढ़ रही है। अब ये काम हमारी बहनें करेंगी। 5000 ड्रोन भी दिए जाएंगे और गांव-गांव के अंदर महिलाओं की आजीविका बढ़ेगी। इतना ही नहीं, ट्रैफिक व्यवस्था, खनन, अवैध कॉलोनियां के सर्वे करने के लिए विभागों को भी ड्रोन की आवश्यकता है और ये ड्रोन अब हमारी लखपति दीदी चलाएंगी।

मनोहर लाल ने कहा कि आज हरियाणा में 132 स्थानों पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है और प्रधानमंत्री के लखपति दीदी बनाने के लक्ष्य में हरियाणा की ओर से भी सहभागिता की जाएगी। हरियाणा में 3 लाख बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। इसके अलावा, राज्य में 5000 बहनों को ड्रोन की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। प्रथम चरण में 500 स्वयं सहायता समूहों को चयनित किया गया है और हर ग्रुप में 10 महिलाओं को ड्रोन की ट्रेनिंग दी जाएगी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 102 बहनों को ड्रोन की ट्रेनिंग प्रदान करके विभिन्न विभागों में काम भी दिलवाया गया है।

उन्होंने कहा कि हमारी मातृशक्ति जब लखपति दीदी बनेगी, तो वे एक माँ, बहन, पत्नी इत्यादी के रूप में पूरे परिवार का सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं में बहादुरी, समर्पण का भाव होता और परिवार की धूरी भी महिलाएं ही होती हैं, इसलिए मातृशक्ति को आगे बढ़ाने से पूरा परिवार आगे बढ़ता है।

# 'पीएम, सीएम ने महिलाओं के कल्याण के लिए बहुत योजनाएं चलाईं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में लखपति दीदी महासम्मेलन का आयोजन स्थानीय डीआरडीए के प्रांगण में बुधवार को किया गया। समारोह में जींद के विधायक डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महासम्मेलन की अध्यक्षता जींद नगर परिषद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने की। महासम्मेलन में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल के वर्चुअल संबोधन से जोड़ कर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा व जिला परिषद की सीईओ डा. किरण सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। विधायक डा. कृष्णलाल मिड्ढा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने महिलाओं के कल्याण के लिए बहुत योजनाएं चलाई हैं। महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह के साथ जोड़ा गया है, जिससे वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेकर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकें। सरकार द्वारा महिलाओं के लिए हर घर नल योजना चलाई है, जिससे हर घर की रसोई तक पीने का स्वच्छ पानी पंहुचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री हरियाणा की महिलाओं के प्रति सकारात्मक सोच व उनके उत्थान के लिए किए जाने वाले कामों की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा उज्जवला योजना के तहत पात्र महिलाओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए गए हैं।

**जागरूक किया**

8 डा. कृष्णलाल मिड्ढा ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी

## न्यूज फ्लैश

### मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना में लोग करेंगे अयोध्या दर्शनः मूलचंद शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबा:** हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत लाभार्थियों को अयोध्या दर्शन के लिए फरीदाबाद के बल्लभगढ़ डिपो से 8 मार्च को हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की वोल्वो (मर्सिडीज बेंज ) एसी बस 52 यात्रियों को अयोध्या दर्शन कराएगी। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत लाभार्थियों का यह खर्चा हरियाणा सरकार उठाएगी। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत 1लाख 80 हजार से कम आय वाले सीनियर सिटीजन को सरकार यह लाभ दे रही है। हरियाणा सरकार का उद्देश्य है की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी देवस्थानों के दर्शन का लाभ मिले। बता दें कि बल्लबगढ़ राजा नाहर सिंह बस स्टैंड से यह बस 8 मार्च को सुबह 11 बजे अयाध्या धाम जायेगी, जिसको प्रदेश के परिवहन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सुबह 11:00 बजे फरीदाबाद से चलकर यह बस शाम को 8:00 लखनऊ पहुंचेगी। जहां लाभार्थियों को रात्रि भोजन के साथ रात्रि ठहराव करवाएगी। वहीं 09 मार्च को सुबह 8:00 बजे लखनऊ से बस अयोध्या के लिए रवाना होगी और सुबह 10:30 अयोध्या धाम पहुंचेगी। जहां दोपहर 02 बजे तक लाभार्थी भगवान श्री राम मंदिर के दर्शन करेंगे। तत्पश्चात दोपहर को भोजन करने के बाद यात्रीगण 03 बजे से 05 बजे तक सरयू स्नान करने करेगे। इसके उपरांत 5:00 बजे यह बस लखनऊ के लिए वापिस रवाना होगी। शाम 7:30 बजे लखनऊ पहुंचेगी। जहां रात्रि 8:00 बजे से 9:00 बजे तक रात्रि भोजन के बाद सुबह 6:00 तक रात्रि ठहराव होगा। इसके उपरांत 10 मार्च को यह बस लखनऊ से सुबह 06:00 बजे यात्रियों को जलपान/ नाश्ता कराने के बाद 07:00 बजे फरीदाबाद के लिए प्रस्थान करेगी और दोपहर 02:00 बजे फरीदाबाद पहुंचेगी।

### मोदी-मनोहर ने महिला उत्थान के लिए अनेकों फैसले लिएः गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में डबल इंजन सरकारों ने महिला उत्थान के लिए अनेक जनहित फैसले किए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के पानीपत जिला से ही वर्ष 2015 में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की थी। वहीं अब लखपति दीदी बनाने के लिए नारी शक्ति के उत्थान के लिए सार्थक प्रयास निरंतर किए जा रहे हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर बुधवार को नीमका के राजा जैत सिंह सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित लखपति दीदी महासम्मेलन में बतौर मुख्य मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद जिला में नारी शक्ति के उत्थान के लिए लगभग 1000 स्वयं सहायता के समूह के के जरिए दस हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई है। जिन्हें सरकार द्वारा 425 लाख रुपए की धनराशि स्वयं सहायता समूहों के जरिये अनुदान स्वरूप प्रदान करने का काम किया है। तिगांव के विधायक राजेश नागर ने कहा कि नारी शक्ति में बहुत आत्म बल है इसकी कोई बराबरी नहीं है। एक महिला अपने परिवार के पालन पोषण में पुरुषों के मुकाबले बेहतर योगदान देती है। परिवारों को संपन्न बनाने में भी महिलाओं का विशेष योगदान होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम के साथ सीता ने भक वनवास के दौरान साथ जाने का फैसला लिया था। इसी प्रकार महिलाएं भी अपने घर के विकास में पुरुषों का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देती है। हरियाणा सरकार का प्रयास भी है कि महिलाओं को उनकी नारी शक्ति वंदन में बेहतर कार्य कर सके इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में लखपति दीदी, लखपति ड्रोन दीदी और स्वयं सहायता समूह के लिए महिलाओं को रोजगार करने सहित अनेक जनहित हितैषी फैसला महिलाओं के लिए प्रदेश में लागू किए गए हैं।

### गृह मंत्री आवास के बाहर भाजपा नेता ने खाया जहरीला पदार्थ

**टीम एक्शन इंडिया**

चंडीगढ़: अंबाला में गृहमंत्री अनिल विज के आवास के बाहर अपने एक साथी से बहस के बाद भाजपा नेता ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे गंभीर हालत में अंबाला छावनी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# तहसील व बीडीपीओ कार्यालय पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगरः** सरस्वती नगर में तहसील कार्यालय एवं बीडीपीओ कार्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने छापेमारी की। मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम में इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, सब इंस्पेक्टर जयकुमार, सब इंस्पेक्टर राजेश, ए.एस. आई. संजय कुमार शामिल थे। उन्होंने बुधवार को तहसील कार्यालय में पहुंचकर रिकॉर्ड की जांच की, लेकिन वहां उन्हें कुछ नहीं मिला। नायब तहसीलदार व रजिस्ट्री क्लर्क भी गैर हाजिर मिले। टीम अपने साथ दस्तावेज ले गई है। मौके पर उन्होंने नायब तहसीलदार आनंद रावल को फोन पर संपर्क करना चाहा, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। टीम वहां करीब 2 घंटे तक रही। उसके बाद टीम ने बीडीपीओ कार्यालय में पहुंचकर रिकॉर्ड की जांच की और कर्मियों से पूछताछ की, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला। उन्होंने बीडीपीओ श्याम शर्मा से संपर्क किया तो उन्होंने बताया कि वह किसी सरकारी कार्यक्रम में व्यस्त हैं। उसके बाद उन्होंने कार्यालय में कर्मचारियों से रिकॉर्ड को अपने कब्जे में ले लिया। सब इंस्पेक्टर जयकुमार ने बताया कि बुधवार को सरस्वती नगर तहसील में निरीक्षण किया गया। बीडीपीओ कार्यालय में सी.एम विंडो की जांच की गई है।

# 'तीर्थस्थलों के दर्शन के लिए सरकार ने किया पोर्टल शुरू '

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन, श्री हरमिंद्र साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी-विश्वनाथ के दर्शन करवाने के लिए हरियाणा सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत एक पोर्टल की शुरूआत की है। इस पोर्टल पर पंजीकृत श्रद्धालुओं को सरकार की ओर से निःशुल्क यात्रा करवाई जाएगी। पोर्टल पर अब तक करीब 700 श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा चुके हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को करनाल में मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रभु श्रीराम लला के दर्शन के लिए करनाल से अयोध्या जाने वाली तीर्थ यात्रियों की बस को हरी झंडी



दिखाकर रवाना करने के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर श्रद्धालुओं से बातचीत की और उनको यात्रा की शुभकामनाएं दीं। मनोहर लाल ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकृत यात्रियों को अयोध्या दर्शन, श्री हरमिंद्र साहिब गुरुद्वारा, श्री पटना साहिब गुरुद्वारा, काशी-विश्वनाथ मन्दिरों का दर्शन करवाया जाना शामिल है। इसके अलावा अन्य तीर्थ स्थानों के लिए भी धीरे-धीरे पोर्टल खोलेंगे, ताकि और तीर्थयात्री जो देश में अन्य तीर्थस्थानों पर जाने के इच्छुक हैं, वे अपना रजिस्ट्रेशन कर सकें। अभी रजिस्ट्रेशन के लिए 1 लाख 80 हजार रुपये सालाना से कम आय वाले तथा 60 वर्ष से ऊपर के लोगों के लिए यह सुविधा निःशुल्क दी जा रही है। परंतु कई लोगों का अनुरोध है कि कुछ किराया राशि अथवा शुल्क आदि लेकर अन्य लोगों को भी इस योजना में कुछ न कुछ सुविधा दी जाए, क्योंकि सामूहिक जाने का अपना एक आनंद होता है, इस पर विचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु श्रीराम जी के जन्म स्थान अयोध्या में मन्दिर बनाने को लेकर 500 साल पुराना संघर्ष था, लेकिन

**रवाना किया**

8 पंजीकरण के बाद श्रद्धालुओं को निशुल्क कराई जाएगी यात्रा, अयोध्या जाने वाली बस को हरी झंडी दिखाई

# पेपर लीक जैसी कोई घटना नही हुई, केवल अफवाह हैः कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया**

यमुनानगरः हरियाणा में जिला नूंह तावडू क्षेत्र के चंद्रावती स्कूल में दसवीं कक्षा के पेपर में नकल मामले में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवर पाल गुर्जर ने कड़ा संज्ञान लिया है। उन्होंने बुधवार को इस मामले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों से इस विषय की फोन पर जानकारी ली। इस विषय पर बोलते हुए स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि सरकार इसको लेकर पूरी सख्त है। हरियाणा में अब नकल के मामले लगभग समाप्त हैं। एक विषय अभी संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों द्वारा



इस प्रकार की शरारत की गई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस विषय में वहां के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक से भी बात की है, ताकि इस प्रकार का कुछ न हो। वहां पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स लगाई जाएगी। गुरुवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन नूंह में ही होंगे। वहीं, उन्होंने बताया की नकल रोकने के लिए परीक्षा पत्रों पर क्यूआर कोड लगाया गया है। अगर उसको कोई स्कैन करता है तो तुरंत पकड़ा जाएगा।

# तहसील व बीडीपीओ कार्यालय पर मुख्यमंत्री उड़नदस्ते की छापेमारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगरः** सरस्वती नगर में तहसील कार्यालय एवं बीडीपीओ कार्यालय में बुधवार को मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम ने छापेमारी की। मुख्यमंत्री उड़न दस्ते की टीम में इंस्पेक्टर दिनेश कुमार, सब इंस्पेक्टर जयकुमार, सब इंस्पेक्टर राजेश, ए.एस. आई. संजय कुमार शामिल थे। उन्होंने बुधवार को तहसील कार्यालय में पहुंचकर रिकॉर्ड की जांच की, लेकिन वहां उन्हें कुछ नहीं मिला। नायब तहसीलदार व रजिस्ट्री क्लर्क भी गैर हाजिर मिले। टीम अपने साथ दस्तावेज ले गई है। मौके पर

# हेडमास्टर हत्या मामले में नई एसआईटी गठित




**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** हांसी क्षेत्र के गांव गढ़ी और बड़सी के बीच नवंबर 2023 में कार में संदिग्ध हालत में जिंदा जले हेड मास्टर सुंदरलाल के मामले की जांच के लिए हांसी एसपी मकसूद अहमद ने नारनौंद डीएसपी राजसिंह के नेतृत्व में नई स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम बनाई है। नई एसआईटी में बास थाना प्रभारी पवित्र कुमार व सोरखी पुलिस चौकी इंचार्ज सुरेंद्र कुमार को शामिल किया गया है। हालांकि मामले जांच के लिए पहले भी एसआईटी बनाई गई थी, लेकिन उस एसआईटी की जांच से हेडमास्टर सुंदर लाल के परिजन संतुष्ट नहीं थे। हेडमास्टर सुंदर लाल राजकीय प्राथमिक विद्यालय दुर्जनपुर में हेडमास्टर के पद कार्यरत थे और 8 सितंबर 2023 को करीब चार बजे स्कूल से वापस घर लौट रहे। इसी दौरान हेडमास्टर की गाड़ी में गढ़ी रेलवे स्टेशन के समीप संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई थी। गाड़ी में आग लगने की सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी और दमकल कर्मियों ने कार में लगी आग को बुझाया था। आग बुझाने के बाद पुलिस को कार से एक जला हुआ कंकाल मिला था लेकिन कंकाल से मृतक की पहचान नहीं हो पाई थी इसलिए पुलिस ने शव की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट कराया था। करीब 5 माह पहले डीएनए टेस्ट रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि गाड़ी में मिला कंकाल हेडमास्टर सुंदरलाल का ही था।

**संदिग्ध**

8 स्कूल से आते हुए कार में जिंदा जले मिले थे हेडमास्टर, परिजनों ने लगाया था हत्या कर जलाने का आरोप

# जींदः खोली गई कैंटीन में मजदूरों को नहीं मिला खाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद:** जुलाना कस्बे की नई अनाज मंडी में मजदूरों, किसानों के लिए खोली गई कैंटीन में मजदूरों को खाना नहीं मिला तो मजदूरों ने कैंटीन के बाहर नारेबाजी की। नई अनाज मंडी में मजदूरों, किसानों और आढ़तियों के लिए हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत खाने के लिए कैंटीन खोली गई है। कैंटीन में कोई भी 10 रुपये में भरपेट खाना मिलता है, लेकिन मजदूरों का आरोप है कि उनको खाने से मना कर दिया गया। मजदूरों ने कहा कि लखपति दीदी कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की



महिलाओं के लिए तो कैंटीन से खाना पैक कर भेज दिया गया, लेकिन उन्हें खाना देने से मना कर दिया गया। ऐसे में मजदूरों को बैरंग ही लौटने पर मजबूर होना पड़ा। मजदूरों को कैंटीन में जवाब मिला की बुधवार को अढ़ाई बजे के बाद खाना आएगा। उसके बाद खाना मिलेगा जबकि मजदूरों का विश्राम एक बजे से लेकर दो बजे तक ही होता है। जुलाना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में लखपति दीदी कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें खंड के सभी गांव की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भाग लिया। कैंटीन में कार्यक्रम के लिए पहुंचीं महिलाओं के लिए खाने का ठेका दिया गया, तो मजदूरों पर यह फैसला भारी पड़ गया। मजदूर नेता सुभाष पांचाल ने कहा कि प्रशासन की लापरवाही मजदूरों पर भारी पड़ रही है। मजदूरों और किसानों के लिए खोली गई कैंटीन से किसी कार्यक्रम के लिए खाना लगना गलत है। खाना किसी भी कार्यक्रम के लिए बन सकता है लेकिन मजदूरों को खाने से मना करना निंदनीय है।

# सनातन धर्म महिला महाविद्यालय के पूर्व प्रधान व बेटे पर मामला दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** हांसी शहर पुलिस ने सनातन धर्म महिला महाविद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व प्रधान वासुदेव गोयल व उनके बेटे तथा प्रबंधक समिति के महासचिव अंकुर गोयल पर कालेज के रिकॉर्ड, दस्तावेज व गलत तरीके से रुपए निकलवाने को लेकर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में कालेज प्राचार्य डॉ. सुरेश गुप्ता ने कहा है कि उच्चतर शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य आयुक्त द्वारा एसडीएम को महाविद्यालय का प्रशासक नियुक्त किया गया है। इसी के चलते 13 सितंबर 2023 में कालेज प्रशासक मोहित महराणा ने प्रबंधक समिति के पूर्व प्रधान वासुदेव गोयल को रिकार्ड गायब चोरी व गबन मिलने बारे पत्र लिखा था लेकिन पूर्व प्रधान वासुदेव गोयल द्वारा प्रशासक मोहित महराणा के पत्र का कोई जवाब नहीं दिया गया और ना ही उन्होंने कालेज के गायब रिकार्ड व रुपए वापस किए गए। इस पर एसडीएम ने उन्हें पूर्व प्रधान वासुदेव गोयल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए अधिकृत किया है। डॉ. गुप्ता ने शिकायत में कहा है कि एसडीएम के प्रशासक नियुक्त होने के बाद एक सितंबर को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में महाविद्यालय की प्रबंधक समिति कार्यालय का रिकार्ड कब्जे में लिया गया। रिकॉर्ड कब्जे में लेने के उपरांत पता चला कि प्रबंधक समिति के कार्यालय से काफी सामान व रिकार्ड चोरी किया गया है तथा रुपयों का गबन किया गया है। गायब रिकार्ड में प्राचार्य की सर्विस बुक भी है। पूर्व प्रधान प्राचार्य सर्विस बुक को गैर कानूनी तरीके से चोरी करके हिसार ले गए।

# 'लखपति दीदी योजना में आय बढ़ाने के लिए महिलाओं को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण'

## ड्रोन दीदी सीमा रानी ने उड़ाकर दिखाया ड्रोन, मंत्री ने महिलाओं को करोड़ों के चैक किए वितरित

**टीम एक्शन इंडिया**

**फतेहाबादः** पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण एवं स्वावलंबी बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सरकार द्वारा पूरे देश में स्वयं सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा ताकि वह प्रति वर्ष एक लाख रुपए से अधिक कमा सकें पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने बुधवार को गांव पारता में आयोजित लखपति दीदी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत



की। कार्यक्रम में पश्चिमी बंगाल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व करनाल से मुख्यमंत्री मनोहर लाल कार्यक्रम का सीधा प्रसारण को बड़ी स्क्रीन पर दिखाया व सुनाया गया। कार्यक्रम में ड्रोन दीदी सीमा रानी ने ड्रोन उड़ाकर दिखाया और उस पर किस प्रकार से काम कर सकते है, इसकी विस्तृत जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सीसीएल के चार करोड़ 64 लाख और सीसीएफ के 37 लाख रुपये के चेक वितरित किए। कैबिनेट मंत्री देवेन्द्र सिंह बबली ने कहा कि भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हाल ही में लखपति दीदी पहल कार्यक्रम की शुरूआत की गई है जिसमें स्वयं सहायता समूह की ऐसी महिलाओं को चिन्हित किया जाना है जिन्होंने स्वयं सहायता समूहों में जुडकर विभिन्न रोजगार शुरू करके अपने परिवार की आमदनी सालाना एक लाख रुपये व इससे अधिक तक बढ़ोतरी की गई है। ऐसी महिलाओं को विभिन्न प्रकार के रोजगार की जानकारी उपलब्ध करवाते हुए उनको प्रशिक्षण दिया जाना है ताकि महिलाएं अपनी आजीविका में बढ़ोतरी कर सके।

**फतेहाबाद में 3917 महिला स्वयं सहायता समूह गठितः** पंचायत मंत्री ने कहा कि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन फतेहाबाद के तहत जिले के सभी खंडों में कुल 3917 महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है जिसमें जिले के 39281 ग्रामीण गरीब परिवार की महिलाओं को जोड़ा जा चुका हैं।

**चेक वितरित**

8 आजीविका मिशन के तहत हाल ही में लखपति दीदी पहल कार्यक्रम की शुरूआत की गई

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया • करनाल • 07 मार्च 2024 • पृष्ठ 12 • आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

फास्ट न्यूज

## बिना शर्त तुरंत 40 हजार प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार : हुड्डा

**रोहतक: कांग्रेस** सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में हुई बरसात व ओलावृष्टि से किसान की फसल पुरी तरह से बर्बाद हो गई और सरकार पोर्टल का बहाना बनाकर अपनी जिम्मेदारी से भाग रही है। उन्होंने कहा कि सरकार को बिना शर्त के तुंरत किसानों को चालीस हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए, ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके। बुधवार को सांसद ने बरसात व ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलों के मुआवजे को लेकर किसानों के साथ पैदल मार्च किया। उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि सरकार शुरू से ही किसान विरोधी रही है। करीब तीन-चार साल से किसानों को मुआवजे के नाम पर गुमराह किया जा रहा है, जबकि आज भी करोडो रुपए का मुआवजा बकाया है, लेकिन सरकार इस और कोई ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि मुआवजा देने की बजाय समय निकालने में जुटी है, ताकि आचार संहिता लग जाए और मुआवजा देने से पल्ला झाड सके। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर किसानों को तुंरत मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश तभी तरक्की करेगा जब किसान और कमेरा वर्ग खुशहाल हो, लेकिन भाजपा सरकार की नियत व नीति दोनो ठीक नहीं है। सांसद ने हरियाणा ग्रामीण चौकीदारों के धरने पर भी पहुंचे और अपना समर्थन दिया।

## हरियाणा में इस साल नहीं बढ़ेंगी बिजली की दरें

**चंडीगढ़: हरियाणा** के लाखों बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक अच्छी खबर है। प्रदेश में इस साल बिजली की दरों में बढ़ोतरी नहीं होगी। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने बिजली वितरण निगमों- उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) और दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) की एचईआरसी में दायर की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता (एआरआर) की याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को अपना फैसला दिया है। एचईआरसी ने 78 लाख 57 हजार 142 बिजली उपभोक्ताओं को भारी राहत देते हुए बिजली बिलों में किसी प्रकार की कोई बढ़ोतरी नहीं की है।

# पीएम मोदी ने आगरा मेट्रो को दिखाई हरी झंडी

### सीएम ने किया सफर, पीएम को हरी झंडी दिखाई, दखाते ही आगरा मेट्रो ने अनोखा रिकॉर्ड किया दर्ज, आगरावासियों को होली से पहले मिली मेट्रो ट्रेन की सौगात- सीएम

योगी मॉडल

• यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी





**टीम एक्शन इंडिया**
**आगरा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कोलकाता से वर्चुअली आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाते ही, उसके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। यह देश की पहली मेट्रो बन गई है, जो तय समय से नौ महीने पहले ही ट्रैक पर दौड़ने लगी। 32 महीने में प्राथमिक भूमिगत सेक्शन का निर्माण होना था, लेकिन यह 23 महीने में बनकर तैयार हो गया। सात दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगरा मेट्रो का शिलान्यास किया था। इस मौके पर ताज महल मेट्रो स्टेशन से सीएम योगी ने आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेट्रो स्टेशन के अंदर एआई से निगरानी की जाएगी। आगरा मेट्रो यूपी की छठवीं मेट्रो है। फर्स्ट फेज में अभी 6 किलोमीटर तक मेट्रो चलेगी। इसके बीच में प्राथमिकता कॉरिडोर में छह स्टेशन शामिल हैं। जिनके बीच गुरुवार से आम जनता के लिए यात्री सेवा आरंभ हो जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा मेट्रो में सफर भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताजमहल स्टेशन से ताज पूर्वी स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में सफर किया। उनके साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल रहे। उन्होंने विजिटर बुक में अपने अनुभव सांझा करते हुए लिखा कि आगरा मेट्रो का आज माननीय प्रधानमंत्री जी ने वर्चुअली शुभांरभ किया। प्रोजेक्ट की क्वालिटी के साथ ही समयबद्धता महत्व रखती है। आगरा मेट्रो ने इस मानक को बनाये रखा है...शुभकामनाएं। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि दिसंबर 2021 में आगरा मेट्रो कार्य का शुभारंभ हुआ था और दो वर्ष के अंदर ही प्रायोरिटी सेक्शन के 6 किमी का पहला कार्य पूरा कर लिया गया। जिसमें तीन एलिवेटेड और तीन भूमिगत मेट्रो स्टेशन है। इस कार्य को पूरा करने के साथ ही इसमें मेट्रो सेवा भी प्रारंभ हो चुकी है। आगरा मेट्रो के शुरू होने के साथ ही उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसके पास सबसे अधिक शहर में मेट्रो की सुविधा है। इससे पहले लखनऊ, गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा और कानपुर में मेट्रो सेवा प्रारंभ हो चुकी है। आज मुझे प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश के छठवें शहर आगरा में ब्रजवासियों के लिए, आगरा वासियों के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की एक बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हुई है।

सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश मेट्रो कारपोरेशन ने कानपुर मेट्रो, लखनऊ मेट्रो और आगरा मेट्रो के कार्य को जिस तत्परता के साथ किया है, उसकी सर्वत्र पर सराहना हुई है। तीन अंडरग्राउंड स्टेशन को तीन किमी क्षेत्र में, उन्हें विकसित करने में एक तय समय सीमा से पहले कार्य करके देश के अंदर सबसे पहले तीव्र गति से कार्य करने का कीर्तिमान हासिल करने वाली आगरा मेट्रो हुई है। कहा कि पीएम मोदी के विजन को जिस प्रभावी ढंग से उत्तर प्रदेश वासियों के हित में और उत्तर प्रदेश आने वालों के हित में, पर्यटन और पर्यटकों के हित में इस कार्य को यूपीएमआरसी ने कर-के दिखाया है। ये वास्तव में आम जनमानस के सुविधा को, उनकी सुरक्षा को ध्यान में रख करके किए गए प्रयासों का प्रतिफल है।

# 'वर्ष 2027 तक भारत को विश्व के तीन अग्रणी देशों में शामिल करना है'

आउटरीच

• अब गांव की महिलाएं अपने खेतों की देखभाल ड्रोन के जरिए कर रही है : वित्त मंत्री निर्मला



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: केंद्रीय वित्त** एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने कहा कि सरकार की मंशा वर्ष 2027 तक भारत को विश्व के तीन अग्रणी देशों में शामिल करने की है। उन्होंने बिहार के छपरा में आयोजित क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। वित्त मंत्रालय ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि वित्त मंत्री ने बिहार के छपरा में जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय परिसर में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वित्त मंत्री ने सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अमनौर शाखा का वर्चुअल उद्घाटन भी किया। यह शाखा करीब 2 लाख की आबादी की जरूरतों को पूरा करेगी और उन्हें बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम में 61,787 परिवारों के बीच 1,349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। सीतारमण ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि गांव की महिलाएं भी लखपति बनेगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने कई योजनाओं का शुरूआत की है। उन्होंने 'ड्रोन दीदी' योजना का जिक्र करते हुए कहा कि अब गांव की महिलाएं अपने खेतों की देखभाल ड्रोन के जरिए कर रही है।

इसके लिए उनको ट्रेनिंग भी दी जा रही है। मंत्रालय के मुताबिक जयप्रकाश विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बिहार के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचीं निर्मला सीतारमण मुख्य अतिथि थीं।

## दिल्ली में 8 मार्च को होगा 'लखपति दीदी महिला उद्यमी महासम्मेलन'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 8 मार्च को राजधानी नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में ह्यलखपति दीदी महिला उद्यमी महासम्मेलनह्ण का आयोजन किया है। कारोबारी संगठन कैट महामंत्री एवं चांदनी चौक से भाजपा उम्मीदवार खंडेलवाल के नेतृत्व में आयोजित इस महासम्मेलन में देश के सभी राज्यों की 25 हजार लखपति दीदी महिला उद्यमी भाग लेंगी।

## मिनिकॉय द्वीप पर शुरू किया नया नेवल बेस आईएनएस जटायु

### नौसेना को एंटी-पाइरेसी और एंटी-नारकोटिक्स ऑपरेशनों में मदद मिलेगी, लक्षद्वीप के सबसे दक्षिणी द्वीप मिनिकॉय में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय नौसेना ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप द्वीपों में अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाते हुए मिनिकॉय द्वीप पर बुधवार को आईएनएस जटायु तैनात कर दिया है। इससे भारत को क्षेत्र में विरोधियों की सैन्य और वाणिज्यिक गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। हिंद महासागर क्षेत्र में नजर बनाए रखने के लिए बनाया गया यह नया बेस अरब सागर में मालदीव से सिर्फ 507 किलोमीटर दूर है, इसलिए न केवल भारतीय समुद्री वाणिज्य सुरक्षित होगा बल्कि बुनियादी ढांचे का उन्नयन भी होगा। इस कदम से केरल के पश्चिम में 400 किमी दूर स्थित द्वीप श्रृंखला में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने एक समारोह में लक्षद्वीप के सबसे दक्षिणी द्वीप मिनिकॉय में नए बेस की शुरूआत की। कमीशनिंग समारोह में नौसेना प्रमुख को 50 पुरुषों का गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। जटायु को कमांडेंट व्रत बघेल की कमान के तहत कमीशन किया गया है। यूनिट के पहले कमांडिंग ऑफिसर कमांडर व्रत बघेल ने संस्कृत में मंगलाचरण का पाठ किया और उसके बाद कमीशनिंग वारंट का वाचन किया। कमीशनिंग पट्टिका के अनावरण के बाद राष्ट्रगान की धुन पर नौसेना ध्वज फहराया गया। कमीशनिंग समारोह के पूरा होने पर मिनिकॉय में समुद्री संचालन केंद्र का उद्घाटन किया गया। नौसेना प्रमुख ने यूनिट के अधिकारियों और जवानों से बातचीत की और इस महत्वपूर्ण अवसर पर उनकी सराहना की।

परिचालन

• हिंद महासागर क्षेत्र में नजर बनाए रखने के लिए बनाया गया यह नया बेस अरब सागर में मालदीव से सिर्फ 507 किमी दूर है

## ऑस्कर समारोह की 11 मार्च को तड़के ओटीटी पर होगी लाइव स्ट्रीमिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**96वें एकेडमी** अवॉड्र्स यानी 'ऑस्कर 2024' को लेकर दुनियाभर में काफी दिलचस्पी के साथ उत्सुकता भी है। मनोरंजन जगत के इस प्रतिष्ठित पुरस्कार का फिल्म जगत से जुड़े हर व्यक्ति को बेसब्री से इंतजार रहता है। इस साल का ऑस्कर समारोह 10 मार्च को अमेरिका के कैलिफोर्निया के डॉल्बी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। भारतीय दर्शक 11 मार्च को इस कार्यक्रम का ओटीटी पर लाइव टेलीकास्ट देख सकेंगे। जिमी किमेल इस साल चौथी बार ऑस्कर की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। दुनियाभर के फिल्म प्रेमी ऑस्कर का बेसब्री से इंतजार कर हैं। दर्शक 'ऑस्कर 2024 समारोह' को 11 मार्च 2024 को सुबह 4 बजे से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर लाइव देख सकते हैं। इसे लेकर हाल ही में हॉटस्टार के ऑफिशियल सोशल मीडिया पेज से एक पोस्ट शेयर किया है। जिसका कैप्सन था, "ऑस्कर की लाइव स्ट्रीमिंग 11 मार्च को होगी। तैयार हो जाओ।" इस साल ऑस्कर के प्रस्तुतकताओं में कोई भी भारतीय अभिनेत्री शामिल नहीं है। इससे पहले अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा और दीपिका पादुकोण को ऑस्कर पुरस्कार प्रस्तुत करने का सम्मान दिया गया था। इस साल ऑस्कर प्रस्तुतकताओं की सूची में निकोलस केज, अल पचिनो, जेंडाया, सैम रॉकवेल, बैड बन्नी, ड्वेन जॉनसन, क्रिस हेम्सवर्थ, जेनिफर लॉरेंस, एमिली ब्लंट, एरियाना ग्रांडे, टिम रॉबिंस, स्टीवन स्पीलबर्ग शामिल हैं।

## सपा विधायक इरफान पर कोर्ट में आरोप तय

गंभीर आरोप

• एक ओर जहां उनके व उसके साथियों के ऊपर महिला के प्लाट पर आगजनी का आरोप है



**टीम एक्शन इंडिया**
**कानपुर:** महाराजगंज जेल में बंद कानपुर के आर्य नगर सीट से सपा विधायक इरफान सोलंकी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। एक ओर जहां उनके व उसके साथियों के ऊपर महिला के प्लाट पर आगजनी का आरोप है तो वहीं इसी मामले में पुलिस के खौफ से इरफान हवाई यात्रा कर मुंबई भाग गया था। इस यात्रा में उसने फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग किया था, जिस पर बुधवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने आरोप तय कर दिया

इरफान के वकील शिवकांत दीक्षित ने बुधवार को बताया कि एमपी-एमएलए कोर्ट ने इरफान पर फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत सात आरोपियों के खिलाफ कोर्ट ने आरोप तय किये है। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। वहीं जाजमऊ में महिला के प्लाट पर आगजनी मामले में इरफान के साथ अन्य छह लोगों पर न्यायलय द्वारा आरोप तय कर दिए। महाराज गंज जेल में बंद विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के केस में अभी फैसला नहीं आया। इरफान के वकील शिवाकांत दीक्षित ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले में हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की है। याचिका पर फैसला होने के बाद ही कानपुर कोर्ट से फैसला आएगा।

## धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी को आजीवन कारावास



**टीम एक्शन इंडिया**
**बुलंदशहर:** उत्तर प्रदेश के जनपद बुलंदशहर में एससी-एसटी कोर्ट ने बुधवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर चार लाख 56 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। एससी-एसटी कोर्ट में विशेष अभियोजक पद पर तैनात विपुल राघव ने बताया कि यह पूरा मामला मार्च 2022 का है। गुलावठी थाना में अनीता (काल्पनिक नाम) नाम की एक महिला ने तहरीर देते हुए कहा कि अनीश नाम के युवक ने आकाश बनकर उसे बहला फुसलाकर धोखाधड़ी करते हुए उसका धर्म परिवर्तन कराया। उसे अनीता से आयशा बनाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने उससे ढाई लाख रुपये की नकदी और उसकी एक गले की चेन भी लेकर फरार हो गया। जब महिला के संज्ञान में आया कि आरोपित युवक आकाश नहीं बल्कि अनीश है। वह पहले से शादीशुदा है तो उसने कानून का सहारा लिया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट धर्म परिवर्तन में दर्ज कर मामले में जांच की। आरोपित की गिरफ्तारी हुई। मामले में आरोपित की तरफ से भी कोर्ट में अपना पक्ष रखा गया। उधर पीड़ित महिला ने भी अपने ऊपर धर्म परिवर्तन, बलात्कार के संबंध में और एससी-एसटी के होने के साक्ष्य पेश किये। कोर्ट ने बुधवार को दोनों पक्षों की दलीलों को सुनकर सभी धाराओं में दोषी करार देते हुए ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दोषी अनीश को आजीवन कारावास (मरते दम तक) की सजा सुनाई है। साथ ही इस मामले में अलग-अलग आरोपों में चार लाख 56 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। वहीं आरोप तय होने पर दोषी का कहना है कि वह वह निर्दोष है, उस पर बेवजह मुकदमे लगाए गए हैं। वह आदेश के विरुद्ध ऊपरी अदालत में अपील करेगा।

धोखाधड़ी

• अनीश नाम के युवक ने आकाश बनकर उसे बहला फुसलाकर धोखाधड़ी करते हुए उसका धर्म परिवर्तन कराया

## बिजली मीटर लगाने के नाम पर साइबर ठगी

**अररिया:** फारबिसगंज में 18 साल की एक युवती से साइबर ठग ने बिजली मीटर लगाने के नाम पर 11 हजार 800 रुपए की ठगी कर ली।युवक थाना क्षेत्र के कुबेर टोला वार्ड संख्या 13 के रहने वाले अफरोज आलम की पुत्री अम्बर खातून है।मामले को लेकर फारबिसगंज थाना में उनकी ओर से आवेदन दिया गया है। 7259919374 नंबर एस इनके मोबाइल पर कॉल आया और मीटर कंज्यूमर नंबर बताते हुए रिन्यूअल कराने के लिए कहा गया।जिसमे सुविधा एप्प डाउनलोड कर 10 रुपए का रिचार्ज कराया और फिर क्विक सपोर्ट एप्प डाउनलोड करने को कहा।

## फ्लाईओवर निर्माण में तेजी लाएं, जुलाई 2024 तक निर्माण हर हाल में पूरा करें: चम्पाई सोरेन

**टीम एक्शन इंडिया**
**रांची: मुख्यमंत्री** चम्पाई सोरेन ने बुधवार को राजधानी रांची में बन रहे निमार्णाधीन कांटाटोली एवं सिरमटोली फ्लाईओवर की कार्य प्रगति का औचक निरीक्षण किया। मौके पर मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग एवं जुडको के अधिकारियों को कई अहम दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निमार्णाधीन फ्लाईओवर का कार्य हर हाल में निर्धारित समय में पूरा करने के लिए निर्माण कार्य में तेजी लाएं। मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर फ्लाईओवर निर्माण कार्य में आ रही समस्याओं का निस्तारण जल्द करने को कहा। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर की सुविधा आमजनों के लिए है। इसलिए जरूरी है कि फ्लाईओवर का निर्माण कार्य दिन-रात तेज गति से किया जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जरूरत पड़े तो मानव बल बढ़ाएं। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि फ्लाईओवर निर्माण जुलाई 2024 तक हर हाल में पूरा कर लें।



## अवध से अरब तक लहरा रही है भारत की सांस्कृतिक ध्वजा: डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
ग्वालियर: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक अनुष्ठान का महापर्व चल रहा है। जिसके तहत अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। साथ ही अवध से अरब तक भारत की सांस्कृतिक ध्वजा लहरा रही है। सनातन संस्कृति की इसी गौरवशाली परंपरा के अनुसार ग्वालियर जिले के जौरासी में अष्ट महालक्ष्मी के अद्भुत एवं भव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को जौरासी पहुंचे और अष्ट महालक्ष्मी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही सुप्रसिद्ध जौरासी हनुमान मंदिर एवं अष्ट महालक्ष्मी मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की प्रगति और खुशहाली की कामना की।

प्राण प्रतिष्ठा

• ग्वालियर के जौरासी में अष्ट महालक्ष्मी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव

पहल

### मातृभूमि अर्पण योजना में सहयोग राशि देने के 30 दिन के अंदर मिलेगी विकास कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति

## सक्षम लोग उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों में कर सकते हैं मदद...

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** योगी सरकार राज्य के ऐसे सम्मानित नागरिकों को जो प्रदेश के बाहर देश के किसी अन्य राज्य में या फिर विदेश में प्रवास कर रहे हैं और अपनी मातृभूमि व प्रदेश के विकास में अपना योगदान देना चाहते हैं, उनके लिए "उत्तर प्रदेश मातृभूमि अर्पण योजना" क्रियान्वित करने जा रही है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के प्रवासी नागरिकों को एक उचित प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जाएगा, जिसके माध्यम से उन्हें प्रदेश में विकास कार्यों को करने में सहूलियत होगी। साथ ही उत्तर प्रदेश के वो नागरिक जो राज्य के बाहर या किसी दूसरे देश में रहते हैं और अपनी मातृभूमि के लिए विकास से जुड़े कुछ कार्य करना चाहते हैं वो सरकार के साथ मिलकर इसको अंजाम दे सकते हैं। योजना के तहत दानकताओं के द्वारा संबंधित कार्य के लिए दान की गई राशि जमा करवाने के 30 दिनों के अंदर संबंधित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति की कार्यवाही संबंधित जनपद के जिलाधिकारी द्वारा संपन्न कराई जाएगी एवं कार्य की प्रगति की रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत होने वाले कार्यों की पुनरावृत्ति किसी अन्य योजना के माध्यम से न हो, यह तकनीक के प्रयोग (जियो टैगिंग आदि से) द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही दान की जा रही राशि को योजना के तहत खुलवाए गए एस्क्रो अकाउंट में ही जमा कराया जाएगा।

**40 प्रतिशत राशि देगी राज्य सरकार:** नगर विकास एवं उर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार विकास कार्यों में तेजी लाने के साथ ही आधुनिक तकनीक के प्रयोग से कार्यों में गुणात्मक सुधार पर जोर दे रही है। जैसे कि उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग देश के विभिन्न शहरों व विदेशों में रहकर उन क्षेत्रों में व्यापक विकास कार्य कर वहां की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं। देश के विभिन्न नगरों में निवास कर रहे एवं देश से बाहर रह रहे ऐसे सुविधा संपन्न लोग अपनी मातृभूमि व नगर के विकास में भी अपना योगदान देना चाहते हैं, लेकिन कोई व्यवस्थित प्लेटफॉर्म उपलब्ध न होने की वजह से वांछित स्तर का सहयोग व योगदान प्रदान नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे लोगों का विकास कार्यों में सहयोग लेने के लिए ही प्रदेश सरकार ने "उत्तर प्रदेश मातृभूमि अर्पण योजना" के क्रियान्वयन के लिए कदम बढ़ाया है।

क्रियान्वित

• नगरीय निकायों में विकास कार्य की लागत की 60% राशि वहन करने पर 40% राशि खर्च करेगी राज्य सरकार

